निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 156 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी लेफ्टिनेंट कर्नल उपाधि






## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग आदिवासी युवक का जंगल में मिला अधजला शव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग आदिवासी युवक की बर्बरता पूर्वक हत्या कर उसके शव को जलाने का मामला सामने आया है। 20 वर्षीय सोमरा कुजूर का शव उसके गांव के पास ही स्थित जंगल से अधजले अवस्था में बरामद किया गया है। जब पुलिस ने शव को बरामद किया तो मृतक के अधजले शरीर पर चोटे के निशान दिखाई दिए, जो लाठी और डंडों जैसे प्रतीत हो रहे थे। दिव्यांग युवक की हत्या के बाद ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, डीएसपी अशोक कुमार राम, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय घटनास्थल पहुंचे।

### अंधविश्वास के चक्कर में वृद्ध के कान काटे

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के रक्सी चेड़ीखाप गांव में ओझा-गुनी का आरोप लगाकर एक वृद्ध पर हमला किया गया। हमलावरों ने धारदार हथियार से वृद्ध का कान काट दिया। पीड़ित के पुत्र ने पुलिस को बताया कि गांव के चार लोग सीताराम राय, गौतम कुमार राय, उत्तम कुमार राय और मध्यम कुमार राय उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। उन्होंने पिता के कान को धारदार हथियार से काट दिया। गंभीर रूप से घायल को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### महिला की गला रेतकर हत्या

**गोड्डा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में 65 वर्षीय महिला सोना भानु खातून की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला अपनी चार साल की पोती के साथ घर में अकेली सोई हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार सुबह जब महिला देर तक नहीं उठी तो ग्रामीणों ने घर जाकर देखा तो सोना भानु खातून मृत मिलीं, जिनके गले पर धारदार हथियार से कटे का निशान था।

### आरबीपीआर ड्राइवर की फंदे से लटकी मिली लाश

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पतरातू बाजार के पास पीवीयूएनएल के अधीन आरबीपीआर कंपनी के ड्राइवर सत्यदेव की लाश फंदे से लटकी मिली। इस घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक सत्यदेव अविवाहित थे। पीवीयूएनएल के तहत आरबीपीआर कंपनी कंस्ट्रक्शन का काम करती है। सत्यदेव के पिता चंद्र साव ने बताया कि उनके बेटे को कोई तनाव नहीं था और वह पूरी तरह स्वस्थ था। पतरातू पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

# एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य आयोजन कर राज्य को दिलाएं अलग पहचान : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें छह दक्षिण एशियाई देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के एथलीट हिस्सा लेंगे। करीब 300 अंतरराष्ट्रीय एथलीट, कोच और तकनीकी पदाधिकारी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। आज पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक ने सीएम हेमंत सोरेन से शिष्टाचार



मुलाकात कर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। समारोह 24 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से आयोजित होगा। इसका आयोजन राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगा। इस मौके पर खेल मंत्री ने रांची में आयोजित हो रहे सैफ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों से संबंधित जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करता आ रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रांची में आयोजित होना पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इसका भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो ताकि खेल के क्षेत्र में हमारे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान स्थापित हो सके। बता दें कि इस आयोजन से झारखंड के खिलाड़ियों में भी जबरदस्त उत्साह है। स्थानीय खेलप्रेमी भी खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक हैं। आयोजन समिति को उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट से न केवल खेल को बढ़ावा मिलेगा बल्कि झारखंड की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी। खेल प्रेमियों को अब 24 अक्टूबर का इंतजार है, जब रांची के मोरहाबादी स्टेडियम में सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन होगा।

# झारखंड में इस वर्ष संपन्न होंगे निकाय चुनाव : जानकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव ने घोषणा की है कि राज्य में नगर निकाय चुनाव दिसंबर से जनवरी माह तक सम्पन्न कर लिए जाएंगे। उन्होंने बुधवार को कोडरमा के डोमचांच में एक निजी कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव पिछले पांच वर्षों से लंबित है। यह देरी मुख्य रूप से पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर उत्पन्न हुई थी। बीते 14 अक्टूबर को झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को तीन सप्ताह के भीतर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने का सख्त निर्देश दिया था। सरकार ने अदालत को बताया था कि वह चुनाव के लिए तैयार है, 'ट्रिपल टेस्ट' पूरा हो चुका है और इसकी रिपोर्ट भी तैयार है। साथ ही राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति भी कर ली गई है। हालांकि



सरकार ने इसके लिए तीन माह का समय मांगा था जिसे हाई कोर्ट ने सीधे तौर पर अस्वीकार कर दिया था। डोमचांच में अपने दौरे के दौरान अध्यक्ष जानकी यादव से ओबीसी समुदाय के लोगों ने मुलाकात की। उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की मांग की। इस मांग पर जानकी यादव ने विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने दोहराया कि अब राज्य में निकाय चुनाव में किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं है और चुनाव तय समय सीमा में सम्पन्न होंगे।

# शहर में मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** महापर्व छठ को लेकर ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने ट्रैफिक का प्लान जारी कर दिया है। छठ पूजा 27 और 28 अक्टूबर को मनायी जाएगी। छठ पूजा के दौरान सड़कों पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए रांची के ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। छठ पूजा के मौके पर बड़ी संख्या में लोग भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए तालाब और नदियों में जाते हैं। इसे लेकर रांची ट्रैफिक पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके तहत 27 अक्टूबर की सुबह आठ बजे से रात 11 बजे तक और अगले दिन 28 अक्टूबर सुबह दो बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक शहर में मालवाहक और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इसके तहत निर्धारित समय में मालवाहक और भारी वाहन रिंग रोड होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। इससे संबंधित आदेश बुधवार को ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार छठ महापर्व के मौके पर घाटों में बड़ी संख्या में लोग वाहन से पहुंचते हैं। उनके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं घाट जाने के लिए मार्ग भी निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 25 से ज्यादा स्थानों पर ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक जवानों को तैनात किया जाएगा।

# जेसीबी और ट्रैक्टर में लगाई गई आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बेतर गांव में निर्माणाधीन एक निजी कॉलेज में काम कर रहे एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर में आग लगा दी गई। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना को नक्सलियों ने अंजाम दिया या अपराधियों ने। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बीती रात अज्ञात लोग अचानक कॉलेज परिसर में घुस आए और वहां खड़ी जेसीबी और ट्रैक्टर में आग लगा दी। कुछ ही देर में आग भड़क गई और दोनों वाहन पूरी तरह से इसकी चपेट में आ गए। वाहनों में आग लगते देख पुलिस को सूचना दी गई। बेतर गांव स्थित पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिस अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक अपराधी भाग चुके थे। कॉलेज परिसर में काम कर रहे मजदूरों और अन्य लोगों ने पानी और बालू डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके थे। सूत्रों से पता



चला है कि नक्सली कुछ समय से रंगदारी मांगने की धमकियां दे रहे थे। हालांकि घटना के बाद कोई पर्चा या पोस्टर नहीं फेंके जाने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना को किसने अंजाम दिया। लातेहार के डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि घटना को किसने अंजाम दिया, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना में जो लोग भी शामिल हैं, पुलिस उन्हें जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी चंदवा के पास एक कोयला लोडिंग साइट पर फायरिंग कर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में विश्वनाथ उरांव (डोला सुग्दा, इटकी, रांची), फुलचंद खलखो (कोलाम्बी, नगड़ी, रांची), तुलसी मुण्डा (पंडरा, बहेराटोला, बेडो, रांची), तनवीर अंसारी (कांठीटांड़, रातू, रांची) और संदीप यादव (सेहल, तेतरटोला, घाघरा, गुमला) शामिल हैं। इनके पास से दो देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह जानकारी एसपी कुमार गौरव ने दी। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार राहुल सिंह गिरोह के सदस्य चंदवा के परसही डगडगी पुल के पास इकट्ठा होकर टोरी रेलवे स्टेशन के पास रंजीत गुप्ता के कोयला लोडिंग स्थल पर गोलीबारी कर रंगदारी वसूलने की साजिश रच रहे थे। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से पांचों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि आपराधिक गिरोहों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उनके हथियार सप्लाई नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधी संदीप यादव कुछ महीने पहले टोरी कोयला साइडिंग और बोरसीदाग के पास एनएच सड़क निर्माण में हुई गोलीबारी की घटना में भी शामिल था।

# बाजारों में सूप, दउरा और पूजन सामग्रियों की बिक्री शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूरे राज्य में महापर्व छठ की तैयारी शुरू हो गई है। सूर्य उपासना का यह चार दिवसीय पावन पर्व झारखंड की आस्था और परंपरा का प्रतीक माना जाता है। रांची समेत पूरे राज्य में छठ पूजा की रौनक दिखने लगी है। बाजारों में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है और छठ घाटों की सफाई का काम भी तेज हो गया है। इस बार छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ होगी। इसके साथ ही चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व की औपचारिक शुरुआत हो जाएगी। अगले दिन खरना, उसके बाद शाम का अर्घ्य और फिर सुबह का अर्घ्य के साथ पर्व का समापन होगा। नहाय-खाय के साथ ही व्रती पूरी शुद्धता के साथ व्रत की शुरुआत करते हैं। राजधानी रांची में इन दिनों बाजारों में छठ से जुड़ी सामग्रियों की बिक्री जोरों पर है। बकरी बाजार, धुर्वा बाजार, चुटिया बाजार, अपर बाजार और हरमू बाजार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में छठ सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। बाजारों में सूप, दउरा, बांस की टोकरी बाजार में उपलब्ध है।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


# छठ पूजा के दौरान महिला सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धा और आस्था के इस पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। बुधवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने शहर के कई प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कांके डैम और राजभवन के समीप स्थित हटानिया तालाब का विशेष रूप से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम छठ घाटों के पूर्ण प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार



की परेशानी न हो। सभी घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, लाइटिंग, अस्थायी शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर एसएसपी राकेश रंजन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के दौरान महिला सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता में है। श्रद्धालु महिलाएं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और होमगार्ड की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग और निगरानी के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि सभी प्रमुख घाटों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी ताकि आने-जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट और पार्किंग स्थलों की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही ड्रोन की मदद से भीड़ की निगरानी की जाएगी। इधर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने छठव्रतियों से अपील की कि वे पूजा के दौरान बच्चों को असुरक्षित और गहरे पानी वाले हिस्सों में जाने से रोके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कोशिश है कि इस बार का छठ पर्व शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोंडा डैम, हटानिया तालाब, कडरू तालाब और धुर्वा डैम समेत कई दूसरे घाटों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निगम अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी घाटों पर लाइटिंग, पेयजल, बैरिकेडिंग और सफाई व्यवस्था जल्द पूरी की जाए। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त और एसएसपी के निरीक्षण के बाद नगर निगम और पुलिस विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। वही प्रशासन का दावा है कि इस बार रांची में छठ पूजा पूर्ण रूप से सुरक्षित, स्वच्छ और शांतिपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी।

## छठ पर्व को लेकर हजारीबाग में व्यापक सफाई अभियान

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संभाली कमान

नवीन सिन्हा



**हजारीबाग।** आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, हजारीबाग की ओर से आज 22 अक्टूबर को व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में इंद्रपुरी चौक स्थित छठ तालाब परिसर से शुरू हुआ, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अभियान के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं छठ घाट एवं तालाब परिसर में पहुंचकर सफाई कार्य में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जलाशयों की स्वच्छता केवल पर्व-त्योहारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जन आंदोलन के रूप में निरंतर जारी रखना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि ह्लहजारीबाग की झीलें और तालाब हमारी अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।ह्व उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों के जलाशयों की सफाई और संरक्षण में सक्रिय योगदान दें। इस दौरान नागरिकों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की और क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि तालाबों के आसपास अवैध दुकानों को हटाया जाए, ताकि गंदगी की समस्या से मुक्ति मिल सके। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक उपयोग पर रोक लगाने और घरों से निकलने वाले गंदे पानी को तालाबों में जाने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिए। सफाई अभियान में नगर आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, सदर एसडीओ, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम कर्मी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य, स्थानीय नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रशासन ने बताया कि छठ पर्व के दौरान सभी छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस तैयारी की

## चरही में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में भीषण आग, छह लाख से अधिक का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चरही।** चरही स्थित आकाशगंगा परिसर में सोमवार रात भारत इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

दुकान संचालक मोहम्मद कुदुस अंसारी (41 वर्ष), पिता बहाउद्दीन अंसारी, निवासी ग्राम अंसारी टोला (थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़) वर्तमान में कजरी, थाना चरही, जिला हजारीबाग में रहते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। लगभग 9:55 बजे उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है।

सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया था। स्थानीय लोगों, पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद देर रात करीब 2:30 बजे आग पर काबू पाया गया। आगजनी में दुकान में रखे 14 वॉशिंग मशीन, 20 कूलर, 8 फ्रिज, 10 पेटी सीलिंग फैन, मिक्सी, वायरिंग तार, इनवर्टर-बैटरी, इंडक्शन कुकर, छएऊळ्ळ, एग्जॉस्ट फैन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। मोहम्मद कुदुस ने बताया कि वे पिछले छह वर्षों से यह दुकान घनश्याम कुमार महतो (ग्राम सरवाहा, थाना चरही) से किराए पर चला रहे थे। इस अग्निकांड में उनका अनुमानित नुकसान करीब 6 से 6.5 लाख रुपये बताया जा रहा है।

## पाटन थाना पुलिस ने किया नाबालिग युवती की हत्या का खुलासा, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग युवती की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने पुलिस के अधीक्षक सभागार में जानकारी देते हुए बताया कि पाटन थाना क्षेत्र में 16 अक्टूबर को रात करीब 8 बजे नाबालिग युवती अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने के बाद 17 अक्टूबर की शाम करीब 4.30 बजे युवती का शव बगल के तालाब में बरामद किया गया। इसके बाद पाटन थाना कांड संख्या-178/2025 दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक जांच टीम का गठन किया गया।

### आरोपी को किया गया गिरफ्तार, कबूला जुर्म

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सख्ती से पूछताछ किया तो आरोपी अरुण कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी प्रेमी ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात को उसने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की लेकिन युवती ने विरोध किया। इसपर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को तालाब में फेंक दिया।अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका का टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल, हवाई चप्पल व हत्या में इस्तेमाल किए गए आरोपी के कपड़े बरामद कर लिया है। प्रेस वार्ता में पाटन थाना प्रभारी शशि शेखर पाण्डेय, ओपी प्रभारी सह अनुसंधानकर्ता एएसआई निलेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## यम द्वितीया (भईया द्विज) व चित्रगुप्त पूजा है आज, यमघंट समाप्त, शुभ कार्यों के लिए सुदिवस शुरू : पं. गोपाल मिश्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** यम द्वितीया व भ्रातृ द्वितीया (भैया दूज) तथा चित्रगुप्त पूजा गुरुवार कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाई जाएगी। उक्त बातें स्थानीय शांतिपुरी रोड नंबर 10 व रातू रोड काठीटांड के विंध्यवासिनी नगर निवासी पं. गोपाल मिश्रा ने कही। उन्होंने बताया कि भैया दूज में बहने अपने भाई की लंबी उम्र, रोग व्याधि से रहित एवं सुख-संपन्नता के लिए गोधन (गोवर्धन कुटाई) करती हैं। ऐसी मान्यता है कि गोवर्धन कुटी में यमराज जो मृत्यु के देवता है, उनसे अकाल मृत्यु न हो इसके लिए विशेष प्रार्थना करती हैं।

तेज धार वाले (सहस्त्र काटा) रंगईनी के कांटा अपने जीह्वा पर गड़ाकर भाइयों की रक्षा के लिए स्वयं कष्ट सहन करके यमराज से विनती करती हैं कि उनके भाई की उम्र लंबी व सर्वसंपन्नता बनी रहे। इसी दिन से जमघट की निवृत्ति हो जाती है अर्थात शुभ कार्यों के लिए गुरुवार से ही सुदिवस प्रारंभ हो जाएगा। कायस्थ समुदाय भी भाई दूज के दिन चित्रगुप्त पूजा करते हैं। चित्रगुप्त जी को मृत्यु के देवता, यमराज जी के सहायक के रूप में जाना जाता है। साथ ही यह भी माना जाता है कि चित्रगुप्त जी समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। इस दिन कलम व दवात की भी पूजा की जाती है।

### आदिवासी सोहराय जतरा मेला का विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया शुभारंभ, कहा

## 'सोहराय पर्व हमारी संस्कृति व सामूहिकता का प्रतीक'

नवीन सिन्हा



**हजारीबाग।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत जमुआरी में आयोजित आदिवासी सोहराय जतरा मेला का उद्घाटन हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। मेला में शामिल बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य, ढोल-मांदर की थाप और जनजातीय लोकगीतों के माध्यम से झारखंड की लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सोहराय पर्व केवल पशुधन का पर्व नहीं, बल्कि यह कृषि, परिश्रम, सामूहिकता और जीवन की एकता का उत्सव है। यह पर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और समाज में भाईचारे तथा सामूहिक भावना को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति परिश्रम, प्रकृति और परंपरा पर आधारित है। यहाँ की मिट्टी में मेहनत की खुशबू और लोकजीवन में अपनत्व की मिठास बसती है।

विधायक ने कहा, 'सोहराय जतरा मेला झारखंड की आत्मा, अस्मिता और लोकजीवन का जीवंत प्रतीक है। हमारी पहचान तब तक सुरक्षित है जब तक हमारी संस्कृति जीवित है।' उन्होंने स्थानीय कलाकारों, सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीण युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल समाज को जोड़ते हैं बल्कि झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रदीप प्रसाद ने एक कार्यकर्ता के आवास पर जाकर झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया और कहा कि 'झारखंड के पकवान हमारी लोकसंस्कृति की आत्मा हैं — इनमें मेहनतकश समाज की सादगी, सम्मान और एकता की झलक है।'

उन्होंने सभी ग्रामवासियों, आयोजकों और प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे सदैव झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण विकास और सामाजिक सौहार्द को सशक्त करने के लिए समर्पित रहेंगे।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कविन्द्र यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, भाजपा नेता निरंजन यादव, कल्लू राम, दीपक यादव, राजेन्द्र यादव, सुमन राय, अजय बाँडु, बिरसा उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अंत में कहा कि 'हजारीबाग की भूमि सदियों से सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता की प्रतीक रही है। हमारा संकल्प है कि इस परंपरा को हम सहेजें और इसे नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।'

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत शिवपुरी कृष्णानगर से 22वां जत्था चारधाम के लिए रवाना

■ सांसद मनीष जायसवाल ने दी पांव पखारकर विदाई, पुष्पवर्षा कर दी आशीर्वादपूर्ण विदाई

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के अंतर्गत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों को पंचायतवार चारधाम की यात्रा कराई जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की शाम को हजारीबाग नगर क्षेत्र स्थित शिवपुरी से सटे कटकमसांडी प्रखंड के कृष्णानगर मंदिर प्रांगण से 22वां जत्था श्रद्धा और उल्लास के साथ रवाना हुआ।

इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने स्वयं उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों के पांव पखारकर एवं पुष्पवर्षा कर उन्हें उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों— काशी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल की यात्रा के लिए शुभकामनाओं सहित रवाना किया।

इस यात्रा में कृष्णानगर और कटकमदाग क्षेत्र के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने ढोल-ताशे, गाजे-बाजे और भगवा ध्वज के साथ जयकारा लगाते हुए तीर्थयात्रियों को श्रद्धा और उत्साह से विदा किया।

तीर्थयात्रियों को हजारीबाग यूथ विंग की ओर से फलाहार, पेयजल और भगवा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रामगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, विनोद झुनझुनवाला, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, रेणुका साहू, जीवन मेहता, इन्द्रनारायण कुशवाहा, बीरेंद्र कुमार बीरू, प्रेमचंद राम, कृष्णा मेहता, लबु गुप्ता, दीपू यादव, रंजन चौधरी, रामकुमार मेहता, प्रकाश कुशवाहा, राकेश कुमार सिंह, अशोक राणा, महावीर सिंह, बिजुल देवी, दुर्जय प्रसाद, दीपक मेहता, मिथलेश सिंह, सरोज सिंह, दिलीप मिश्रा, विजय मिश्रा, दिलीप कुमार रवि, रामस्वरूप ओझा, राधा देवी, साधना देवी, सुनील सिंह, आशेष सिन्हा, चंद्रप्रकाश जैन, जयप्रकाश खंडेलवाल, विकास तिवारी, प्रमोद खंडेलवाल, प्रज्ञा कुमारी, विवेक तिवारी, खुशी कुमारी, संजय कुमार, संजय सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, 'मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि ईश्वर ने मुझे अपने क्षेत्र के बुजुर्गों की सेवा और तीर्थाटन कराने का अवसर दिया है। जब तक जीवित रहूंगा और सक्षम रहूंगा, तब तक अपने क्षेत्र के हर बुजुर्ग के सपने को बेटा बनकर साकार करने का प्रयास करता रहूंगा। यह तीर्थ दर्शन महाअभियान निरंतर जारी रहेगा।'

## चौपारण में वार्ड सदस्य पर जानलेवा हमला, ग्रामीणों में आक्रोश, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के डेबो पंचायत के वार्ड संख्याझ03 के वार्ड सदस्य रामदेव यादव (पिता दुखी यादव, ग्राम डेबो, पोस्ट रामपुर) पर सोमवार की सुबह कुछ दबंगों ने लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल वार्ड सदस्य को इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

इस संबंध में पीड़ित ने चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पूर्व पासवान मोहल्ला में दो भाइयों के बीच विवाद को लेकर पंचायत बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें वे पंच के रूप में शामिल थे। उसी दौरान मनु रविदास (पिता रामेश्वर राम, ग्राम कोरियाडीह) ने उनके साथ गाली-गलौज और धमकी दी थी। इस पर उन्होंने 21 सितंबर 2025 को चौपारण थाना में सनहा दर्ज कराया था। रामदेव यादव ने बताया कि सोमवार 21 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे जब वे शौच कर घर लौट रहे थे, तभी मनु रविदास, रवि रविदास, दीपक रविदास (तीनों पुत्र रामेश्वर रविदास), गौतम रविदास (पिता विनोद रविदास), करण रविदास (पिता इंद्रदेव रविदास) एवं सुनील रविदास (भांजा दशरथ रविदास) लाठी-डंडे से लैस होकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से उनकी जान बची। पुलिस को उन्होंने लिखित आवेदन अपने हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर (8521788572) के साथ सौंपते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने घायल वार्ड सदस्य के परिवार से मुलाकात की और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी से मिलकर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक ने कहा, 'वार्ड सदस्य पर हमला लोकतंत्र के मूल स्वरूप पर हमला है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'

## गंदे पानी की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के चेड्रा पंचायत अंतर्गत अखाड़ा चौक से अंबेडकर चौक तक फैली गंदे पानी की समस्या ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लंबे समय से बह रहे गंदे पानी से सड़क पर आवागमन मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा लगातार इस मार्ग पर गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे दुर्गंध और गंदगी फैल गई है। कई बार विरोध करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। विरोध करने वालों को उल्टा गाली-गलौज तक झेलनी पड़ी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कई बार समझाने और समाधान के प्रयास किए गए, लेकिन कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया। अंततः ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

आज प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति में समस्या स्थल का निरीक्षण किया गया और संबंधित लोगों को सख्त हिदायत दी गई। इस मौके पर मुन्नी देवी, दीपाली देवी, कल्पना देवी, सुरेश राम, गणेश पासवान, किशोर पासवान सहित अंबेडकर चौक के अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सभी के सहयोग व समर्पण से पलामू जिला कृषक मित्र संघ चलता है : रंजन दुबे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ संगठन निरंतर कृषक मित्रों के साथ किसानों के हक में पूरी जवाबदेही के साथ कर रहा काम

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पाटन प्रखंड के कृषक मित्र संघ की बैठक बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता मुकेश सिंह व संचालन नॉलेस सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू जिला कृषक मित्र संघ के अध्यक्ष रंजन दुबे, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी, जिला प्रवक्ता तनवीर आलम, जिला महामंत्री आनंद सिंह उपस्थित हुए।

मौके पर जिला अध्यक्ष रंजन दुबे ने कहा कि संगठन रीढ़ की हड्डी है। सभी कृषक मित्रों को मिलकर अपना हक व अधिकार लेना है। किसानों को हक दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। पलामू जिला का संगठन झारखंड में सबसे बेहतर संगठन है। यह आप सभी के संगठन के प्रति समर्पण व सहयोग की बदौलत चल रहा है। यही कारण है कि संगठन निरंतर कृषक मित्रों के साथ-साथ किसानों के हक में पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है। कहा कि सरकार ने उन्हें 15 वर्षो से सिर्फ प्रोत्साहन राशि पर काम करा रही है। जबकि किसान मित्र आज कृषि विभाग के सारे काम धरातल पर कर रहे हैं। लेकिन सरकार ने सिर्फ धोखा देने का काम किया है। अब वे सभी कृषक मित्र न्यायालय के शरण में जा रहे हैं। सुधांशु सिंह बनें कृषक मित्र संघ के पाटन प्रखंड अध्यक्ष व अजय सिंह सचिव पाटन प्रखंड में जिला अध्यक्ष की निगरानी में कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सुधांशु सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, जय साह उपाध्यक्ष, अजय कुमार सिंह सचिव, कमलेश मेहता कोषाध्यक्ष, हरि नारायण शुक्ला उपसचिव, बीरबल अंसारी महासचिव, धनंजय कुमार सिंह महामंत्री व विनोद प्रजापति को कमेटी का संरक्षक बनाया गया। प्रखंड के सभी कृषक मित्रों ने आपसी सहमति से कमेटी गठन किया। कार्यक्रम में मुकेश सिंह, अनिरुद्ध महतो, सत्येंद्र यादव, अरविंद सिंह, संतोष तिवारी, उपेंद्र सिंह, अमरनाथ सिंह, सुरेंद्र पासवान, ललन सिंह, अमरिंदर सिंह, कामता प्रसाद, प्रमोद सिंह, महेंद्र सिंह, मुजिबुल अंसारी, अविनाश सिंह, सुकुल मियां, नवीन सिंह सहित दर्जनों कृषक मित्र मौजूद थे।

## छठ पर्व की तैयारियों को लेकर चौपारण प्रशासन सतर्क, अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चौपारण (हजारीबाग)।** आगामी छठ महापर्व को लेकर चौपारण प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों और तालाबों का निरीक्षण चौपारण के अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव ने सभी पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि छठ घाटों की पूरी सफाई कराई जाए तथा जलाशयों में जमा कचरा और खरपतवारों को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि 'छठ व्रत आस्था और स्वच्छता का पर्व है, इसलिए सभी घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।'

थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और स्वयंसेवकों से सहयोग की अपील की।

प्रशासनिक टीम ने चौपारण प्रखंड के कई पंचायतों में स्थित प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और जलस्तर की निगरानी का कार्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें और छठ पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाएं।

# छठ पर घर लौटने की होड़: रांची स्टेशन और एयरपोर्ट पर उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** महापर्व छठ नजदीक आते ही बिहार जाने वालों की भीड़ रांची रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट दोनों जगह उमड़ पड़ी है। हर साल की तरह इस बार भी छठ पर घर लौटने की हड़बड़ी साफ नजर आ रही है। हटिया-पटना, वंदे भारत, जनशताब्दी, मौर्य एक्सप्रेस जैसी सभी प्रमुख ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना नामुमकिन हो गया है। हर श्रेणी में लंबी वेटिंग लिस्ट यात्रियों की परेशानी बढ़ा रही है। रेलवे ने अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है, लेकिन मांग इतनी अधिक है कि ये प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में रांची रेल मंडल से पटना के लिए करीब आधा दर्जन ट्रेनें चलेंगी, फिर भी किसी में सीट खाली नहीं है। हटिया-पटना ट्रेन में स्लीपर क्लास की वेटिंग 99, थर्ड एसी में 63 और टूएसी में 26 तक पहुंच चुकी है। रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन के चेयरकार में 58 और एग्जीक्यूटिव क्लास में 13 वेटिंग टिकट हैं। जनशताब्दी में टूएस क्लास की वेटिंग 200 और चेयरकार में 37 दर्ज की गई है।

**हर ट्रेन में वेटिंग लिस्टों का अंबार**

रांची-पाटलीपुत्रा एक्सप्रेस में स्लीपर की वेटिंग 71, थर्ड एसी की 30 और टूएसी की 15 है। वहीं, रांची-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस में स्लीपर में 57, थर्ड एसी में 43 और टूएसी में 10 वेटिंग टिकट हैं। रांची-आरा ट्रेन की स्थिति तो और भी गंभीर है, स्लीपर क्लास में 118 वेटिंग है, जबकि थर्ड एसी और टूएसी में टिकट मिलना लगभग असंभव हो गया है। राउरकेला-जयनगर ट्रेन में स्लीपर में 142 और थर्ड एसी में 87 वेटिंग टिकट दर्ज हैं। 25 अक्टूबर को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में भी स्लीपर क्लास में 47 और थर्ड एसी में 11 वेटिंग टिकट हैं।

**बसों और फ्लाइटों में भी बढ़ी भीड़**

ट्रेन टिकट न मिलने के कारण अब लोग बस और फ्लाइट को विकल्प बना रहे हैं। बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है, वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों की संख्या सामान्य से कई गुना अधिक है। ट्रैवल एजेंसियों और बस ऑपरेटरों ने किराया बढ़ा दिया है, लेकिन इसके बावजूद सीट मिलना मुश्किल हो गया है।

**रेलवे के प्रयास जारी, फिर भी राहत नहीं**

रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। बावजूद इसके ट्रेनों में बर्थ नहीं मिल रही है। अधिकारियों का कहना है कि हर साल छठ के समय यही स्थिति बनती है, जब बिहार और झारखंड के लोग अपने घर लौटने के लिए एक साथ निकल पड़ते हैं।

**स्टेशन से एयरपोर्ट तक छठ की रौनक**

रांची रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और एयरपोर्ट, तीनों जगहों पर चहल-पहल है। हर प्लेटफॉर्म पर यात्री अपने परिवार के साथ लगेज लिए खड़े नजर आ रहे हैं।

# दिवाली पर यूपीआइ का धमाका अक्टूबर में बना नया रिकॉर्ड

**एनपीसीआइ के मुताबिक, अक्टूबर में अब तक यूपीआई के जरिये प्रतिदिन औसतन 69.5 करोड़ लेनदेन हुए हैं, जो सितंबर महीने से 6 प्रतिशत अधिक है।**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली पर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) ने नया रिकॉर्ड बनाया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइ) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में यूपीआई से औसत दैनिक लेनदेन बढ़कर 94,000 करोड़ रुपये हो गया, जो सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। एनपीसीआइ के मुताबिक, इस महीने अब तक यूपीआई के जरिये प्रतिदिन औसतन 69.5 करोड़ लेनदेन हुए हैं, जो सितंबर के 65.14 करोड़ के रिकॉर्ड से 6 प्रतिशत अधिक है। 20 अक्टूबर तक UPI ने दैनिक लेनदेन मूल्य में 1 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छह बार पार कर लिया था, जो पिछले महीने दर्ज किए गए ऐसे दिनों की संख्या से दोगुना है। त्योहारों के मौसम ने डिजिटल लेन-देन को जोरदार बढ़ावा दिया है। उपभोक्ता यात्रा, खरीदारी और उपहारों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दिवाली की पूर्व संध्या पर यूपीआई ने एक ही दिन में रिकॉर्ड 74 करोड़ लेन-देन किए, जो त्योहारी भुगतानों में आई तेजी को दर्शाता है। आंकड़ों के मुताबिक, महीने में एक हफ्ते से ज्यादा समय बचा है और दिवाली के आसपास त्योहारी खर्च और हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर (GST) दरों में कटौती के चलते UPI अब तक का अपना सर्वोच्च मासिक प्रदर्शन दर्ज करने की ओर अग्रसर है। भारत के लगभग 85 प्रतिशत ऑनलाइन लेनदेन को संभालने वाला यूपीआई देश के फिनटेक इकोसिस्टम की रीढ़ के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

**अक्टूबर में नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद**

UPI के कुल मासिक मूल्य में 28 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है, जो 25 लाख करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ देगा। यह भारत के प्रमुख पेमेंट प्लेटफॉर्म के लिए हाल के वर्षों में सबसे तेज मासिक वृद्धि होगी। आमतौर पर, महीने के मध्य तक दैनिक लेनदेन मूल्य लगभग 60,000 करोड़ रुपये तक गिर जाता है। हालांकि, जोरदार त्योहारी गतिविधियों और छूटों के साथ-साथ GST दरों में कटौती ने अक्टूबर में UPI मूल्यों को ऊंचा बनाए रखा है।

# सामाजिक समरसता का प्रतीक है छठ पूजा, दलित समाज के लोग तैयार कर रहे सूप और दउरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। इस पर्व में सूप और दउरा की मांग सबसे अधिक होती है। इसे देखते हुए तुरी जाति के लोग दिन-रात मेहनत कर सूप और दउरा बनाने में जुटे हुए हैं। आमतौर पर जंगलों में बसने वाले तुरी समुदाय के लोग पारंपरिक तौर पर बांस से सूप और दउरा बनाते हैं। हालांकि उनकी आमदनी कम हुई है, लेकिन छठ जैसे महापर्व को लेकर इसकी महत्ता को देखते हुए तकरीबन हर तुरी परिवार सूप और दउरा के निर्माण में जुटा हुआ है। यहां के बने सूप पूरे झारखंड-बिहार में बिक्री की जाती है। हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड के स्थित कोनहरा कला गांव में तुरी समाज के लोग छठ पर्व में उपयोग होने वाले सूप और दउरा बनाने में जुट गए हैं। परंपरागत रूप से बांस से बनने वाले सूप और दउरा बनाने की तैयारी तीन माह पहले से ही शुरू हो जाती है। कारीगर बताते हैं कि आधुनिकता के इस दौर में भी सूप और दउरा पूरी तरह हाथों से ही बनाए जाते हैं, क्योंकि इन्हें बनाने में मशीनें काम नहीं आतीं।

**सूप और दउरा की कीमत**

एक जोड़ी सूप की कीमत बाजार में 200 से 300 रुपये तक मिलती है, जबकि एक दउरा 150 से 200 में बिकता है। स्थानीय कारीगर सहोदरी देवी बताते हैं कि छठ में सूप की भारी मांग रहती है। कई श्रद्धालु घरों तक आकर सूप और दउरा खरीद ले जाते हैं। छठ पूजा में इनका विशेष महत्व है। आपको बता दें कि इन कारीगरों की मेहनत से जहां परंपरा जीवित है। इनके हाथों की कला आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही है। बस्ती के करीब एक दर्जन परिवार के लोगों द्वारा सूप और दउरा बनाया जा रहा है।

**ऐसे तैयार किया जाता है सूप और दउरा**

कच्चे बांस को पतले-पतले टुकड़ों में काट कर और टुकड़ों को एक-दूसरे से जोड़ते हुए उसे सूप, दउरा, पंखा आदि के शक्ल देने और रंग-रोगन कर चटक बनाने में दलित बस्ती के लोगों की कलाकारी काबिले तारीफ है। सबसे बड़ी खासियत तो यह है कि छठ पर्व में काम आने वाला सूप, दउरा और महावर सामाजिक समरसता की डोर को मजबूत करता है।

# दिव्यांग के साथ पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** जिले में एक 20 वर्षीय युवक ने गांव की ही नाबालिग दिव्यांग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरा मामला दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है, जहां 13 - 14 साल की एक दिव्यांग आदिवासी किशोरी के साथ उसके गांव के ही एक 20 वर्षीय युवक ने दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के पिता ने मुफस्सिल थाना में जो आवेदन दिया है उनके अनुसार उसकी पुत्री बोल-सुन नहीं सकती है और न ही ठीक ढंग से चल सकती है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि जब वह और उनकी पत्नी अपने-अपने काम से घर से बाहर गए थे और उनकी बेटी घर में अकेली थी। उस वक्त गांव का ही युवक उसके घर में घुस गया। इधर, अचानक जब वे घर में प्रवेश किये तो बेटी के चीखने की आवाज सुनी और देखा कि युवक कपड़े पहन कर भाग रहा है। यह देख पिता चिल्लाने लगे तो आसपास के कुछ ग्रामीण जुट गए। उन्होंने युवक को पकड़ लिया और थोड़ी पिटाई भी की। साथ ही पुलिस को सूचना दी।

# मेदिनीनगर नगर निगम में आरक्षण पर सबकी नजर 46.18% है ओबीसी आबादी; कई बड़े चेहरे तैयारी में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पलामू।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारी जोरों पर है। नेताओं का जनसंपर्क अभियान भी सक्रिय है। हालांकि राज्य के नौ नगर निगमों में आरक्षण की स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि कौन-सी सीट ओबीसी, एससी और एसटी के लिए रिज़र्व होगी। इसी बीच, पलामू का मेदिनीनगर नगर निगम राजनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसकी आरक्षण स्थिति पर सभी की नजरें टिकी हैं। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में ओबीसी आबादी 46.18 प्रतिशत है, जिसमें ओबीसी वन की आबादी 31.37% और ओबीसी टू की आबादी 14.82% है। नगर निगम चुनाव को लेकर कई बड़े चेहरे तैयारी में हैं। चर्चा में नामों में शामिल हैं – प्रथम मेयर अरुणा शंकर, पूनम सिंह, मनोज सिंह, शानू सिद्दकी, आशीष भारद्वाज, युगल किशोर चंद्रवंशी, धनंजय त्रिपाठी, मराज कुमार गुप्ता, प्रयाग चंद्रवंशी और तुलसी शुक्ला। आजसू नेता इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा, “ओबीसी वोटर महत्वपूर्ण हैं। राजनीति में किस नेता का चेहरा सामने आता है, यह देखना जरूरी होगा।” मेदिनीनगर क्षेत्र ओबीसी और सामान्य जाति की राजनीति का मजबूत गढ़ माना जाता है। वर्तमान विधायक आलोक चैरसिया ओबीसी समाज से आते हैं, जबकि पहली मेयर अरुणा शंकर भी ओबीसी समाज की रही हैं। सामान्य जाति के कई बड़े चेहरे भी नगर निगम चुनाव में सक्रिय रहते हैं। पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, हरिहरगंज और बिश्रामपुर नगर पंचायतों की आरक्षण स्थिति पर भी निगाहें हैं। कांग्रेस नेता मणिकांत सिंह ने कहा, “मेदिनीनगर नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण है। यदि यह ओबीसी आरक्षित होता है, तो स्थिति बदल सकती है। निगम क्षेत्र में ओबीसी नेताओं की संख्या कम है, ऐसे में आरक्षण से कुछ चेहरे हावी हो सकते हैं।” मेदिनीनगर नगर निगम में 35 वार्ड और 1.53 लाख से अधिक वोटर हैं। नगर निगम बनने के बाद पहला चुनाव दलगत आधार पर हुआ था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के मेयर और डिप्टी मेयर चुने गए थे। इस बार चुनाव दलगत आधार पर नहीं होंगे, जिससे एक ही पार्टी के कई उम्मीदवार मैदान में नजर आएंगे।

# युवक के साथ मारपीट और महिलाओं के साथ छेड़छाड़, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** थाना क्षेत्र के सतघरवा गांव में दीपावली की रात एक युवक अपने परिवार के साथ नाच देखने के बाद घर लौट रहा था, तभी बदमाशों ने उसे बांधकर पीटा। घटना के दौरान उसकी पत्नी और बहन के साथ पांच युवकों ने मिलकर छेड़छाड़ की। पीड़ित मंगलवार को घटना की जानकारी देने थाने जा रहा था, लेकिन रास्ते में आरोपियों ने उसे रोककर धमकी दी और वापस लौट जाने को कहा। इसके बावजूद वह बुधवार को थाने पहुंचा और थाना प्रभारी प्रभात कुमार को आपबीती बताई। थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों अरविंद कुमार (19), संतोष कुमार (19) समेत तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद जेल भेजा गया, जबकि तीन नाबालिगों को बाल सुधार गृह, हजारीबाग भेजा गया।

# एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह के समर्थन में विशाल जनसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के इमादपुर में बुधवार को दोपहर एनडीए का एक ऐतिहासिक और जनाकर्षक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा गौतम बुद्ध नगर के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह एवं संचालन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने किया। एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने भारी जनसमूह को संबोधित किया। सभा स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल पूरी तरह से एनडीए के रंग में रंगा नजर आया। वही सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों का बखान किया। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका लाभ आज घर-घर तक पहुंचा है। प्रमोद सिंह ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कर एनडीए सरकार को मजबूत किया जाएगा।साथ ही यूवा क्लब का गठन करते हुए हर क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रमोद सिंह ने कहा कि ये चुनाव विकास बनाम विघटन का है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास नीति है, तो दूसरी ओर परिवारवाद और अवसरवाद की राजनीति। जनता अब पूरी तरह जाग चुकी है और तीर छाप पर बटन दबाकर जवाब देगी।” सभा में शामिल जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, सरपंच दयानन्द प्रसाद दांगी, मुखिया संजय कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम से प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव,बिरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह,भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, भाजपा नेत्री संगीता प्रसाद, जदयू विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी, अर्जुन सिंह,प्रो संतोष सिंह, महामंत्री बालगोविंद साहू, शिवनारायण साव, शशिभूषण मिश्रा, चंदन कुमार,बरुण सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, चंदेश्वर भगत, समाजसेवी अरविंद सोनी, चुन्नू शर्मा,रामविलास पासवान, विजय कुमार यादव,भोला चौधरी, लूटन सिंह, रंधीर सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रिशु सिंह, विवेक कुमार, राहुल कुमार, आलोक कुमार, शुभम सिंह,अजय पासवान, प्रो संतोष कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह, मुकेश पासवान, मुकुल कुमार, सूरज कुमार के साथ हजारों लोग मौजूद रहे।

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो** । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार जिला स्वीप कोषांग जहानाबाद द्वारा 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र संख्या 85 एवं 86 (कुंडीला), 88 एवं 89 (कंसुआ) तथा मतदान केंद्र संख्या 10 पर व्यापक घर- घर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला स्वीप टीम ने स्थानीय ग्रामीणों एवं जीविका दीदियों से संवाद स्थापित कर आगामी 11 नवंबर 2025 को अपने-अपने नामित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।

# भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनें रखेंगी भाई दूज का व्रत

डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो जहानाबाद

दीपावली के 2 दिन बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाई दूज का त्यौहार आज धूमधाम से जिले में मनाया जाएगा। भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई दूज का त्यौहार भाई के प्रति बहन के स्नेह को भी अभिव्यक्त करता है। इस दिन बहनें अपने भाई की खुशहाली और लम्बी उम्र के लिए कामना करती हैं। भाई दूज को लेकर ऐसी मान्यता है कि जो भाई इस दिन बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और बहन के हाथों तिलक करवाता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है।

**भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनें करती हैं इस दिन पूजा**

भाई दूज के अवसर पर बहनें सुबह स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और गणेश जी की पूजा करती हैं । इस दिन भाई के हाथों में सिंदूर और चावल का लेप लगाकर उस पर पान के पांच पत्ते, सुपारी और चांदी का सिक्का रखती हैं फिर उनके हाथों पर कलावा बांधकर जल उड़ते हुए भाई की दीर्घायु होने के लिए भगवान से कामना करती हैं। पूजा के पश्चात भाई को माखन मिश्री या मिठाई से बहनें मुंह मीठा कराती हैं और अंत में उनकी आरती उतारती हैं। इस दिन बहुत से भाई अपनी बहनों के घर जाकर भोजन भी करते हैं और उन्हें कुछ उपहार स्वरूप भेंट करते हैं।


## पूर्व रेलवे

**एकल लिफाफा प्रणाली के सेवा ठेका में ई-निविदा के लिए निविदा सूचना संख्या: ईएलएस / एचडब्ल्यूएच / 10 / 544 / ईएमयू (खुली निविदा), दिनांक: 21.10.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** परिणाम के आधार पर 02 (दो) वर्षों या 730 दिनों के लिए रात्रि के दौरान कटवा यार्ड में ईएमयू रेक की सफाई (अंदर)। **निविदा मूल्य :** ₹ 43,81,045.94। **जमा बयाना राशि:** ₹ 87,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 730 दिन। **बंद होने की तारीख:** 08.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **ठेके का प्रकार:** सेवा। **बोली प्रणाली:** एकल लिफाफा। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा किसी भी मैनुअल प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-355/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-107 टू 108-25-26 (ओपन), दिनांक: 17.10.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **क्र. सं.:** 1। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-107-25-26। कार्य का नाम:** 30.06.2026 को समाप्त अवधि के लिए आसनसोल मंडल की ज़ोन संख्या 28 में एसएसई/कार्य/जसीडीह के अधीन जसीडीह (छोड़कर) से दुमका (सहित) तक, देवघर (सहित) से बांका (सहित) एवं मोहनपुर (सहित) से हंसडीहा (सहित) तक सभी जोनल कार्य सहित सभी सेवा भवनों तथा कॉलोनियों आदि तथा छोटे सड़क, लकड़ी के कार्य, पाइप बिछाना तथा स्वच्छता कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 30,00,000। **बयाना राशि:** ₹ 60,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 08 महीना। **क्र.सं.:** 2। **केस संख्या: ओ-एसी-टी-108-25-26। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/ आसनसोल के अधीन आसनसोल मंडल में एटी वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति तथा एटी वेल्ड का संपादन हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,89,95,388.92। **बयाना राशि:** ₹ 2,45,000। **कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 महीने। **बंद होने की तारीख और समय:** 14.11.2025 को दोपहर 12:00 बजे (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-214/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**दो लिफाफा प्रणाली के सेवा ठेका में ई-निविदा के लिए निविदा सूचना संख्या: ईएलएस / एचडब्ल्यूएच / 10 / 545 / ईएमयू (खुली निविदा), दिनांक: 21.10.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** परिणाम के आधार पर 02 (दो) वर्षों के लिए बर्द्धमान, रामपुरहाट एवं सैंथिया स्टेब्लिंग यार्ड पर ईएमयू रेकों एवं एमईएमयू रेकों (शौचालय सहित) की रोज़ाना अंदर सूखी सफाई। **निविदा मूल्य :** ₹ 2,02,86,159.51। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,51,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **पूरा करने की अवधि:** 730 दिन। **बंद होने की तारीख:** 08.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **ठेके का प्रकार:** सेवा। **बोली प्रणाली:** दो लिफाफा। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा किसी भी मैनुअल प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-356/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 17.10.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-129-25-26। कार्य का नाम:** 01 वर्ष के लिए सहायक अभियंता (कार्य)/I / सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सियालदह में सियालदह स्टेशन, बी.आर. सिंह अस्पताल, डीआरएम बिल्डिंग सर्कुलेटिंग एरिया, ब्लॉक संख्या 210 और बी.सी. रॉय इंस्टीट्यूट के रेलवे परिसर/कैंपस में मासिक किराये के आधार पर विभिन्न किस्मों के जीवित इनडोर और आउटडोर पूरी तरह से विकसित गमले वाले सजावटी पौधे, मौसमी फूलों की आपूर्ति और रखरखाव के साथ प्रदर्शन और मंडल अभियंता [मुख्यालय]/सियालदह के अधीन सहायक अभियंता (कार्य)/II/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत जीएम बंगलो, बेल्वेडियर पार्क ऑफिसर्स कॉलोनी परिसर, 1/1ए रेल मीनार, जजेस कोर्ट परिसर, न्यू अलीपुर ऑफिसर्स कॉलोनी, अलीपुर परिसर (बर्न स्टैंडर्ड), ईआरएससी (बेहाला) के रेलवे परिसर/कैंपस में मासिक किराये के आधार पर विभिन्न किस्मों के जीवित इनडोर और आउटडोर पूरी तरह से विकसित गमले वाले सजावटी पौधे, मौसमी फूलों की आपूर्ति और रखरखाव के साथ प्रदर्शन। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,87,47,401.10। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,43,700। **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **14.11.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-232/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: एफ/सीआर/ डब्ल्यूसी/119, दिनांक: 18.10.2025।** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर उक्त कार्य या समरूप कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं तकनीकी संसाधन रखने वालों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** जमालपुर वर्कशॉप में 8 चक्कों वाला डीईटीसी (अंडर स्लंग टाइप) के फेब्रिकेशन, यांत्रिक फर्निशिंग। **मात्रा :** 19 (उन्नीस) अदद। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,93,21,226। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 3,96,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत (रु.):** शून्य (जीसीसी, अप्रैल 2022 के भाग I के कार्य हेतु निविदा के क्लॉज़ 03 के अनुसार)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की तारीख:** अंतिम संयुक्त निरीक्षण सहित निर्दिष्ट मात्रा के लिए टावर वैगन हेतु संपूर्ण यांत्रिक कार्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 महीनों के भीतर पूरा करना होगा। प्रत्येक टावर वैगन का कार्य ऐसी सूचना प्राप्त होने के 30 कैलेंडर दिनों के भीतर पूरा करना होगा। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। निविदा दस्तावेज़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगा। "कार्य की समान प्रकृति" की परिभाषा: "रेलवे रोलिंग स्टॉक का विनिर्माण/यांत्रिक संशोधन/यांत्रिक क्रमोन्नयन/फेब्रिकेशन कार्य। भारतीय रेल की किसी भी इकाई या उत्पादन इकाइयों या केंद्र/राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों या 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक का औसत वार्षिक कारोबार करने वाली सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी/ट्रस्ट में निष्पादित उपरोक्त कार्यों में से किसी एक या अधिक पर विचार किया जाएगा।"

(MISC-247/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 22-10-2025 21:45 Page 1



# निर्दलीय प्रत्याशी की गाड़ी से आग्नेयास्त्र बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिवान।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान सीवान जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक निर्दलीय प्रत्याशी के वाहन से हथियार बरामद होने का मामला सामने आया है। यह बरामदगी वाहन चेकिंग के दौरान हुई। जानकारी के मुताबिक, जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पुरानी बाजार निवासी राज किशोर गुप्ता, जो महाराजगंज से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी की पुलिस द्वारा जांच की गई। इस दौरान वाहन से एक पिस्टल और एक राइफल बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों हथियार बिना परमिशन के ले जाए जा रहे थे।

चुनाव को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में है। टू व्हीलर से लेकर फोर व्हीलर तक सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में राज किशोर गुप्ता की गाड़ी की तलाशी ली गई थी। पुलिस ने बताया कि यह जांच मलमलिया मेन रोड पर की जा रही थी। उसी दौरान जब प्रत्याशी से हथियार के कागजात मांगे गए तो वे दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने हथियार को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने सभी जिलों को सख्त निर्देश दिए हैं कि चुनाव शांतिपूर्ण और स्वच्छ माहौल में कराया जाए। ऐसे में किसी प्रत्याशी के वाहन से हथियार मिलना अब चर्चा का विषय बन गया है।

## नामांकन पत्र रद्द होने से रो पड़ीं राजद प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। इस बीच राजद के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। मोहनिया विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी श्वेता सुमन का नामांकन रद हो गया है।

बुधवार दोपहर जब यह खबर आई तो श्वेता सुमन अपनी भावना पर काबू नहीं कर सकीं और मीडिया के सामने ही उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

श्वेता सुमन ने आरोप लगाया कि रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और अन्य अधिकारियों पर दिल्ली से दबाव था। उन्होंने कहा कि दिल्ली से रिटर्निंग ऑफिसर और सीओ पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। उन्हें यह फैसला लेने के लिए मजबूर किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि वे लाचार हैं... भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह दबाव डाल रहे थे। श्वेता सुमन ने सवाल करते हुए पूछा, आखिर और कौन दबाव डाल रहा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नामांकन रद होने के खिलाफ वो अदालत जरूर जाएंगी।

श्वेता सुमन ने मोहनिया से बीजेपी प्रत्याशी संगीता पर भी सवाल खड़े किए। श्वेता सुमन ने दावा किया कि संगीता ने अधिसूचना की तारीख के बाद अपना जाति प्रमाण पत्र जमा किया था, लेकिन चूंकि वह भाजपा से हैं, इसलिए कुछ नहीं किया जाएगा।

इससे पहले, मंगलवार को पूर्वी चंपारण में महागठबंधन को एक और झटका लगा जब सुगौली विधानसभा क्षेत्र से वीआईपी उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर और मोतिहारी की एसडीएम श्वेता भारती ने खारिज कर दिया।

बता दें कि 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा के लिए 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

## फर्जी वीडियो वायरल, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के कटहरा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने तनाव की स्थिति पैदा कर दी। वीडियो में दावा किया गया था कि रामपुर वार्ड नंबर 08 की मस्जिद में तोड़फोड़ और मारपीट हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया।

जांच में सामने आया कि यह वीडियो फर्जी था। मस्जिद के सामने कुछ लड़कों के बीच मामूली विवाद हुआ था, जिसे बढ़ा-चढ़ाकर और तोड़-मरोड़कर वीडियो बनाया गया। दोनों समुदायों के बुद्धिजीवियों ने इस घटना का खंडन किया और लिखित आवेदन भी दिया।

महुआ अनुमंडल के एसडीपीओ संजीव कुमार और पुलिस दल ने जांच के दौरान पाया कि यह वीडियो के महुआ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और टॉपर घोटाले के मास्टरमाइंड बच्चा राय ने सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। उनका उद्देश्य दो समुदायों के बीच वैमनस्यता बढ़ाना था।

इसके बाद पुलिस ने कटहरा थाना में बच्चा राय के खिलाफ ऋक्षक्रसंख्या 610/25 इठर दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी। वैशाली एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वीडियो में दिखाया गया तोड़फोड़ का दृश्य वास्तविक नहीं था। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

## सोशल मीडिया पर आयोग की रहेगी पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग (भारत निर्वाचन आयोग) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर आचार संहिता लागू होने के बाद पालन किए जाने वाले नियमों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि राजनीतिक दल, उम्मीदवार, कार्यकर्ता या सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी भी तरह की भड़काऊ, असत्यापित या पक्षपाती सामग्री पोस्ट नहीं कर सकते।

समाचार, जानकारी या विज्ञापन साझा करते समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी सामग्री सत्यापित स्रोतों पर आधारित हो। चुनाव अवधि के दौरान किसी भी पार्टी या उम्मीदवार के समर्थन या विरोध में पोस्ट किए जाने वाले विज्ञापन को स्पष्ट रूप से स्पॉन्सर्ड या पेड कंटेंट के रूप में चिन्हित करना अनिवार्य है।

आयोग ने कहा है कि पेड विज्ञापन या प्रचार सामग्री में विज्ञापनदाता और भुगतानकर्ता का पूरा विवरण देना आवश्यक होगा। कोई भी फर्जी समाचार, अफवाह या मतदाताओं को भ्रमित करने वाली पोस्ट पूरी तरह प्रतिबंधित है।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की धमकी, डराने या लालच देने वाली पोस्ट, वोटिंग के समय किसी उम्मीदवार के पक्ष या विपक्ष में अनुचित प्रचार या व्यक्तिगत अकाउंट से भ्रामक सामग्री साझा करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।

चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि यदि किसी सामग्री को हटाने या ब्लॉक करने का आदेश जारी किया जाता है, तो संबंधित प्लेटफॉर्म और व्यक्ति को उसका तत्काल अनुपालन करना अनिवार्य होगा। किसी भी उल्लंघन की जानकारी मतदाता या नागरिक सीधे भारत निर्वाचन आयोग की विशेष मॉनिटरिंग सेल या मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति को शिकायत के माध्यम से दे सकते हैं।

## चुनाव के दौरान महागठबंधन में दिखेगी खटास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने बिहार विधानसभा चुनाव से पूरी तरह किनारा कर लिया है। पार्टी ने विधिवत घोषणा की है कि वह चुनाव नहीं लड़ेगी। यह निर्णय सीट बंटवारे में दरकिनार किए जाने के बाद लिया गया है। बिहार में गठबंधन के प्रमुख घटक राजद और कांग्रेस ने झामुमो की सीटों की मांग को नजरअंदाज कर दिया था।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में भी कुछ ऐसा ही हुआ था। अंतिम क्षण में घटक दलों ने मुंह मोड़ लिया था। इसके विपरीत झामुमो ने झारखंड में हमेशा गठबंधन का सम्मान किया। 2019 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो ने राजद को सात सीटें दीं और 2024 के विधानसभा चुनाव में बंटवारे के तहत छह सीटें दी गई। दोनों चुनाव के बाद मंत्रिमंडल में राजद के एक विधायक को मंत्री पद भी मिला। अब झामुमो की नाराजगी झारखंड में गठबंधन पर असर डालेगी, जहां झामुमो के पास सबसे ज्यादा विधायक हैं। बिहार में गठबंधन की खटास झारखंड में झामुमो के दबदबे को मजबूत करेगी, क्योंकि पार्टी की गठबंधन के घटक दलों खासकर राजद पर किसी प्रकार की निर्भरता नहीं है।

बिहार में कड़वा अनुभव के बाद झामुमो में घोर नाराजगी है। यह कदम विपक्षी एकता को चोट पहुंचा सकता है। चुनाव के बाद सबसे बड़ा असर झारखंड में होने वाले

### एकता में दरार की नींव ?

आगामी राज्यसभा चुनावों पर पड़ेगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से एक सीट रिक्त हुआ है। इसपर झामुमो की स्वाभाविक दावेदारी है। इसके अलावा जून 2026 में भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्यसभा चुनाव होगा, जिसपर झामुमो दावा ठोकेगा। गठबंधन में झामुमो की मजबूत स्थिति है और इसमें उसे किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।बिहार चुनाव के बाद झारखंड में गठबंधन की समीक्षा करने का झामुमो ने निर्णय लिया है। जाहिर है इसके माध्यम से झामुमो ने साथी दलों को चेतावनी दी है। हालांकि 14 नवंबर को बिहार विधानसभा का चुनाव परिणाम आने के बाद ही अंतिम फैसला होगा। कुल मिलाकर बिहार में गठबंधन की खटास झारखंड पर असर दिखाएगी, जहां झामुमो मौके का फायदा उठाकर दबदबा दिखाएगा।

बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो को नजरंदाज किए जाने पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नसीहत दी है कि मोर्चा ने इतनी बार यू टर्न मारा है कि अब उसे जेएमएम (यू) कहना चाहिए। शुरूआत में ये 16 सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे। फिर यू टर्न मारा और सीटों की संख्या 12 कर दी। उसके बाद गठबंधन के नेताओं से मिले।

## भाजपा विधायक पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** पारू विधायक अशोक कुमार सिंह को भाजपा ने पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इस संबंध में भाजपा पूर्वी के जिला मुख्यालय प्रभारी अशोक कुमार ने पत्र जारी किया है। इसमें एनडीए के अधिकृत उम्मीदवार के विरुद्ध चुनाव लड़ने को दल विरोधी कार्य माना है।

विदित हो कि पारू सीट एनडीए से रालोमो के खाते में चली गई। इससे वर्तमान भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह बेटिकट हो गए। पार्टी के निर्णय के बाद उन्होंने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। चार बार यहां से लगातार विजयी रहने वाले अशोक सिंह ने पार्टी नेतृत्व पर भी हमला बोला।

उन्होंने यह भी कहा, उन्हें झुकने के लिए कहा गया था, मगर नहीं झुके। नाम वापस नहीं लेने पर उनकी निर्दलीय उम्मीदवारी कायम रही। इसके बाद पार्टी ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करने का पत्र जारी किया।

## जिला लोक समिति की जिला कार्यकर्त्ता बैठक

### चुनाव में धनबल का प्रयोग लोकतंत्र को कर रहा कमजोर : लोक समिति

### कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान जरूरी : शिवजी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिला लोक समिति एवं गीता महिला उत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में आरा स्थित, राजेन्द्र नगर में लोक समिति के संस्थापक लोकनायक जय प्रकाश नारायण जयंती के पखवाड़ा दिवस के अवसर पर जिला के पुरूष एवं महिला कार्यकर्त्ताओं के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षयता समिति की महिला कार्यकर्त्ता गीता पाण्डेय तथा संचालन सजला सिन्हा ने की।

मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में लोक समिति जे.पी.जयंती को पखवाड़ा दिवस के रूप में मना रही है। लोक समिति जेपी के विचार और सिद्धांत पर आधारित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन है। आज जेपी के आदर्श विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

श्री सिंह ने कहा कि स्व.मनी पाण्डेय के आकस्मिक निधन के बाद भोजपुर जिला में लोक समिति का संगठन कमजोर हुआ है। संगठन की सक्रियता के लिए समिति के कार्यकत्ताओं द्वारा ,रचना,संघर्ष , कार्यक्रम एवं सदस्यता अभियान जरूरी है,तभी जिला में लोक समिति का विस्तार होगा। श्री सिंह ने कहा कि देश आज गम्भीर संकट कें दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है। भारत विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र वाला देश है। चुनाव में धनबल, और प्रलोभन लोकतंत्र को प्रभावित कर रहा है। जेपी लोकतंत्र को बचाने के लिए आजीवन संघर्ष,जेल की यातनाएं झेली। भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा और बेरोजगारी जे.पी.आन्दोलन के मुख्य मुद्दे थे। ये मुद्दे पहले से कई गुना अधिक बढ़ा है। देश में व्यवस्था परिवर्तन बिहार में बदलाव के लिए पुनः एक बड़े आन्दोलन की आवश्यकता है।

इनके अलावा बैठक को कलावती देवी, मुन्नी देवी, कुसुम देवी, पुष्पा देवी ,विकास कुमार,राज कुमार सिन्हा, संतोष कुमार यादव,धन्नजय कुमार सिंह,वगैरह गणमान्य लोगों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 17 नवम्बर को आरा में संगठन की विस्तारित बैठक होगी। जिसमें लोक समिति शाहाबाद प्रक्षेत्र के अध्यक्ष एवं गांधी किसान नेता सुरेश प्रसाद, एवं रोहतास जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार भी भाग लेंगे।

## लाठी से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या

**अरवल।** शहर तेलपा थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में दिवाली की रात एक पति ने पत्नी की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतिका 29 वर्षीय पत्नी राधा देवी की मां करपी थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी विनोद मांझी की पत्नी कोसमी देवी ने अपने दामाद व उसके छोटे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दामाद और उसका भाई बाला मांझी घटना के बाद से फरार है। दोनों मतलू मांझी के पुत्र हैं। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## पिकअप ने खड़े ट्रक में मारी ठोकर, तीन लोगों की हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के शिवचंद्रपुर ढाला के पास एक लोडेड पिकअप ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि पिकअप का आधा हिस्सा ट्रक के अंदर घुस गया और पिकअप चालक समेत तीन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भागलपुर जिले के बीरबन्ना गांव निवासी मो. तनवीर (18), मो. कमाल (45) और मो. नवाब (20) के रूप में की गई है। पिकअप सवार अन्य कामगार घायल हो गए। पिकअप सवार कामगार बोरिंग करने का काम करते हैं और वाराणसी से सबमर्सिबल बोरिंग करने के बाद सामान लेकर कहलगांव स्थित अपने घर लौट रहे थे।

हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पिकअप के केबिन में फंसे शवों को बाहर निकाला और वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जांच शुरू की।

इसकी जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सिंटू कुमार सदल-बल पहुंचे। उन्होंने पिकअप की केबिन में फंसे लोगों को केबिन कटवा कर बाहर निकाला और इलाज के लिए पीएचसी भेजा। पीएचसी पहुंचते ही तीनों ने दम तोड़ दिया। वहीं छोटू, गुलपुरास व राशिद को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया वहीं पुलिस ने पिकअप के निबंधन के आधार पर उसके मालिक व मृतकों के संबंध में जानकारी जुटाते हुए स्वजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजनों में चींख पुकार मच गई और वे घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। स्वजनों ने बताया कि सभी लोग एक सप्ताह पहले बोरिंग गाड़ने के लिए वाराणसी गए थे। काम खत्म होने के बाद वापस लौटने के क्रम में हादसा हो गया।

## स्वच्छता मित्र की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** दीपावली की शाम विवादित गली में कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद के बाद सोए अवस्था में स्वच्छता मित्र की गोली मार हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप पड़ोस के आपराधिक चरित्र के एक युवक व स्वजनों पर लगा है। मृतक की पहचान मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी पंचायत स्थित मीनापुर निवासी स्व. राम उदित सिंह के 50 वर्षीय अविवाहित पुत्र बसंत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने एफएसएल जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है और उनकी निशानदेही पर दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं एसपी मनीष ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की।

मिली जानकारी के अनुसार बसंत सिंह पंचायत में स्वच्छता मित्र हैं। अविवाहित होने के कारण वह अपने भाई बबलू सिंह के साथ ही रहते थे। बसंत सिंह के परिवार का पड़ोसी राजाराम सिंह व अशोक सिंह के परिवार से गली की भूमि को लेकर विवाद है।

## ट्रेन में शव मिलने से सनसनी



**राजगीर।** राजगीर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या चार पर खड़ी रिजर्व ट्रेन की बोगी से सोमवार को जीआरपी पुलिस ने 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान के लिए कोई सुराग नहीं मिला। जीआरपी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। शव रिजर्व बोगी में पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि वह कोई भिखारी था। स्टेशन प्रबंधक की ओर से दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है। 72 घंटे तक पहचान के लिए इंतजार किया जाएगा। यदि इस अवधि में कोई स्वजन या परिचित सामने नहीं आते हैं, तो शव का अंतिम संस्कार उसके धर्म के अनुसार किया जाएगा।

## सोरेन-तेजस्वी की डील पर चर्चा गरम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का अचानक मैदान छोड़ देना अब सियासी रहस्य बन गया है। दिवाली से ठीक पहले झामुमो ने अपनी चुनावी घोषणा वापस ले ली, जबकि दो दिन पहले तक पार्टी पूरे जोश के साथ छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में थी।

धनतेरस के दिन झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर न केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी, बल्कि यह भी कहा था कि जरूरत पड़ी तो पार्टी दस सीटों पर भी उतर सकती है। उम्मीदवारों को सिंबल देने की तैयारी पूरी थी। लेकिन अचानक दीपावली के पूर्व संध्या पर झामुमो के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान कर दिया कि पार्टी अब बिहार में चुनाव नहीं लड़ेगी।

यह यू-टर्न केवल बिहार ही नहीं, बल्कि झारखंड की राजनीति में भी भूचाल लेकर आया। झामुमो नेताओं ने खुलकर राजद और कांग्रेस पर राजनीतिक धूर्तता का आरोप लगाया और झारखंड में महागठबंधन की समीक्षा की मांग कर दी। झामुमो के मंत्री सुदिव्य सोनू ने यहां तक कह दिया कि राजद कोटे से झारखंड कैबिनेट में शामिल मंत्री पर कार्रवाई की जाएगी।

उधर, राजद ने भी जवाबी हमला बोला। राजद नेता गौरीशंकर यादव ने कहा कि झामुमो का बिहार में कोई वजूद नहीं है। उन्होंने तंज कसा कि अगर झारखंड में राजद झामुमो से गठबंधन तोड़ ले, तो झामुमो 16-18 सीटों तक सिमट जाएगा। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव के बीच कोई डील हुई है, जो हेमंत सोरेन बीजेपी के साथ समझौता करने के बजाय जेल जाना पसंद करते हैं, वे आखिर तेजस्वी यादव के साथ किसी गुप्त समझौते पर क्यों उतरेंगे? और अगर कोई डील हुई भी है, तो उसे छिपाया क्यों जा रहा है? या फिर दोनों दल सिर्फ जनता के सामने बयानबाजी कर सियासी भ्रम पैदा कर रहे हैं? सियासी गलियारों में अब यही चर्चा है कि बिहार चुनाव के बहाने कहीं झारखंड की राजनीति का नया समीकरण तो नहीं बन रहा? दिवाली की रात बुझी हुई यह ह्यसियासी बातीह्न, अब दोनों राज्यों की राजनीति में नई रोशनी और नए सवाल जगा गई है।

### एनडीए की होगी वापसी : सरयू राय

**बिहारशरीफ।** झारखंड के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की वापसी लोगों की उम्मीद से कहीं अधिक सीटों के साथ होगी। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर से एनडीए की स्थिर और जनोन्मुखी सरकार का गठन होगा। एकंगरसराय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दो दशकों में बिहार की सूरत और सीरत बदलने का कार्य किया है। उन्होंने शिक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो आधार तैयार किया, वह आज बिहार की पहचान बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष केवल आलोचना की राजनीति कर रहा है, जबकि जनता यह समझ चुकी है कि विकास और सुशासन की गारंटी केवल एनडीए सरकार दे सकती है। जनता अब जाति और भावनाओं से ऊपर उठकर काम और नीयत पर मतदान कर रही है।

## गयाजी में गरजे सम्राट चौधरी, एनडीए के पक्ष में मांगा वोट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र के गुरुआ प्रखंड स्थित हाई स्कूल मैदान में एनडीए की ओर से एक चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में पहुंचे भाजपा नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम आपके बीच वोट मांगने आए हैं। पहले जब सरकार में थे तो विकास की चर्चा करते थे, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में निरंतर विकास हो रहा था। सम्राट चौधरी ने कहा कि अब सवाल यह है कि वोट भाजपा उम्मीदवार उपेंद्र जी को ही क्यों देना चाहिए? साथियों, एक तरफ विनाश है और दूसरी तरफ विकास के साथ विश्वास भी। एनडीए ने 15 वर्षों में बिहार को बदलने का काम किया है।




वहीं, कांग्रेस ने 40 साल और लालू प्रसाद यादव ने 15 साल बिहार को लूटने का काम किया। जब बिहार के विकास की बात होनी चाहिए थी, तब लालू यादव चारा घोटाले में फंसे हुए थे। उन्होंने आगे कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जब जीटी रोड (फोरलेन) का निर्माण हो रहा था, तब लालू यादव के गुंडे उसमें दो प्रतिशत कमीशन मांगते थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब बिहार में स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। कभी गया, नवादा और मुंगेर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कहे जाते थे। लेकिन आज लोग सुरक्षित माहौल में जी रहे हैं। मैं गारंटी देता हूं, अगर आज रात 12 बजे गुरुआ से पटना जाने में किसी ने रोका तो सम्राट चौधरी तुरंत इस्तीफा दे देगा।

## राजगीर पहुंचे दीपांकर भट्टाचार्य, सरकार पर बोला हमला

**नवबिहारटाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** बिहार विधानसभा चुनाव की गरमाहट बढ़ते हुए राजगीर विधानसभा क्षेत्र में भाकपा माले के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने इंडिया गठबंधन की ओर से जोरदार हमला बोलते हुए मौजूदा एनडीए सरकार के खिलाफ जनता के गुस्से को आवाज दी। भाकपा माले के उम्मीदवार विश्वनाथ चौधरी के समर्थन में आयोजित इस कार्यक्रम में भट्टाचार्य ने साफ तौर पर कहा कि यह चुनाव बिहार में सरकार बदलने वाला चुनाव है।

मीडिया से विशेष बातचीत में दीपंकर भट्टाचार्य ने राजगीर की चुनावी चुनौती का आकलन करते हुए कहा कि पूरा बिहार इस समय बदलाव की मांग कर रहा है और राजगीर में तो अलग से ही बदलाव की जरूरत है। लंबे समय से भाजपा और जदयू के एनडीए गठबंधन से लोग परेशान हैं। विश्वनाथ चौधरी जी लोगों की इसी आकांक्षा को साकार करने के लिए मैदान में उतरे हैं।

नीतीश कुमार की सरकार के विकास के दावों पर करारा प्रहार करते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार में विकास का मतलब सिर्फ फ्लाईओवर और बाईपास बनाकर रह गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही आप फ्लाईओवर से नीचे उतरते हैं या बाईपास से किसी शहर-कस्बे के अंदर जाते हैं, तो गांव की बात छोड़ दीजिए, आपको सिर्फ गरीबी और बेरोजगारी ही दिखाई देती है। 20 साल नीतीश जी को मौका दिया गया, डबल इंजन को भी मौका दिया गया, लेकिन आज बिहार परेशान है।

भाकपा माले नेता ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के नाम पर सबसे बड़ा झांसा है। यह दरअसल मुख्यमंत्री महिला कर्जदार योजना है।

## 'माउंटेन मैन' के बेटे भगीरथ मांझी ने किया कांग्रेस पर गुस्से का इजहार

### कहा महादलित सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए है

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 'माउंटेन मैन' के नाम से विख्यात दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी ने कांग्रेस पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पहले टिकट देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अंतिम समय में उनका नाम सूची से गायब कर दिया गया।

भागीरथ मांझी ने बताया कि वे टिकट की उम्मीद में चार दिन तक दिल्ली में रुके, सभी जरूरी दस्तावेज जमा किए, और राहुल गांधी से मिलने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मैंने राहुल गांधी से टिकट मांगा था, उन्होंने वादा किया था, लेकिन अंततः मुझे टिकट नहीं मिला। मैं चार दिन दिल्ली में रहा, पर उनसे मुलाकात नहीं हो पाई।

दोनों चरणों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सभी दलों के प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान व प्रचार-प्रसार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

कांग्रेस और राजद सहित महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर असंतोष और समन्वय की कमी नजर आ रही है, जबकि दूसरी ओर एनडीए ने सीटों का बंटवारा अंतिम रूप देकर चुनावी मैदान में रणनीतिक बढ़त बना ली है। गयाजी समेत पूरे मगध क्षेत्र में अब विकास बनाम वादे की लड़ाई तेज होती जा रही है और मतदाताओं की नजर इस बार किन चेहरों को विधानसभा की दहलीज तक पहुंचाएगी, इस पर टिकी है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी के घर जाकर उन्हें टिकट देकर चुनाव लड़ाने का आश्वासन दिया था। लेकिन उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया गया। आज भी कांग्रेस और राजद के लिए दलित और महादलित सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने और उनके साथ फोटो खिंचवाने के काम आते हैं।गुरुप्रकाश ने बुधवार को यहां कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर दलितों और महादलितों को अपमानित किया है। कांग्रेस ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब का भी अपमान किया। उनके निधन के 40 साल बाद बाबा साहेब को उस सरकार ने भारत रत्न दिया जो भाजपा समर्थित थी।

उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम और सीताराम केसरी को भी कांग्रेस ने अपमानित किया। यही नहीं, वर्तमान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को भी अपमानित किया गया। पटना हवाई अड्डे पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया।

C M Y K

# नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान 24 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान कुल 21 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया। जिले के सात विधानसभा क्षेत्र में कुल 115 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा भरा था। संवीक्षा के क्रम में 24 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। जिससे चुनावी मैदान में अब कुल 91 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र से कुल 16 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वहीं बरारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें 06 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वही कदवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 19 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें दो प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वहीं बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें दो प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। जबकि प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें 07 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। कोढ़ा में आठ उम्मीदवार ने नामांकन किया था। वहा किसी भी प्रत्याशी के पर्चे को रद्द नहीं किया गया। वहीं मनिहारी में संवीक्षा के क्रम में दो महिला उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। जबकि आठ उम्मीदवार का उम्मीदवारी सही पाया गया। यहां दो प्रत्याशियों के नामांकन रद्द करने को लेकर जदयू और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने शिकायत दर्ज कराया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि प्रत्याशियों के द्वारा वैध कागजात और कई प्रकार की त्रुटि रहने के कारण अभी तक 24 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द किया गया है। डीएम ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। उसके बाद ही पार्टी के लोगों को सिंबल दिया जाएगा।

## वाहन जांच के दौरान 99,900 नगद राशि बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगरम।** विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के



अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में निरंतर सघन वाहन जाँच किया जा रहा है। इसी क्रम में कोलासी पुलिस शिविर क्षेत्रान्तर्गत एक वाहन से जांच के क्रम मे 99,900 रूपया नगद राशि बरामद किया गया है। बरामद राशि के संबंध में कोई वैध कागजात या प्रमाण प्रस्तुत नही किया गया है और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। जिसके बाद बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।

# निर्दलीय प्रत्याशी वंदना सिंह का नामांकन रद्द, पति ने बताया साजिश

## एनडीए प्रत्याशी से मिलीभगत की आशंका जताई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिले के मनिहारी विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार वंदना सिंह का नामांकन संवीक्षा के दौरान रद्द कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

वंदना सिंह के पति ने सीधे तौर पर एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन से मिलकर पदाधिकारी पर उनके नामांकन को रद्द करने की 'साजिश' रचने का गंभीर आरोप लगाया है। मनिहारी विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की जांच स्क्रूटनी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी वंदना सिंह के दस्तावेजों में कथित तौर पर तकनीकी त्रुटियां पाई गईं। जिसके आधार पर निर्वाचन पदाधिकारी ने उनका नामांकन पत्र खारिज कर दिया।हालांकि इस फैसले को वंदना सिंह और उनके समर्थकों ने मानने से इनकार कर दिया है। वंदना सिंह के पति ने मीडिया से बात करते हुए कहा,"यह सिर्फ एक साजिश है।एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन की शह पर पदाधिकारी ने जानबूझकर मेरी पत्नी का नामांकन रद्द किया है। सभी दस्तावेज सही थे। इसके बावजूद छोटी-सी गलती का बहाना बनाकर हमारी दावेदारी खत्म कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि उनका उद्देश्य शंभू सुमन को चुनाव में कड़ी टक्कर देना था। जिससे घबराकर यह कदम उठाया गया है।निर्दलीय प्रत्याशी बंदना सिंह ने खुद भी इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसे बड़ी राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावशाली राजनीतिक दलों के इशारे पर यह काम किया गया है ताकि विपक्ष को मैदान से हटाया जा सके। वही एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन ने सभी आरोपी को बेबुनियाद बताया है। उन्होने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है।

## जब डॉग कुमार ने दी दस्तक

# बनमनखी में सिस्टम हुआ 'भौंक' से बेखबर!

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बिहार में कुछ भी हो सकता है — यह कहावत नहीं, अब एक सच्चाई बन चुकी है। यहाँ अब सड़कें नहीं, किस्से बनते हैं। तंत्र चलता नहीं, ठिठकता है। और अब तो नौबत यहाँ तक आ गई कि बनमनखी में इंसानों की लाइन में 'डॉगी' भी सरकारी सुविधा लेने पहुंच गया!जी हाँ, यह कोई मजाक नहीं, बल्कि बिहार के डिजिटल इतिहास की सबसे 'भौंकनीय घटना' है। पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड से ऐसा आवेदन सामने आया जिसने सरकारी सर्वर से लेकर दफ्तरों की कुर्सियों तक सबको हिला दिया। आरटीपीएस केंद्र पर निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आया— आवेदक का नाम 'डॉग कुमार', पिता का नाम 'कुत्ता कुमार विश्वास', माता 'डॉगी देवी विश्वास' और मोहल्ला 'रमजानी डॉगी टोला, वार्ड नंबर 111' दर्ज था। अब सवाल यह कि जहाँ पूरे प्रखंड में इतने वार्ड ही नहीं हैं, वहाँ 111 नंबर का वार्ड किस बैंक ऑफ इमैजिनेशन से निकला?

कर्मियों ने जब आवेदन खोला तो पहले सोचा किसी ने मजाक किया है, पर जब फॉर्म के साथ डॉगी का फोटो दिखा तो लगा— अब तो डिजिटल बिहार में भी 'पशु नागरिकता योजना' शुरू हो चुकी है। राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज ने आवेदन को तुरंत निरस्त कर दिया। फोन नंबर पर संपर्क किया गया तो वह भी बंद— शायद आवेदक किसी हड्डी फेस्टिवल में व्यस्त रहा हो। बनमनखी के लोगों ने जब यह खबर सुनी तो हँसी और हैरत दोनों में थे। एक बुजुर्ग ने व्यंग्य में कहा— 'अब आदमी को नहीं, वफादारी को प्रमाणपत्र मिल रहा है! 'सवाल यह नहीं कि यह किसने किया, बल्कि यह है कि सिस्टम ने इसे पकड़ा क्यों नहीं? क्या अब सरकारी डेटाबेस में सत्यापन का मापदंड 'भौंक पहचान' से तय होगा?

यह घटना बताती है कि हमारा तंत्र तकनीक से आगे बढ़कर तकलीफदेह भरोसे पर चलने लगा है। जहाँ कोई भी नाम, कोई भी फोटो, कोई भी कहानी— अगर सर्वर पर अपलोड कर दो, तो सिस्टम कहता है, 'रसीद तैयार है, अगला फाइल प्लीज।'

बनमनखी की यह घटना प्रशासन के उस चेहरे को उजागर करती है जो दिखने में गंभीर और अंदर से हास्यास्पद है। क्योंकि यह पहला मौका नहीं है — इससे पहले भी किसी ने फिल्म स्टार गोविंदा की तस्वीर लगाकर निवास के लिए आवेदन किया था। अब अगर कल कोई बकरा राशन कार्ड के लिए अप्लाई कर दे, तो शायद उसे 'ग्रीन कार्ड' भी मिल जाए। एसडीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि आवेदन को रद्द कर दिया गया है और जांच चल रही है। मगर जनता कहती है— 'हर बार जांच चलती है, पर सिस्टम वहीं का वहीं रहता है। शायद इस बार भी परिणाम वही होगा— फाइल बंद, हँसी जारी।' बनमनखी के इस प्रकरण ने यह साबित कर दिया कि बिहार में डिजिटल युग का मतलब है— डेटा फ्री, ड्रामा फुल! यहाँ सर्वर नहीं गिरते, भरोसे गिरते हैं। और जब प्रशासन के डेटाबेस में 'डॉग कुमार' का नाम उतर जाए, तो यह सिर्फ मजाक नहीं, मशीनों की मूर्खता का प्रमाण है। शायद अब वक्त आ गया है कि सरकार कोई नया पोर्टल लॉन्च करे —

'पशु सेवा केंद्र— जहाँ हर जीव नागरिक बन सकता है!'

क्योंकि बनमनखी ने तो साबित कर दिया है —

यह बिहार है, यहाँ इंसान इंतजार करता है और डॉगी आवेदन कर देता है।

# कटिहार स्टेशन पर गंगा स्नान जा रहे श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** आगामी छठ पर्व को लेकर बुधवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मनिहारी घाट सहित विभिन्न गंगा तटों पर स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालु सुबह से ही कटिहार स्टेशन पर पहुंचने लगे। मनिहारी जाने वाली सभी यात्री ट्रेनों में खचाखच भीड़ रही और प्लेटफॉर्म पर ह्लजय छठी मईयाह्व के जयघोष गूंजते रहे। रेल प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। स्टेशन के बाहर होल्डिंग एरिया, अतिरिक्त काउंटर सहित स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, पानी व प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जबकि रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन के साथ लगातार उद्घोषणा कराई जा रही है। वही आरपीएफ ईस्ट पोस्ट इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ के टीम द्वारा स्टेशन पर श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण तरीके से ट्रेन में चढ़ाया जा रहा है।

# 74.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार नगर।** नगर थाना पुलिस लगातार मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान मंगलवार की रात्रि नगर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली की नया टोला में एक व्यक्ति मादक पदार्थो की तस्करी कर रहा हैं।

उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ नया टोला ग्राम पहुँच कर छापामारी किया गया तो छापामारी के क्रम में एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया । पकड़ाए व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार मिश्रा (30) पिता श्यामानंद मिश्रा साकिन-द्वाशय, थाना डंडखोरा जिला कटिहार के रूप मे हुई। जबकि उनके पास से कुल- 74.50 ग्राम स्मैक ,03 मोबाईल व एक डिजिटल तराजू बरामद हुआ है । थानाध्यक्ष ने बताया की सभी साम्रगी को जप्त करते हुए अभियुक्त खिलाफ थाना मे मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# मां बमकाली की विदाई पर छलके आंसू, आस्था के समंदर में डूबा रूपौली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली/ पूर्णिया।** सपाहा गांव स्थित श्री श्री 108 महारानी बमकाली मंदिर इस वर्ष भक्ति और जनश्रद्धा के ऐसे अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसे देख हर मन भावविभोर हो उठा। मेला के समापन दिवस पर जब मां बमकाली की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर विदाई दी गई, तो पूरा वातावरण ह्यजय मां बमकालीह्व के जयघोष से गूंज उठा। भक्ति का यह प्रवाह भावनाओं के अश्रुधार में परिवर्तित हो गया।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी थी। दूर-दराज से आए भक्त मां के चरणों में प्रसाद अर्पित कर अपनी-अपनी मन्नतें मांग रहे थे। दिनभर घंटों, डमरू, डोल-नगाड़ों और शंखध्वनि से गूंजते वातावरण में ऐसा लग रहा था मानो स्वयं मां धरती पर अवतरित होकर भक्तों का आशीर्वाद स्वीकार कर रही हों। जैसे ही संध्या का समय हुआ, मंदिर प्रांगण दीपमालाओं से जगमगाने लगा। मां की विदाई का क्षण आया, और श्रद्धा का सागर उमड़ पड़ा। महिलाएं थाल में दीप लिए आरती उतारती रहीं, जबकि बुजुर्गों की आंखों से भक्ति के आंसू झरते रहे। बच्चों के चेहरों पर भी मां के जाने का विषाद झलक रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गांव की हर श्वास ह्यमां फिर जल्दी आनाह्व की गुहार कर रही हो। इस वर्ष मेला का विस्तार और भव्यता दोनों ही उल्लेखनीय रहे। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश से लेकर नेपाल तक के श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे। हजारों की संख्या में छागरों की बली दी गई, क्योंकि मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। पूरे आयोजन की निगरानी प्रशासनिक दृष्टि से सुदृढ़ रही। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप गोल्डी ने लगातार स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित की। बीडीओ अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी शिवानी सुरभि, पुलिस निरीक्षक हरिशंकर मिश्रा, टीकापट्टी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष प्रियतम कुमार अपनी टीम के साथ सुरक्षा मोर्चे पर डटे रहे। मेला संचालन में अध्यक्ष ध्रुव कुमार मंडल, सचिव देव प्रसाद देव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी संगम, निर्देशक परीक्षण मंडल, मुकेश जायसवाल, प्रभात यादव, दीनदयाल दिवाकर, नीरज कुमार, सुनील चौधरी, पुजारी दुखरी चौधरी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका अनुकरणीय रही। रात्रि के अंतिम पहर में जब पालकी आगे बढ़ी, तो चारों ओर से केवल एक ही स्वर गूंज रहा था —'मां बमकाली की जय... फिर जल्दी आना मां!' दीपों की मद्धम लौ और वातावरण में घुली धूप की महक ने उस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। श्रद्धा की यह परंपरा केवल पूजा नहीं, बल्कि लोकसंस्कृति की वह विरासत है जो पीढ़ियों से रूपौली की पहचान बन चुकी है।

# परमान नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में दहशत का माहौल

**अमौर/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पलसा पुल के नीचे परमान नदी में बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। नदी में शव तैरते देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना अमौर थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिवा गश्ती दल के पुअनि बाबुद्दीन को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच अनुमानित है। उसके शरीर पर टी-शर्ट, गंजी और लूंगी थी। चेहरा काफी खराब होने के कारण पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि शव कई दिनों से पानी में रहा होगा।थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को थाना परिसर में 72 घंटे तक सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है ताकि इस अवधि में यदि कोई परिजन या परिचित पहचान करे तो उसे विधिवत सुपुर्द किया जा सके। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं, वहीं पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है कि यह मामला हत्या, हादसा या आत्महत्या का है।

# काली पूजा देख लौट रहे वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**■ नाव से पैर फिसलने पर गहरे पानी में जा गिरा तीन घंटे बाद मिला शव**

**अमौर/पूर्णिया।** काली पूजा देखकर लौट रहे एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। अमौर थाना क्षेत्र के फकीर टोली वार्ड संख्या 9 निवासी उदय शर्मा (55 वर्ष), पिता लखीपद शर्मा, मंगलवार की संध्या करीब चार बजे नाव से नदी पार कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसल जाने से वह संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में जा गिरे।घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बचाने का प्रयास किया, परंतु पानी की गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिली। करीब तीन घंटे की अथक खोजबीन के बाद ग्रामीणों को उनका शव नदी से बरामद हुआ।

सूचना मिलते ही अमौर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

घटना की पुष्टि करते हुए पंच सदस्य संग्राम कुमार शाह ने बताया कि मृतक उदय शर्मा शांत और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अंचल प्रशासन से मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

# कटिहार ने जीता श्यामा कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

## भटोत्तर मैदान में रोमांचक मुकाबले में डीबीडी पूर्णिया को 1-0 से दी मात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** काली पूजा के शुभ अवसर पर माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब, भटोत्तर की ओर से आयोजित श्यामा कप फुटबॉल प्रतियोगिता में कटिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कटिहार ने डीबीडी पूर्णिया को 1-0 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

मैच के एकमात्र गोल के नायक रहे जर्सी नंबर-10 खिलाड़ी रविराज, जिन्होंने अपनी कुशल रणनीति और बेहतरीन खेल कौशल से टीम को जीत दिलाई। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें ह्लमैन ऑफ द मैचह्व के खिताब से नवाजा गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में उपविजेता टीम डीबीडी पूर्णिया के कप्तान को सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामल प्रसाद सिंह ने उपविजेता शील्ड प्रदान की, जबकि मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जितेंद्र नारायण सिंह ने विजेता टीम कटिहार के कप्तान को विजेता शील्ड देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सिंह ने दोनों टीमों की खेल भावना और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ह्लऐसे आयोजन युवाओं में टीम स्पिरिट और खेल के प्रति समर्पण को नई दिशा देते हैं।ह्व उन्होंने माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मैदान में दर्शकों की भीड़ ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर जमकर तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। पूरा वातावरण काली पूजा की आस्था और खेल के जोश से सराबोर रहा।

# सड़क किनारे पड़ा मिला लावारिस शव

## कई घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा /कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र कटिहार गेड़ाबाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 81भटवाड़ा के चरखी के पास सड़क किनारे में सुबह से एक लावारिश शव पड़ा हुआ। 5 घंटे के बाद भी नहीं पहुंची कोढा पुलिस।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक व्यक्ति दिमागी स्वास्थ्य को लेकर कमजोर हैं यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से आसपास मांग कर खाना खाकर वह पानी पीकर गुजारा किया करते थे रात में भी आसपास के लोगों से खाना पीना का मांग खाना खाया वहीं सड़क के किनारे टावर के समीप सो गए सुबह लोगों ने उसे देखा देखने पर उसे जगाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उठा आसपास के जितने भी लोग हैं सभी दूसरे जिले से आकर मखाना फौरी का कार्य करते हैं जिस कारण सभी अपने काम में व्यस्त हो गए हालांकि ग्रामीण में उनकी सूचना कोढा पुलिस को दी लेकिन सुबह से खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर कोढा पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

# आस्था के महापर्व छठ को लेकर विजय स्पोर्टिंग क्लब की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर विजय स्पोर्टिंग क्लब के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोक आस्था का महान छठ पर्व की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विकास सिंह ने बताया कि नगर निगम और विजय स्पोर्टिंग क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विजय बाबू पोखर पर साफ सफाई का काम अंतिम चरण में है अध्यक्ष विकास सिंह ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, बिजली विभाग,बियाडा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं में जीवन ज्योति सेवा संस्थान, लायंस क्लब,सिविल डिफेंस,रेडक्रॉस से विजय बाबू के पोखर पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए सहयोग करने का अनुरोध किया है।

श्री सिंह ने बताया कि विजय बाबू के पोखर पर छठवर्तियों एवं श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगाजल, दूध, अगरबत्ती,आम का पल्लव, दतमन ,दवाई,डॉक्टर, डायबिटीज चेकअप, एम्बुलेंस, गोताखोर नाव की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी श्री सिंह ने बताया कि क्लब के एक-एक साथी दुर्गा पूजा के बाद से ही लोक आस्था का महान छठ पर्व की तैयारी को लेकर जोर जोर से लगे हुए हैं श्री सिंह ने सदस्यों एवं उद्यमियों से सहयोग राशि जल्द से जल्द जमा करने का अनुरोध किया है ' बैठक को संबोधित करने वालों में संरक्षक बीके सिंह श्यामल किशोर सिन्हा, बद्री शाह ,आजाद सिंह,, मोहम्मद नौशाद ,असद इकबाल ,सूरज कुमार, मनोज कुमार चुन्नू ,प्रेम कुमार शाह ,गौरव शाह ,विजय चौधरी राजीव कुमार विश्वकर्मा, रमाकांत कुशवाहा राकेश शर्मा दिग्विजय सिंह अधिवक्ता,प्रदीप शाह, प्रहलाद कुशवाहा,ललन सिंह रंजन सिंह, डिंपी मंडल, राजू अग्रवाल ,पिंकू यादव सुनील कुमार सिंह बौआ ,मौसम कुमार सिंह धीरज झा,राजेश कुमार शर्मा, नवीन कुमार दास, विवेक सिंह, राठौड़ अमित कुमार सिंह, करण कुमार ,अजय साह, राजाजी, विक्रम कुमार सिंह , अजय सिन्हा, बच्चू सरकार, कुंदन वर्मा पिंटू यादव, देव कुमार मंडल, सुभाष मंडल,प्रमोद पासवान, मनोवर इस्लाम, मोहम्मद अमीरुल, मोहन बादवानी, भीम वाधवानी, श्रीकांत शर्मा, अविनाश कुमार, गंगुबाधवानी,संजय कुमार शाह, लालमोहन सिंह,सिकंदर मंडल, राजेश चौधरी, बादल साह , विजय साह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**डंडखोरा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में द्वितीय चरण में होने वाले विधानसभा के चुनाव की प्रशासनिक तैयारी जोरों से चल रहा है। कदवा विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त आब्जर्वर राहुल कुमार हरिदास ने प्रखंड क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मतदान कक्ष, शौचालय, पेयजल, रैंप,रौशनी,स्वच्छता आदि की व्यवस्था का जायजा लिया एवं त्रुटियों को चिह्नित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश एवं विद्यालय प्रधान को सुधार करने का निर्देश दिया।इस क्रम में उन्होंने भमरैली, रघैली, नेपड़ा आदि विद्यालयों एवं अन्य भवनों में स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान कर्मियों के पहुंचते हीं उनके विश्राम की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।बीडीओ के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए खासकर महिला एवं अनुसुचित जाति- जनजाति वर्ग के मतदाताओं के बीच मतदान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता जताई।मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, पंचायत सचिव अमरदीप कुमार,सेक्टर पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक निखिल कुमार, संजीव कुमार गुप्ता, अनिल कुमार साह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## संपादकीय

# अपराध रोकने के नाम पर निर्दोषों को सजा

कानून के शासन की यह प्राथमिक जवाबदेही रही है कि अपराध पर नियंत्रण के लिए सभी स्तर पर यथोचित कदम उठाए जाने चाहिए। इसी के समांतर यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महज आशंका के आधार पर कानून का सहारा लेकर किसी निर्दोष को परेशान करने पर सख्ती से रोक लगे। मगर ऐसे मामले अक्सर सामने आते हैं, जिसमें पुलिस सिर्फ आरोप या शक के आधार पर भी किसी को कानून के कठघरे में खड़ा कर देती है।इसके बाद शुरू होती है अदालती सुनवाई की एक लंबी और जटिल प्रक्रिया, जिसके संजाल से निकलना कई बार लोगों के लिए बेहद मुश्किल होता है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में ईसाई मत में 'सामूहिक धर्म परिवर्तन' का आरोप लगा कर कानून के कठघरे में खड़ा किए गए लोगों के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को रद्द कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि आपराधिक कानून निर्दोष लोगों को परेशान करने का साधन नहीं हो सकता।दरअसल, फतेहपुर में एक विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया गया था। मगर अदालत ने पाया कि प्राथमिकी में कानूनी और प्रक्रियागत खामियां थीं और विश्वसनीय सामग्री का अभाव था। सवाल है कि अगर इस बुनियाद पर मुकदमे की सुनवाई होती तो कैसा फैसला आता? इस संबंध में अदालत ने उचित टिप्पणी की है कि ऐसे मुकदमे को जारी रखना 'न्याय का उपहास' होगा !यह छिपा नहीं है कि किसी कानून का सहारा लेकर पुलिस अगर एक निर्दोष को कठघरे में खड़ा कर देती है, तो उसके जीवन की क्या स्थिति हो जाती है। हमारे समाज में ज्यादातर लोगों को कायदे-कानून की जटिल प्रक्रिया और बारीकियों के बारे में ज्यादा कुछ नहीं मालूम होता है, लेकिन अगर वे अपनी किसी चूक या फिर किसी की ओर से निशाना बनाए जाने के बाद कानूनी जटिलताओं में फंस जाते हैं, तो उसके बाद उनका जीवन-संघर्ष मुकदमों का सामना करते हुए लंबे समय तक जारी रहता है।निश्चित रूप से अपराध से निपटने के लिए बनाए गए सख्त कानून समय की जरूरत हैं, लेकिन किसी भी स्थिति में अगर वे कानून किसी निर्दोष के उत्पीड़न और उसे परेशान करने के काम में लाए जाते हैं, तो यह एक तरह से कानून को ही ताक पर रखने जैसा होगा। एक स्वस्थ लोकतंत्र में अपराध पर काबू पाने के मकसद से बनाए गए कानूनों को निर्दोष लोगों के उत्पीड़न का साधन बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। अगर इसका ध्यान नहीं रखा जाता है, तो मुकदमा चलाने वाली एजेंसियों को पूरी तरह से अविश्वसनीय सामग्री के आधार पर अपनी मर्जी और कल्पना के आधार पर मुकदमा शुरू करने की छूट मिल सकती है।

# चित्रगुप्त जी यमराज के लेखपाल हैं, जो हर जीव के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं

भाई दूज का पर्व दिवाली के बाद मनाया जाता है, जिसमें भाई-बहन के स्नेह का आदान-प्रदान होता है। इस दिन चित्रगुप्त पूजा की जाती है, जो ज्ञान और नैतिकता का प्रतीक है। यह पूजा विशेष रूप से शिक्षकों और व्यापारियों द्वारा की जाती है।

जैसे पांच दिन तक चलने वाला दिवाली का त्योहार समाप्त होता है, उसी के साथ भाई-बहन के स्नेह का पर्व भाई दूज मनाया जाता है। इसी दिन चित्रगुप्त पूजा का धार्मिक अनुष्ठान भी किया जाता है। भक्त भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते हैं, जिन्हें हर आत्मा के अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब रखने वाला देवता माना जाता है।

भारत के कई हिस्सों, खासकर उत्तर भारत में, इस दिन को मस्य दान पूजा भी कहा जाता है। इस दिन लोग कलम और दावात (स्याही की दवात) की पूजा करते हैं। ये वस्तुएं ज्ञान, बुद्धि और न्याय के प्रतीक मानी जाती हैं।



चित्रगुप्त पूजा 2025 की तिथि और मुहूर्त

चित्रगुप्त पूजा 2025 का उत्सव गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। इसी दिन भाई दूज भी है। यह दिन भगवान चित्रगुप्त को समर्पित होता है, जो मानव कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले दिव्य देवता हैं। यह पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर होती है।

मुहूर्त (अपराह्न काल)
तारीख~गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025
समय~दोपहर 1.32 बजे से 3.51 बजे तक
अवधि~2 घंटे 19 मिनट
तिथि का समय~
द्वितीया तिथि प्रारंभ. 22 अक्टूबर को रात 8~16 बजे
द्वितीया तिथि समाप्त. 23 अक्टूबर को रात 10~46 बजे

चित्रगुप्त पूजा क्यों की जाती है?

हिंदू मान्यता के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त का जन्म कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को हुआ था, जो भाई दूज के दिन पड़ती है।कहा जाता है कि वे भगवान ब्रह्मा की मानसिक संतानों में से हैं, इसलिए उनका नाम पड़ा चित्रगुप्त जिसका अर्थ है चित्त (मन) से उत्पन्न और गुप्त (ज्ञान से भरे हुए)। भगवान चित्रगुप्त यमराज के सलाहकार और ब्रह्मांड के कर्म लेखाकार हैं। वे हर व्यक्ति के कर्मों का हिसाब रखते हैं और उसी के आधार पर मृत्यु के बाद उसका भाग्य तय होता है।

चित्रगुप्त जी यमराज के लेखपाल हैं, जो हर जीव के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं. उन्हें धर्म और न्याय का देवता भी कहा जाता है. चित्रगुप्त पूजा क्यों की जाती है? इस दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने से व्यक्ति के पाप मिट जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है.

मंत्री श्री धर्मराजस्य चित्रगुप्त~शुभंकर~।
पायान्मां सर्वपापेभ्य~शरणागत वत्सल~।।

एक बार युधिष्ठिरजी भीष्मजी से बोले- हे पितामह! आपकी कृपा से मैंने धर्मशास्त्र सुने, परंतु यम द्वितीया का क्या पुण्य है? क्या फल है? यह मैं सुनना चाहता हूं। आप कृपा करके मुझे विस्तारपूर्वक कहिए।

भीष्मजी बोले- तूने अच्छी बात पूछी। मैं उस उत्तम व्रत को विस्तारपूर्वक बताता हूं। कार्तिक मास के उजले और चैत्र के अंधेरे की पक्ष जो द्वितीया होती है, वह यम द्वितीया कहलाती है।

युधिष्ठिरजी बोले- उस कार्तिक के उजले पक्ष की द्वितीया में किसका पूजन करना चाहिए और चैत्र महीने में यह व्रत कैसे हो? इसमें किसका पूजन करें?

भीष्मजी बोले- हे युधिष्ठिर! पुराण संबंधी कथा कहता हूं। इसमें संशय नहीं कि इस कथा को सुनकर प्राणी सब पापों से छूट जाता है। सतयुग में नारायण भगवान से, जिनकी नाभि में कमल है, उससे 4 मुंह वाले ब्रह्माजी उत्पन्न हुए जिनसे वेदवेत्ता भगवान ने चारों वेद कहे।

नारायण बोले- हे ब्रह्माजी! आप सबकी तुरीय अवस्था, रूप और योगियों की गति हो, मेरी आज्ञा से संपूर्ण जगत को शीघ्र रचो।

हरि के ऐसे वचन सुनकर हर्ष से प्रफुल्लित हुए ब्रह्माजी ने मुख से ब्राह्मणों को, बाहुओं से क्षत्रियों को, जंघाओं से वैश्यों को और पैरों से शूद्रों को उत्पन्न किया। उनके पीछे देव, गंधर्व, दानव, राक्षस, सर्प, नाग, जल के जीव, स्थल के जीव, नदी, पर्वत और वृक्ष आदि को पैदा कर मनुजी को पैदा किया। इनके बाद दक्ष प्रजापतिजी को पैदा किया और तब उनसे आगे और सृष्टि उत्पन्न करने को कहा। दक्ष प्रजापतिजी से 60 कन्याएं उत्पन्न हुईं जिनमें से 10 धर्मराज को, 13 कश्यप को और 27 चन्द्रमा को दीं।

कश्यपजी से देव, दानव, राक्षस इनके सिवाय और भी गंधर्व, पिशाच, गो और पक्षियों की जातियां पैदा हुईं। धर्मराज को धर्म प्रधान जानकर सबके पितामह ब्रह्माजी ने उन्हें सब लोकों का अधिकार दिया और धर्मराज से कहा कि तुम आलस्य त्यागकर काम करो। जीवों ने जैसे-जैसे शुभ व अशुभ कर्म किए हैं, उसी प्रकार न्यायपूर्वक वेद शास्त्र में कही विधि के अनुसार कर्ता को कर्म का फल दो और सदा मेरी आज्ञा का पालन करो।

ब्रह्माजी की आज्ञा सुनकर बुद्धिमान धर्मराज ने हाथ जोड़कर सबके परम-पूज्य ब्रह्माजी को कहा- हे प्रभो! मैं आपका सेवक निवेदन करता हूं कि इस सारे जगत के कर्मों का विभागपूर्वक फल देने की जो आपने मुझे आज्ञा दी है, वह एक महान कर्म है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर मैं यह काम करूंगा जिससे कि कर्ताओं को फल मिलेगा, परंतु पूरी सृष्टि में जीव और उनके देह भी अनंत हैं। देशकाल ज्ञात-अज्ञात आदि भेदों से कर्म भी अनंत हैं। उनमें कर्ता ने कितने किए, कितने भोगे, कितने शेष हैं और कैसा उनका भोग है तथा इन कर्मों के भी मुख्य व गौण भेद से अनेक हो जाते हैं एवं कर्ता ने कैसे किया, स्वयं किया या दूसरे की प्रेरणा से किया आदि कर्म चक्र महागहन हैं। अत~मैं अकेला किस प्रकार इस भार को उठा सकूंगा? इसलिए मुझे कोई ऐसा सहायक दीजिए, जो धार्मिक, न्यायी, बुद्धिमान, शीघ्रकारी, लेख कर्म में विज्ञ, चमत्कारी, तपस्वी, ब्रह्मनिष्ठ और वेद शास्त्र का ज्ञाता हो।

धर्मराज के इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक किए हुए कथन को विधाता सत्य जान मन में प्रसन्न हुए और यमराज का मनोरथ पूर्ण करने की चिंता करने लगे कि उक्त सब गुणों वाला ज्ञानी लेखक पुरुष होना चाहिए। उसके बिना धर्मराज का मनोरथ पूर्ण न होगा।

तब ब्रह्माजी ने कहा- हे धर्मराज! तुम्हारे अधिकार में मैं सहायता करूंगा।

इतना कह ब्रह्माजी ध्यानमग्न हो गए। उसी अवस्था में उन्होंने 1,000 वर्ष तक तपस्या की। जब समाधि खुली तब अपने सामने श्याम रंग, कमल नयन, शंख की-सी गर्दन, गूढ़ सिर, चन्द्रमा के समान मुख वाले, कलम-दवात और पानी हाथ में लिए हुए, महाबुद्धि, देवताओं का मान बढ़ाने वाला, धर्माधर्म के विचार में महाप्रवीण लेखक, कर्म में महाचतुर पुरुष को देख उससे पूछा कि तू कौन है?

तब उसने कहा- हे प्रभो! मैं माता-पिता को तो नहीं जानता किंतु आपके शरीर से प्रकट हुआ हूं इसलिए मेरा नामकरण कीजिए और कहिए कि मैं क्या करूं?

ब्रह्माजी ने उस पुरुष के वचन सुन अपने हृदय से उत्पन्न हुए उस पुरुष को हंसकर कहा- तू मेरी काया से प्रकट हुआ है इससे मेरी काया में तुम्हारी स्थिति है इसलिए तुम्हारा नाम कायस्थ चित्रगुप्त है। धर्मराज के पुर में प्राणियों के शुभाशुभ कर्म लिखने में उसका तू सखा बने इसलिए तेरी उत्पत्ति हुई है।

ब्रह्माजी ने चित्रगुप्त से यह कहकर धर्मराज से कहा- हे धर्मराज! यह उत्तम लेखक तुझको मैंने दिया है, जो संसार में सब कर्मसूत्र की मर्यादा पालने के लिए है। इतना कहकर ब्रह्माजी अंतर्ध्यान हो गए।

फिर वह पुरुष (चित्रगुप्त) कोटि नगर को जाकर चंड-प्रचंड ज्वालामुखी कालीजी के पूजन में लग गया। उपवास कर उसने भक्ति के साथ चंडिकाजी की भावना मन में की। उसने उत्तमता से चित्त लगाकर ज्वालामुखी देवी का जप और स्तोत्रों से भजन-पूजन और उपासना इस प्रकार की- हे जगत को धारण करने वाली, तुमको नमस्कार है महादेवी! तुमको नमस्कार है। स्वर्ग, मृत्यु, पाताल आदि लोक-लोकांतरों को रोशनी देने वाली, तुमको नमस्कार है। संध्या और रात्रि रूप भगवती, तुमको नमस्कार है। श्वेत वस्त्र धारण करने वाली सरस्वती, तुमको नमस्कार है। सत, रज, तमोगुण रूप देवगणों को कांति देने वाली देवी, हिमाचल पर्वत पर स्थापित आदिशक्ति चंडी देवी तुमको नमस्कार है।

उत्तम और न्यून गुणों से रहित वेद की प्रवृत्ति करने वाली, 33 कोटि देवताओं को प्रकट करने वाली त्रिगुण रूप, निर्गुण, गुणरहित, गुणों से परे, गुणों को देने वाली, 3 नेत्रों वाली, 3 प्रकार की मूर्ति वाली, साधकों को वर देने वाली, दैत्यों का नाश करने वाली, इन्द्रादि देवों को राज्य देने वाली, श्रीहरि से पूजित देवी हे चण्डिका! आप इन्द्रादि देवों को जैसे वरदान देती हैं, वैसे ही मुझको वरदान दीजिए। मैंने लोकों के अधिकार के लिए आपकी स्तुति की है, इसमें संशय नहीं है।

ऐसी स्तुति को सुन देवी ने चित्रगुप्तजी को वर दिया। देवीजी बोलीं- हे चित्रगुप्त! तूने मेरा आराधन-पूजन किया, इससे मैंने आज तुमको वर दिया कि तू परोपकार में कुशल अपने अधिकार में सदा स्थिर और असंख्य वर्षों की आयु वाला होगा। यह वर देकर दुर्गा देवीजी अंतर्ध्यान हो गईं। उसके बाद चित्रगुप्त धर्मराज के साथ उनके स्थान पर गए और वे आराधना करने योग्य अपने आसन पर स्थित हुए।

उसी समय ऋषियों में उत्तम ऋषि सुशर्मा, जिसको संतान की चाहना थी, ने ब्रह्माजी का आराधन किया। तब ब्रह्माजी ने प्रसन्नता से उसकी इरावती नाम की कन्या को पाकर चित्रगुप्त के साथ उसका विवाह किया। उस कन्या से चित्रगुप्त के 8 पुत्र उत्पन्न हुए, जिनके नाम ये हैं- चारु, सुचारु, चित्र, मतिमान, हिमवान, चित्रचारु, अरुण और 8वां अतीन्द्रिय। दूसरी जो मनु की कन्या दक्षिणा चित्रगुप्त से विवाही गई, उसके 4 पुत्र हुए। उनके भी नाम सुनो- भानु, विभानु, विश्वभानु और वीर्य्यावान?। चित्रगुप्त के ये 12 पुत्र विख्यात हुए और पृथ्वी-तल पर विचरे।

उनमें से चारु मथुराजी को गए और वहां रहने से मथुरा हुए। हे राजन?, सुचारु गौड़ बंगाले को गए, इससे वे गौड़ हुए। चित्रभट्ट नदी के पास के नगर को गए, इससे वे भट्टनागर कहलाए। श्रीवास नगर में भानु बसे, इससे वे श्रीवास्तव्य कहलाए। हिमवान अम्बा दुर्गाजी की आराधन कर अम्बा नगर में ठहरे, इससे वे अम्बष्ट कहलाए। सखसेन नगर में अपनी भार्या के साथ मतिमान गए, इससे वे सूर्यध्वज कहलाए और अनेक स्थानों में बसे अनेक जाति कहलाए।

उस समय पृथ्वी पर एक राजा जिसका नाम सौदास था, सौराष्ट्र नगर में उत्पन्न हुआ। वह महापापी, पराया धन चुराने वाला, पराई स्त्रियों में आसक्त, महाअभिमानी, चुगलखोर और पाप कर्म करने वाला था। हे राजन?! जन्म से लेकर सारी आयुपर्यन्त उसने कुछ भी धर्म नहीं किया। किसी समय वह राजा अपनी सेना लेकर उस वन में, जहां बहुत हिरण आदि जीव रहते थे, शिकार खेलने गया। वहां उसने निरंतर व्रत करते हुए एक ब्राह्मण को देखा। वह ब्राह्मण चित्रगुप्त और यमराजजी का पूजन कर रहा था।

यम द्वितीया का दिन था। राजा ने पूछा- महाराज! आप क्या कर रहे हैं? ब्राह्मण ने यम द्वितीया व्रत कह सुनाया। यह सुनकर राजा ने वहीं उसी दिन कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को धूप तथा दीपादि सामग्री से चित्रगुप्तजी के साथ धर्मराजजी का पूजन किया। व्रत करके उसके बाद वह अपने घर में आया। कुछ दिन पीछे उसके मन को विस्मरण हुआ और वह व्रत भूल गया। याद आने पर उसने फिर से व्रत किया।

समयोपरांत काल संयोग से वह राजा सौदास मर गया। यमदूतों ने उसे दृढ़ता से बांधकर यमराजजी के पास पहुंचाया। यमराजजी ने उस घबराते हुए मन वाले राजा को अपने दूतों से पिटते हुए देखा तो चित्रगुप्तजी से पूछा कि इस राजा ने क्या कर्म किया? उस समय धर्मराजजी का वचन सुन चित्रगुप्तजी बोले- इसने बहुत ही दुष्कर्म किए हैं, परंतु दैवयोग से एक व्रत किया, जो कार्तिक के शुक्ल पक्ष में यम द्वितीया होती है, उस दिन आपका और मेरा गंध, चंदन, फूल आदि सामग्री से एक बार भोजन के नियम से और रात्रि में जागने से पूजन किया। हे देव! हे महाराज! इस कारण से यह राजा नरक में डालने योग्य नहीं है। चित्रगुप्तजी के ऐसा कहने से धर्मराजजी ने उसे छुड़ा दिया और वह इस यम द्वितीया के व्रत के प्रभाव से उत्तम गति को प्राप्त हुआ।

ऐसा सुनकर राजा युधिष्ठिर भीष्म से बोले- हे पितामह! इस व्रत में मनुष्यों को धर्मराज और चित्रगुप्तजी का पूजन कैसे करना चाहिए? सो मुझे कहिए।

भीष्मजी बोले- यम द्वितीया के विधान को सुनो। एक पवित्र स्थान पर धर्मराज और चित्रगुप्तजी की मूर्ति बनाएं और उनकी पूजा की कल्पना करें। वहां उन दोनों की प्रतिष्ठा कर 16 प्रकार व 5 प्रकार की सामग्री से श्रद्धा-भक्तियुक्त नाना प्रकार के पकवानों, लड्डुओं, फल, फूल, पान तथा दक्षिणादि सामग्रियों से धर्मराजजी और चित्रगुप्तजी का पूजन करना चाहिए। पीछे बारंबार नमस्कार करें।

हे धर्मराजजी! आपको नमस्कार है। हे चित्रगुप्तजी! आपको नमस्कार है। पुत्र दीजिए, धन दीजिए सब मनोरथों को पूरे कर दीजिए। इस प्रकार चित्रगुप्तजी के साथ श्री धर्मराजजी का पूजन कर विधि से दवात और कलम की पूजा करें। चंदन, कपूर, अगर और नैवेद्य, पान, दक्षिणादि सामग्रियों से पूजन करें और कथा सुनें। बहन के घर भोजन कर उसके लिए धन आदि पदार्थ दें। इस प्रकार भक्ति के साथ यम द्वितीया का व्रत करने वाला पुत्रों से युक्त होता है और मनोवांछित फलों को पाता है।

# गायों की पूजा का त्योंहार है गोवर्धन पूजा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

गोवर्धन पूजा एक प्रमुख त्योहार है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोककथा है। इस त्यौहार का भारतीय लोकजीवन में काफी महत्व है। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही के दिन इन्द्र का मानमर्दन कर गिरिराज पूजन किया था। कबीर दास जी कहते है~

कबीर गोवर्धन कृष्ण जी उठाया, द्रोणागिरि हनुमंत। शेष नाग सब सृष्टी उठाई, इनमें को भगवंत।।

इस दिन मन्दिरों में अन्नकूट किया जाता है। अन्नकूट एक प्रकार से सामूहिक भोज का आयोजन है जिसमें पूरा परिवार एक जगह बनाई गई रसोई से भोजन करता है। इस दिन चावल, बाजरा, कढ़ी, साबुत मूंग सभी सब्जियां एक जगह मिलाकर बनाई जाती हैं। मंदिरों में भी अन्नकूट बनाकर प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। सायंकाल गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा की जाती है।

अन्नकूट में चंद्र-दर्शन अशुभ माना जाता है। यदि प्रतिपदा में द्वितीया हो तो अन्नकूट अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन सन्ध्या के समय दैत्यराज बलि का पूजन भी किया जाता है। गोवर्धन गिरि भगवान के रूप में माने जाते हैं और इस दिन उनकी पूजा अपने घर में करने से धन, धान्य, संतान और गोरस की वृद्धि होती है। आज का दिन तीन उत्सवों का संगम होता है। इस दिन दस्तकार और कल-कारखानों में कार्य करने वाले कारीगर भगवान विश्वकर्मा की पूजा भी करते हैं। इस दिन सभी कल-कारखाने तो पूर्णतः बंद रहते हैं। घर पर कुटीर उद्योग चलाने वाले कारीगर भी काम नहीं करते। भगवान विश्वकर्मा और मशीनों का दोपहर के समय पूजन किया जाता है।

गोवर्धन पूजा में गोधन यानी गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। इनका बछड़ा खेतों में हल जोतकर अनाज उगाता है। इस तरह गौ सम्पूर्ण मानव जाती के लिए पूजनीय और आदरणीय है। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की।



वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र, अग्नि आदि देवताओं की पूजा का विधान है। इसी दिन बलि पूजा, गोवर्धन पूजा होती हैं। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराकर, फूल माला, धूप, चंदन आदि से उनका पूजन किया जाता है। गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारी जाती है। यह ब्रजवासियों का मुख्य त्योहार है। अन्नकूट या गोवर्धन पूजा भगवान कृष्ण के अवतार के बाद द्वापर युग से प्रारम्भ हुई। उस समय लोग इन्द्र भगवान की पूजा करते थे तथा छप्पन प्रकार के भोजन बनाकर तरह-तरह के पकवान व मिठाइयों का भोग लगाया जाता था।

दीपावली के दूसरे दिन सायंकाल गोवर्धन पूजा का विशेष आयोजन होता है। इस दिन प्रातः गाय के गोबर से लेटे हुए पुरुष के रूप में गोवर्धन बनाया जाता है। अनेक स्थानों पर इसके मनुष्याकार बनाकर पुष्पों, लताओं आदि से सजाया जाता है। इनकी नाभि के स्थान पर एक कटोरी या मिट्टी का दीपक रख दिया जाता है। फिर इसमें दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में इसे प्रसाद के रूप में बांट देते हैं। शाम को गोवर्धन की पूजा की जाती है। पूजा में धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल, फूल, खील, बताशे आदि का प्रयोग किया जाता है। पूजा के बाद गोवर्धनजी की जय बोलते हुए उनकी सात परिक्रमाएं लगाई जाती हैं। परिक्रमा के समय एक व्यक्ति हाथ में जल का लोटा व अन्य जौ लेकर चलते हैं। जल के लोटे वाला व्यक्ति पानी की धारा गिराता हुआ तथा अन्य जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी करते हैं।

महाराष्ट्र में यह दिन बालि प्रतिपदा या बालि पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु के एक अवतार वामनकी राजा बलि पर विजय और बाद में राजाबलि को पाताल लोक भेजने के कारण इस दिन उनका पुण्य स्मरण किया जाता है। माना जाता है कि भगवान वामन द्वारा दिए गए वरदान के कारण असुर राजा बलि इस दिन पातल लोक से पृथ्वी लोक आता है। अधिकतर गोवर्धन पूजा का दिन गुजराती नव वर्ष के दिन के साथ मिल जाता है जो कि कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा उत्सव गुजराती नव वर्ष के एक दिन पहले मनाया जा सकता है और यह प्रतिपदा तिथि के प्रारम्भ होने के समय पर निर्भर करता है।

गोवर्धन पूजा के सम्बन्ध में एक लोकगाथा प्रचलित है कि देवराज इन्द्र का अभिमान चूर करने हेतु भगवान श्री कृष्ण ने एक लीला रची। एक दिन उन्होंने देखा के सभी बृजवासी उत्तम पकवान बना रहे हैं और किसी पूजा की तैयारी में जुटे। श्री कृष्ण ने यशोदा मैया से प्रश्न किया कि आप लोग किन की पूजा की तैयारी कर रहे हैं। कृष्ण की बातें सुनकर यशोदा मैया बोली हम देवराज इन्द्र की पूजा के लिए अन्नकूट की तैयारी कर रहे हैं। मैया के ऐसा कहने पर श्री कृष्ण बोले मैया हम इन्द्र की पूजा क्यों करते हैं? यशोदा ने कहा वह वर्षा करते हैं जिससे अन्न की पैदावार होती है। उनसे हमारी गायों को चारा मिलता है। भगवान श्री कृष्ण बोले हमें तो गोर्वधन पर्वत की पूजा करनी चाहिए क्योंकि हमारी गाये तो वहीं चरती हैं। इस दृष्टि से गोर्वधन पर्वत ही पूजनीय है और इन्द्र तो कभी दर्शन भी नहीं देते व पूजा न करने पर क्रोधित भी होते हैं। अतः ऐसे अहंकारी की पूजा नहीं करनी चाहिए।

श्री कृष्ण के कहने पर सभी ने इन्द्र के बदले गोवर्धन पर्वत की पूजा की। देवराज इन्द्र ने इसे अपना अपमान समझा और मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी। तब श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर पूरा गोवर्घन पर्वत उठा लिया और सभी बृजवासियों को उसमें अपने गाय और बछड़े समेत शरण लेने के लिए बुलाया। इन्द्र कृष्ण की यह लीला देखकर और क्रोधित हुए फलतः वर्षा और तेज हो गयी। इन्द्र का मान मर्दन के लिए तब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से कहा कि आप पर्वत के ऊपर रहकर वर्षा की गति को नियत्रित करें और शेषनाग से कहा आप मेड़ बनाकर पानी को पर्वत की ओर आने से रोकें।

इन्द्र लगातार सात दिन तक मूसलाधार वर्षा करते रहे तब उन्हे एहसास हुआ कि उनका मुकाबला करने वाला कोई आम मनुष्य नहीं हो सकता। अतः वे ब्रह्मा जी के पास पहुंचे और सब वृतान्त कह सुनाया। ब्रह्मा जी ने इन्द्र से कहा कि आप जिस कृष्ण की बात कर रहे हैं वह भगवान विष्णु के साक्षात अंश हैं।

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 22-10-2025 21:37 Page 1



# श्रद्धा और आस्था के महापर्व की तैयारी में जुटीं महिलाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आज श्रद्धा, आस्था और पवित्रता के प्रतीक छठ व्रत की विधिवत शुरूआत गेहूं धोने एवं चावल चुनने की परंपरा से की गई। महिलाओं ने पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ व्रत की तैयारियाँ आरंभ कीं।

इस अवसर पर घर-आंगन में पवित्रता और भक्ति का वातावरण बना रहा। छठी माई की जयघोष से पूरा परिवेश गूंज उठा। यह व्रत सूर्य देव और छठी माई को समर्पित है। जो परिवार के सुख-समृद्धि और संतानों की दीघार्यु के लिए किया जाता है। इस वर्ष शालिनी बैसखियार के द्वारा मेट्रोस गली स्थित उनके आवासीय परिसर में सूर्यदेव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है जिनकी पूजा अर्चना चार दिनों तक की जाएगी। पारन के दिन शाम को विसर्जन किया जायेगा।

# फॉरवर्ड ब्लॉक ने धान क्रय केंद्र को ले सीएम को भेजा पत्र

## पंचायतों में क्रय केंद्र खोलने तथा अग्रिम राशि की मांगें शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' तथा 'ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा' ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखकर किसानों का धान 'एमएसपी' पर खरीदने की गारंटी करने के लिए सभी पंचायतों में धान क्रय केंद्र खोलने तथा ससमय एमएसपी की घोषणा कर धान खरीदी के लिए अग्रिम राशि की मांग की है।

इस बाबत पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने बताया कि, गिरिडीह उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि, हर साल झारखंड के किसानों का धान औने-पौने दाम पर बिक जाता है, जबकि सरकार देर से एमएसपी की घोषणा करती है। धान खरीदने के लिए निर्धारित पैक्सों की संख्या भी पर्याप्त नहीं रहती, जो किसान वहां धान बेचते हैं, उन्हें समय पर भुगतान भी नहीं मिलता। इन सब कारणों से किसानों को जबरदस्त नुकसान उठाते हुए लगभग आधी कीमत पर धान बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है।



श्री यादव ने कहा कि इन सब परिस्थितियों को देखते हुए 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' तथा 'ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा' की ओर से, मुख्यमंत्री से 2 सूत्री मांग की गई है। पहली मांग के तहत सभी पंचायतों में धान क्रय केंद्र खोलने तथा इस पर तत्काल अमल करने की मांग की गई है। जबकि, दूसरी मांग में धान खरीदने के लिए सभी केंद्रों को अग्रिम राशि की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि चुनाव में भी किसानों से इस तरह का वादा किया गया था, लेकिन सही तरीके से इस पर अमल नहीं हुआ। किसान आज भी नुकसान सहकर धान बेचने को मजबूर हैं। पत्र प्रेषित करने वालों में संगठन के मनोज कुमार यादव, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, कामेश्वर यादव सहित अन्य थे।

# ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय एवं गिरिडीह शाखा का उद्घाटन जे आर जी बैंक झारखंड राज्य के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर गिरिडीह क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कन्नौजिया वरीय प्रबंधक प्रतिमा कुमारी, अनन्त चौधरी, कपिल देव ठाकुर एवं निरिडिह शाखा प्रबंधक केशव भारद्वाज समेत समस्त अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर बताया गया कि इस नए क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन के साथ बैंक की तमाम तरह की प्रशासनिक एव वितीय सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# महागठबंधन में उभरा मतभेद

## मामला राजद प्रत्याशी की गिरफ्तारी का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच सासाराम से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी सत्येंद्र साह की गिरफ्तारी ने राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। झारखंड पुलिस ने 20 वर्ष पुराने एक मामले में साह को गिरफ्तार किया, जिसे राजद ने राजनीतिक साजिश करार दिया है। इससे गठबंधन में पहले से व्याप्त खटास को और गहरा किया है।

राजद ने इसपर सवाल खड़े करते हुए नाराजगी जताई है। बीते 20 अक्टूबर को सत्येंद्र साह सासाराम विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिए गए। नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही झारखंड पुलिस की टीम ने गैर जमानती वारंट के आधार पर उन्हें हिरासत में ले लिया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार साह के खिलाफ विभिन्न थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। इस घटना को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राजद के बीच बढ़ती खटास से जोड़ा जा रहा है। बिहार चुनावों में सीट बंटवारे पर सहमति न बन पाने के कारण झामुमो ने सोमवार को ही महागठबंधन से किनारा कर लिया था। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार ने राजद और कांग्रेस पर राजनीतिक साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि हमें धोखा दिया गया। छह सीटों पर हमारा दावा था, लेकिन हमें नजरंदाज कर दिया गया। हम झारखंड में गठबंधन की समीक्षा करेंगे।

झामुमो ने चकाई समेत धमदाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती जैसी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन अंतिम समय में पार्टी पीछे हट गई। इस घटनाक्रम का असर यह हुआ कि सीट बंटवारे में झामुमो ने घोर उपेक्षित महसूस किया, जिससे खटास बढ़ी।घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के बाद झामुमो में गठबंधन की समीक्षा को लेकर दबाव बढ़ गया है। पार्टी ने भी कहा है कि झारखंड में जारी गठबंधन की समीक्षा की जाएगी। हालांकि, इसपर राजद ने जहां संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन की सराहना की है, वहीं कांग्रेस खेमे में चुप्पी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आलाकमान के स्तर से ऐसे निर्णय होते हैं। प्रदेश स्तर पर इसपर प्रतिक्रिया देना उचित नहीं है।

### पत्रकारों से मिले अख्तरुल ईमान

**किशनगंज।** विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी राज्य की कुल 29 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि जीडीए गठबंधन कुल 59 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बुधवार को किशनगंज स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। मालूम हो कि उम्मीदवारों के नाम का एलान करने के बाद से ही प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान के खिलाफ इलाके में प्रदर्शन किया गया था। कई वीडियो भी वायरल हैं, जिसमें मजलिस पार्टी के नेताओं पर उम्मीदवारों से रुपए लेने का आरोप लगाया गया है।

# चोरी की घटना ने खोली रेल सुरक्षा की पोल

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला और बंडामुंडा यार्ड में खड़ी दो टीआरटी (ट्रैक रिलेइंग ट्रेन) से कीमती कापर केबल चोरी होने की घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी की यह वारदात 19 और 20 अक्तूबर की दरम्यानी रात में हुई। जानकारी के अनुसार, कांसबाहाल और कुलुंगा स्टेशनों के बीच 21 अक्तूबर को प्रस्तावित मेगा ब्लाक के दौरान इन दोनों टीआरटी ट्रेनों का उपयोग किया जाना था। इसके लिए रेलवे बोर्ड से पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन कार्य शुरू होने से पहले ही चोरों ने दोनों ट्रेनों को निशाना बना लिया।

सीनियर डीईएन चक्रधरपुर द्वारा मंडल सुरक्षा आयुक्त को भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि राउरकेला यार्ड में खड़ी टीआरटी संख्या 09 से करीब 15 सिग्नल केबल काटे गए, जिनमें से 6 केबल (लगभग 60 मीटर लंबाई) चोरी हो गए। वहीं टीआरटी संख्या 06 से 9 बिजली के केबल और एक सिग्नल केबल चोरी की गई।

# गेंदा फूलों की खेती से मनीष संवार रहे जिंदगी

## आसपास की क्षेत्रों में हो रही चर्चा

## दूसरों को भी दे रहे रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर प्रखंड के बेको स्थित कारी पाहरी में किसान ने गेंदा फूल की खेती कर मिसाल पेश किया है। किसान मनीष ने बताया कि मैं मुम्बई में औरों की तरह मजदूरी का काम करता था, लेकिन कोविड काल के दौरान घर आया तो मन ही मन सोचने लगा की अपना खेती करके क्यों नहीं कुछ किया जाय। तब गांव से तीन किलो मीटर दूर चारों तरफ जंगलों के बीच लगभग दो एकड़ की जमीन पर खेती करने लगा। इसी बीच कई तरह के सब्जियों की खेती की लेकिन उसमें अधिक मुनाफा तो नहीं हुआ, लेकिन जब स्ट्रॉबेरी और केले की भी खेती की लेकिन हाथियों द्वारा उसे नुकसान कर दिया गया। जिसके बाद अब गेंदा फूल की खेती किया हैं। उन्हानें कहा कि कम लागत से गेंदा फूल की खेती को आसानी से शुरूआत किया जा सकता है और अच्छी मुनाफे होती है।



उन्होंने कहा कि मुझे 12000 की लागत से हमने खेती की शुरूआत की और आज अच्छी आमदनी हो रही है। उन्होंने कहा कि बगोदर के आसपास कई क्षेत्रों में गेंदा फूल का मांग बढ़ गया है और लोग यहां से आकर ले जाता हैं। वहीं मनीष ने कहा कि मिट्टी से कई तरह के फासले उगाई जाती है बस मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में मजदूरों को रोजगार भी दे रहे है। लोगों के फूल तोड़कर माला बनाया जाता है साथ खर पतवार का सफाई मजदूरों से किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिजली के लिए प्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई लेकिन अब तक बिजली नही पहुंच पायी है। बिजली आने से बहुत आसानी से सिंचाई में राहत मिलती और लाभ भी अधिक होता।

# टीम ने किया उत्तर कोयल परियोजना का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरवाडीह ।** बरवाडीह की उत्तर कोयल परियोजना के अधूरे कार्यों का केंद्र सरकार की एक उच्चस्तरीय टीम ने निरीक्षण किया। यह भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग और सेंट्रल वॉटर कमीशन की संयुक्त टीम है।

टीम के दौरे का उद्देश्य परियोजना के विभिन्न चरणों की समीक्षा कर कार्य की प्रगति को गति देने की बात कही गई। निरीक्षण टीम ने बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के नेतृत्व में मंडल डैम स्थल का दौरा किया। टीम ने स्थल के ऊपरी और निचले हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं कंपनी के इंजीनियरों से विस्तृत टीम ने परियोजना स्थल पर निर्माण की जानकारी ली और उन स्थानों का मुआयना किया जहां अब भी कार्य अधूरे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य में तेजी लाना अनिवार्य है।

आइएएस शिल्पा शिंदे (सीएमडी) ने कहा उत्तर कोयल परियोजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है। इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

निरीक्षण टीम में योगेंद्र पथनकर (मेंबर सेक्रेटरी, सेंट्रल वॉटर कमीशन), एच. एस. सेंगर (मुख्य अभियंता), संजय शर्मा (सीनियर जीएम) और मानिक घोष शामिल थे। इन अधिकारियों ने मंडल डैम के दोनों हिस्सों का निरीक्षण करने के बाद स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने परियोजना से जुड़े तकनीकी बिंदुओं, वित्तीय स्थिति और समयबद्ध पूर्णता पर चर्चा की।

मौके पर अंचलाधिकारी लवकेश सिंह, एसडीपीओ भरत राम, और थाना प्रभारी अनूप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे । वही सभी ने परियोजना से जुड़े अवरोधों, भूमि अधिग्रहण की स्थिति और रहे।

# माले की जिला कमेटी की बैठक में पार्टी हित में लिये गये कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अगुवाई कर रहे थे माले के राज्य सचिव मनोज भक्त,पूर्व विधायक विनोद सिंह,जिला सचिव अशोक पासवान और इंकलाबी नौजवान सभा के महासचिव नीरज कुमार सभी ने चुनाव के बारे और संगठन विस्तार पर चर्चा की।

झारखंड एसआईआर, बिहार चुनाव कोष,नए वोटर वोटर को जागरूक,पुराने वोटर को एक्टिव करना,ब्रांच कमिटी को एक्टिव और झारखंड की नई राजनीतिक परिस्थितियों पर माले जिला कमिटी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पोलित ब्यूरो सदस्य व राज्य कमिटी के सचिव मनोज भक्त, बगोदर के पूर्व विधायक सह पोलित ब्यूरो के सदस्य विनोद सिंह और माले के जिला सचिव अशोक पासवान ने विस्तार से चर्चा की। बैठक में इंकलाबी नौजवान सभा के महासचिव नीरज कुमार विस्तार से अपने विचार रखे।




राज्य सचिव मनोज भक्त और जिला कमिटी के सचिव अशोक पासवान ने कहा कि माले के सदस्यों और लीडरों को संगठन विस्तार को लेकर बहुत मेहनत करना होगा। गिरिडीह में पार्टी स्थापित है, जिसे और भी क्षेत्रों में स्थापित करना है। बिहार चुनाव कोष और बिहार में झारखंड की टीम जाने की योजना भी बनाई गई। पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि बिहार में 65 लाख लोगों का नाम कटा गया है जिसमें 35 लाख प्रवासी मजदूरों का नाम शामिल है। झारखंड में सचेत रहकर काम नहीं काटने नहीं देना है महिला अल्पसंख्यक, दलित, गरीब, मजदूर को झारखंड में सचेत रहने की जरूरत है। सिंह ने बिहार कोष, एसआईआर मुद्दे और बिहार चुनाव पर बारीकी से चर्चा की गयी।

बैठक में कहा गया कि अपना 100% मेहनत दीजिए जिससे बिहार के साथियों का मनोबल और ऊंचा जाए जिला कमिटी के सदस्य और राज्य कमिटी के सदस्य सीताराम सिंह,भोला महतो,जयंती चौधरी, राजेश सिन्हा,भोला मंडल, रामेश्वर चौधरी,पवन महतो आदि के अलावा सभी वरिष्ठ मेंबर अपना अपना संगठन को बढ़ाने के लिए अपने-अपने विचार रखे। इंकलाबी नौजवान सभा के महासचिव नीरज कुमार ने कहा कि बिहार का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उसपर झारखंड के साथियों से अपील है कोष पर विशेष,ध्यान दें युवाओं को आगे बढ़कर कार्य करना होगा उपस्थित थे। उस्मान अंसारी, मीना दास,पूरन महतो, परमेश्वर महतो, पवन महतो, मुन्ना राणा,रामू बैठा, लालमनी यादव संदीप जयसवाल,शेखर सुमन, सोनू पांडेय, शंकर पांडे, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा,रामलाल मुर्मू,राम किशुन यादव, कयूम अंसारी, राजकुमार दास, मुस्तकीम अंसारी, नागेश्वर महतो,अभिमन्यु राम,मंटू,अशोक, धानेश्वर पासवान, सभी ने अपनी-अपनी बातें रखी।

# पूजा के दौरान फायरिंग करने वाला भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के खड़काबाद काली मंदिर में काली पूजा एवं मेला के दौरान सोमवार की रात पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान ने अपनी बंदूक से तीन चक्र फायरिंग की। इससे अफरा-तफरी मच गई और काली पूजा तथा मेला का रंग फीका पड़ गया। इस दौरान सांप्रदायिक दंगा भड़काने की कोशिश की गई। परंतु अमन पसंद लोगों की पहल पर मामला शांत कराया गया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के पूर्व अब्दुल मन्नान के समर्थकों और पूजा आयोजकों में दो बार भिड़ंत हो चुकी थी। इसमें पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

आक्रोशित लोगों ने अब्दुल मन्नान के समर्थकों को खदेड़ कर घर में घुसा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती भी दल-बल के साथ पहुंचे। पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान को गिरफ्तार कर लिया गया।

उसकी बंदूक भी जब्त कर ली गई और उन्हें मंगलवार को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में खड़काबाद की रीना शर्मा ( पति रमेंद्रनाथ शर्मा) के आवेदन पर गोविंदपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना के बाद खड़काबाद में पुलिस चौकस है और गांव में पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके। रीना शर्मा ने आवेदन में लिखा है कि खड़काबाद काली मंदिर में सोमवार शाम पूजा-अर्चना हो रही थी।

मंदिर के पास मेला लगा हुआ था। वह शाम करीब सात बजे पूजा करने गई थी। पूजा स्थल पर काफी भीड़ थी। संध्या 7:30 बजे खड़काबाद के ही रहने वाले अब्दुल मन्नान, उसका बेटा अब्दुल नुमान तथा दो बाडीगार्ड साजिद एवं अमन और अब्दुल मन्नान का साला मुशर्रफ हरवे हथियार से लैस होकर मंदिर पहुंचे।

# ट्रेनों और बसों में सीटों को लेकर मारामारी

## सरकार ने कर रखी है अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** छठ पर्व को लेकर घर जाने वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ट्रेन और बसों में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं। यह स्थिति छठ से पहले और छठ के बाद तक बनी हुई है।

रांची रेल मंडल की ओर से 18 स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने के बावजूद यात्रियों को जगह नहीं मिल रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाली ट्रेनें तथा बसें दोनों ही पूरी तरह फुल हैं।

ऐसे में यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। कोई किराए पर वाहन बुक कर रहा है, तो कोई अधिक खर्च कर फ्लाइट से घर जाने की तैयारी में है। रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं ताकि वेटिंग लिस्ट में शामिल यात्रियों को सीट मिल सके, लेकिन इससे भी भीड़ की समस्या कम नहीं हुई है।



सेल सिटी निवासी सुधीर कुमार को मंगलवार को अपने परिवार के साथ गोरखपुर जाना था। उन्होंने बताया कि मौर्या एक्सप्रेस में सीट कंफर्म न होने के कारण उन्हें 24 हजार रुपये खर्च कर किराए पर वाहन बुक कराना पड़ा। सुधीर ने कहा, हम हर साल छठ पर गोरखपुर जाते हैं, लेकिन इस बार टिकट नहीं मिलने से मजबूरी में कार बुक करनी पड़ी। धुर्वा के अमर कुमार को बस से आरा जाना था, लेकिन सीट न मिलने पर उन्हें अगले दिन की बस से जाना पड़ रहा है। इसके लिए उन्हें सौ रुपये अतिरिक्त देने पड़े और मनचाही सीट भी नहीं मिली। 23 से 27 अक्टूबर तक ट्रेनों में जगह नहीं है। कई ट्रेनों के टिकट रिग्रेट श्रेणी में पहुंच गए हैं, जिससे अब नई बुकिंग संभव नहीं है।

प्रमुख स्टेशनों पर दैनिक फुटफाल की निगरानी की जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में रांची स्टेशन पर यात्रियों की संख्या 53,000 से बढ़कर 58,000 हो गई है, यानी करीब दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। रांची स्टेशन पर पार्किंग स्थल और मुख्य द्वार के पास यात्रियों के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है।

यात्रियों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय तथा रांची रेल मंडल में वार रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां सीसीटीवी के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है।

दक्षिण पूर्व रेलवे वर्तमान में 6 नियमित विशेष ट्रेनें और 11 अतिरिक्त त्योहार स्पेशल ट्रेनें चला रहा है।

इसके अलावा अन्य जोनों द्वारा चलाई जा रही 16 विशेष ट्रेनें भी दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार से होकर गुजर रही हैं। रेलवे ने अतिरिक्त कोचों को एकत्रित कर 20 अतिरिक्त रेक तैयार किए हैं, जिनमें से 11 रेक पूर्व रेलवे द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं तथा 9 रेक रेलवे बोर्ड द्वारा अन्य जोनों को उपलब्ध कराए गए हैं।

# अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण

**शिवाजीनगर।** आगामी छठ महापर्व को लेकर शिवाजीनगर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को शिवाजीनगर अंचल अधिकारी वीणा भारती तथा थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के डुमरा मोहन पंचायत के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की सफाई व्यवस्था, जलस्तर की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रकाश की सुविधा का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं अंचल अधिकारी वीणा भारती ने बताया कि छठ पूजा बिहार का सबसे बड़ा लोक आस्था का पर्व है, इसलिए प्रशासन का दायित्व है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, तथा महिलाओं और बच्चों के लिए अलग प्रवेश मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें।

# 168 किलो गांजा के साथ पुलिस ने दो को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 168 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गांजा का यह खेप ओडिशा के झारसुगोड़ा से बिहार ले जाई जा रही थी।

जिसकी गुप्त सूचना एसपी सादिक अनवर रिजवी को मिलने के बाद कुडू थाना पुलिस की टीम ने फोर्ड कार संख्या बीआर11 जेड-3556 को पीछा कर जब्त कर लिया। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने इसकी जानकारी मीडिया से बातचीत में दी।

उन्होंने बताया कि 18 अक्तूबर को गुप्त सूचना मिली थी कि एक फोर्ड कार से ओडिशा से बिहार की ओर गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने लोहरदगा और कुडू थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।जिसके बाद लोहरदगा-चंदवा रोड़ में चांपी चौक पर वाहन जांच अभियान लगाया। वाहन जांच होता देख कार चालक ने मौके पर पुलिस बल को देखकर तेजी से भाग निकला।

## गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई

इसके बाद पुलिस की टीम ने तुरंत पीछा किया। लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग स्थित कल्वा ढोड़ा के पास कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पेड़ से जा टकराई और कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

पुलिस ने मौके से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान अमीश कुमार लाल (19 वर्ष), पिता संजय लाल, निवासी झारसुगोड़ा, ओडिशा (स्थायी पता औरंगाबाद, बिहार) तथा आकाश राय (19 वर्ष) पिता ओसियर राय, निवासी झारसुगोड़ा, ओडिशा (स्थायी पताझछपरा, बिहार) के रूप में हुई।

कुडू के अंचलाधिकारी की उपस्थिति में कार की तलाशी ली गई, जिसमें कार से 168 किलोग्राम अवैध गांजा और एक एंड्रॉइड मोबाइल मिला। जिसे पुलिस की टीम ने बरामद कर लिया।।

इस अभियान में कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि अश्विनी कुमार राणा, सअनि चारो उरांव, कुडू थाना सैट-78 के सशस्त्र बल और चांपी पिकेट बल शामिल थे। गिरफ्तार दोनों गांजा तस्करों के खिलाफ कुडू थाना पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले में संलिप्त अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है।

C M Y K

# दीवाली पर शॉपिंग का नया रिकॉर्ड, सरकारी खर्च से भी भारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में दीवाली पर हुई शॉपिंग का नया रिकॉर्ड बन गया है। लोगों ने इस साल दीवाली पर कुल 6.05 लाख करोड़ रुपये किए, जो पिछले साल के मुकाबले 42 फीसदी अधिक है। यह आंकड़ा इसलिए खास है क्योंकि केंद्र सरकार का बजट 50 लाख करोड़ रुपये के



करीब है। केवल वित्त और रक्षा मंत्रालय का बजट छह लाख करोड़ से अधिक है, बाकी मंत्रालयों के बजट से दीवाली पर खर्च की गई रकम आगे निकल गई है।

**पांच लाख करोड़ से अधिक के उत्पाद बिके–** व्यापारियों के संगठन कैट ने मंगलवार को त्योहारी सीजन पर खरीद-बिक्री की रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार इस साल दीवाली पर 6.05 लाख करोड़ रुपये की बिक्री हुई है, जिसमें से 5.40 लाख करोड़ रुपये उत्पादों की बिक्री, जबकि 65,000 करोड़ रुपये सेवाओं से आए। पिछले साल दिवाली पर बिक्री 4.25 लाख करोड़ रुपये रही थी। कैट ने यह आंकड़ा देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर जारी किया। इनमें राज्यों की राजधानियां और दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहर शामिल हैं।

**जीएसटी कटौती का दिखा असर–** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) कैट के मुताबिक, हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती का साफ असर उपभोक्ताओं के रुझान पड़ा है। जरूरी सामान के दाम घटने से उपभोक्ता त्योहार के दौरान अधिक खर्च के लिए प्रोत्साहित हुए। सर्वे में शामिल 72 प्रतिशत व्यापारियों ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जूते, परिधान, कन्फेक्शनरी, घरेलू साजसज्जा और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों पर जीएसटी की दरों में कटौती को उच्च बिक्री का मुख्य कारण बताया।

# गौतम अडानी का मास्टरस्ट्रोक! इस कंपनी ने किया एफडीआई में बड़ा योगदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) ने इस वर्ष पहले नौ महीनों में श्रीलंका के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह में सबसे अधिक योगदान किया। इसने अत्याधुनिक बंदरगाह



बुनियादी ढांचे में 22.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। निवेश बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूआईटी, अडानी इंटरनेशनल पोर्ट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (भारत) और जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी द्वारा श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी के साथ साझेदारी में किया गया निवेश है।

**क्या है डिटेल–** निवेश बोर्ड (बीओआई) ने घोषणा की, '' बीओआई-अनुमोदित उद्यमों में निवेश के लिए विदेशी वाणिज्यिक ऋण सहित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह जनवरी से सितंबर 2025 की अवधि के दौरान 82.7 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया जो 2024 की इसी अवधि में 138 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।''

# दोस्त रूस को धक्का देकर भारत मंगाएगा अमेरिका से मक्का!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर व्यापक बातचीत चल रही है। सूत्रों के मुताबिक इस डील के बाद भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर लगने वाला 50 प्रतिशत का भारी टैक्स घटकर 15 प्रतिशत से 16 प्रतिशत रह सकता है। यह भारत के निर्यातकों के लिए बहुत बड़ी राहत की बात होगी। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेड डील के तहत भारत रूस से तेल का आयात धीरे-धीरे कम करने पर सहमत हो सकता है। साथ ही अमेरिका से नॉन-जीएम मक्का और सोयाबीन खली का आयात बढ़ाने की अनुमति दे सकता है। रूस से कच्चे तेल की खरीद और एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेद रहे हैं।

रूस से कच्चा तेल खरीदने की वजह से अमेरिका ने भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है। रूस भारत का सबसे बड़ा क्रूड सप्लायर है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 34 प्रतिशत कच्चा तेल रूस से आयात करता है। हाल के दिनों में रूस से तेल की खरीद में गिरावट आई है जबकि अमेरिका से तेल और गैस की सप्लाई बढ़ी है। भारत की कुल तेल और गैस की जरूरत का लगभग 10 प्रतिशत अमेरिका से आता है।

## टैरिफ विवाद जल्द सुलझने की उम्मीद



## चीन का विकल्प

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका से नॉन-जीएम मक्का और सोयाबीन का इम्पोर्ट बढ़ाया जा सकता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका चीन से मक्के के निर्यात में आई भारी गिरावट के बाद नए खरीदार तलाश रहा है। साल 2022 में जहां चीन ने अमेरिका से 5.2 अरब डॉलर का मक्का खरीदा था, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 331 मिलियन डॉलर रह गया है। कुल मिलाकर अमेरिका के मक्के के निर्यात में भी 2022 में 18.57 अरब डॉलर से घटकर 2024 में 13.7 अरब डॉलर रह गया है। माना जा रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील की घोषणा इस महीने के अंत में होने वाले आसियान समिट के दौरान हो सकती है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिस्सा लेने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत इथेनॉल के आयात की अनुमति देने और रूस से तेल की खरीद कम करने पर विचार कर रहा है। इसके बदले में अमेरिका से एनर्जी ट्रेड में कुछ रियायतें मिलने की उम्मीद है।

## रूसी तेल पर डिस्काउंट

सरकारी तेल कंपनियों को कच्चे तेल की सोर्सिंग डाइवर्सिफाई करने और अमेरिका की ओर रुख करने की सलाह दी जा सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय अधिकारियों ने इस बारे में रूस को बता दिया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार रूसी तेल पर मिल रही छूट और कच्चे तेल के बेंचमार्क मूल्य के बीच का अंतर काफी कम हो गया है। 2023 में यह 23 डॉलर प्रति बैरल से अधिक था जो अक्टूबर में सिर्फ 2-2.5 डॉलर प्रति बैरल रह गया है। इससे मिडिल ईस्ट और अमेरिकी कच्चे तेल अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। रूसी तेल पर डिस्काउंट के कारण भारत को वित्तीय वर्ष 2025 में 3.8 अरब डॉलर की बचत हुई।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। उसके साथ भारत आमतौर पर ट्रेड सरप्लस में रहता है। वित्तीय वर्ष 2025 में अमेरिका को भारत का निर्यात 86.51 अरब डॉलर रहा। इससे पहले भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के जल्द सुलझने की उम्मीद जताई थी। उन्होंने यह भी बताया था कि दोनों देशों के बीच 25 प्रतिशत के रेसिप्रोकल टैरिफ को घटाकर 10 से 15 प्रतिशत के बीच लाने पर बातचीत चल रही है।

# छोटे पैक में ज्यादा माल लेकिन दाम वही, अगले महीने से हो जाएगा ऐसा, सरकार की मिल गई हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोजमर्रा के कामकाज के दौरान आप कहीं दूसरे शहर गए हैं। सुबह नहाना है तो बाजार से एक या दो रुपये के शैम्पू के पाउच ले आए। दफ्तर से बाहर सड़क पर चाय पीने निकले तो साथ में 5 रुपये का बिस्कुट का छोटा पैक खरीद लिए। या फिर पांच या 10 रुपये वाला नमकीन का पैक ले लिए। आप भी ऐसा करते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। इन सब पैक में अब पहले के मुकाबले ज्यादा सामान होंगे। जी हां, इनका वजन बढ़ा हुआ होगा। इसके पीछे जीएसटी दर में कटौती का सरकार का फैसला शामिल है।

**सरकार से मिली है हरी झंडी–** दरअसल, सकार ने बीते 22 सितंबर से जीएसटी के दरों में काफी कटौती की है। इससे छोटी पैकिंग वाले एफएमसीजी सामानों के दाम घट गए हैं। उदाहरण के लिए पहले पांच रुपये में जो क्क्षुह्वद्वद्र-त्न का पैक मिलता था, वह अब 4.45 रुपये का हो जाएगा। एक रुपये की कैंडी का दाम अब 88 पैसे रह जाएगी। इसी तरह दो रुपये का शैंपू पाउच का दाम अब 1.77 रुपये रह जाएगा। ऐसे में सामान बेचने वाले के साथ साथ आम जनता को भी दिक्त होगी। इसलिए एफएमसीजी कंपनियों ने सरकार के




अधिकारियों से मुलाकात की थी। सरकार ने कुछ बड़े एफएमसीजी कंपनियों को यह साफ कर दिया है कि वे दाम कम करने के बजाय अपने पैकेट का वज़न या मात्रा बढ़ा सकते हैं। यह फैसला गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स  की दरें कम होने के बाद लिया गया है।

**जीएसटी विभाग की हरी झंडी–** हमारे सहयोगी ईटी की एक खबर के मुताबिक सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स  के अधिकारियों ने एफएमसीजी कंपनियों के साथ हुई मीटिंग्स में मौखिक रूप से यह साफ कर दिया है कि वे पैकेट का वज़न या मात्रा बढ़ा सकते हैं। इस जानकारी के बाद, कंपनियां अगले एक-दो हफ्तों में नए पैकेट का उत्पादन शुरू कर देंगी। इन नए पैकेटों में उत्पादों की मात्रा 6-12 प्रतिशत तक बढ़ाई जाएगी, लेकिन दाम वही पुराने 2, 5, 10 और 20 वाले ही रहेंगे।

**अगले महीने आ जाएगा नया पैक–** भारत की सबसे बड़ी बिस्कुट बनाने वाली अग्रणी कंपनी पारले के वाइस प्रेसिडेंट मयंक शाह ने बताया, आने वाले कुछ दिनों में, कंपनियां पुराने दामों पर ही बढ़े हुए वज़न वाले नए पैकेट बाज़ार में ले आएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्नैक्स इंडस्ट्री में तो नए उत्पादन के साथ बढ़े हुए वज़न वाले पैकेट पहले से ही बनने शुरू हो गए हैं, क्योंकि इन उत्पादों के पैकेट में ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं पड़ती। मयंक शाह ने आगे कहा, दूसरी तरह के उत्पादों के लिए, पैकेट के साइज़ में कुछ बदलाव करने होंगे। उस पर काम चल रहा है और उसके बाद नया उत्पादन शुरू होगा। उन्होंने बिस्कुट के बारे में बताया कि उनके पैकेट का वज़न 11-12 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

## पानी की बोतलें भी होंगी सस्ती

देश की सबसे बड़ी पैक्ड पानी बनाने वाली कंपनी, बिसलेरी इंटरनेशनल के चीफ एग्जीक्यूटिव एंजेलो जॉर्ज ने कहा कि यह बस कुछ ही समय की बात है जब कंपनियां बढ़े हुए वज़न के साथ पुराने दामों पर वापस आ जाएंगी। उन्होंने कहा, अभी के दाम ग्राहकों के लिए सुविधाजनक नहीं हैं। यह भी बताया गया है कि जीएसटी दरें कम होने के बाद सभी कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम कम कर दिए थे। पार्ले का 5 वाला पार्ले-जी बिस्कुट का पैकेट 4.45 का हो गया था। भारत की सबसे बड़ी कन्फेक्शनरी कंपनी, मोंडेलेज़ ने भी अपने सभी उत्पादों के दाम बदले थे। जैसे, बॉर्नविटा 30 से 26.69 का हो गया था, ओरियो कुकीज़ 10 से 8.90 की हो गई थीं, और 20 वाले जेम्स और 5स्टार के पैकेट 17.8 के कर दिए गए थे। बिसलेरी ने भी 500 द्वद्य पानी की बोतल 10 से 9 की कर दी थी और एक लीटर वाली बोतल 20 से 18 की कर दी थी।

## किराना दुकानों का हाल

हालांकि, कई किराना दुकानों ने इन नए दामों को संभालने में थोड़ी मुश्किल दिखाई। कुछ दुकानों ने तो दाम को राउंड ऑफ कर दिया, यानी 4.45 की जगह 4 या 5 ले लिए। कुछ ने तो बदले में टॉफी या बिस्कुट जैसी छोटी चीजें दे दीं। लेकिन, जो लोग यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस  जैसे डिजिटल पेमेंट सिस्टम से भुगतान कर रहे थे, उनसे दुकानों ने सही दाम ही लिए। बड़े रिटेल चेन और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने भी अपने दाम अपडेट कर दिए थे।

# ज्वेलरी, केमिकल और एनर्जी सेक्टर...7 कंपनियों के आईपीओ को सेबी ने दी हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में कई कंपनियों के आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये कंपनियां ज्वेलरी से केमिकल और एनर्जी सेक्टर की हैं। ये कंपनियां- पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी, सुदीप फार्मा, रेजोन सोलर, शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज, सेफेक्स केमिकल्स, एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसीआईएल) हैं। आइए डिटेल में जान लेते हैं।

**पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी का आईपीओ–** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी ने 450 करोड़ के अपने नियोजित आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी प्राप्त कर ली है। इस आईपीओ में केवल एक नया इश्यू शामिल होगा। पुणे स्थित यह कंपनी पूरे महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में अपनी प्रीमियम हीरे और सोने की खुदरा उपस्थिति का विस्तार करना चाहती है। इसके अलावा, गुजरात स्थित सुदीप फार्मा को भी अपने आईपीओ के लिए नियामकीय मंजूरी मिल गई है। इस पेशकश में लगभग 95 करोड़ के नए शेयर जारी करने के साथ-साथ मौजूदा शेयरधारकों की बिक्री पेशकश भी शामिल है।




## लॉजिस्टिक्स फर्म को मंजूरी

दूसरी ओर, लॉजिस्टिक्स फर्म शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज, जिसे फ्लिपकार्ट और मिराए एसेट का समर्थन प्राप्त है, ने इस महीने की शुरुआत में सेबी को अपने प्री-आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। इसके अतिरिक्त, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड  भी शामिल है, जो पूरी तरह से बिक्री-प्रस्ताव जारी करने का इरादा रखती है। मुंबई स्थित और भारतीय स्टेट बैंक तथा आईडीबीआई बैंक द्वारा समर्थित इस कंपनी में मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे, जो कई वर्षों में भारत के संकटग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र का पहला आईपीओ हो सकता है।

## एनर्जी कंपनी का भी आ रहा आईपीओ

रेजोन सोलर ने अपने 1,500 करोड़ के आईपीओ के लिए सेबी से मंजूरी प्राप्त कर ली है, जिससे यह इस साल स्वच्छ ऊर्जा निर्माण क्षेत्र में सबसे बड़े आईपीओ में से एक बन गया है। नियामक ने बनयानट्री कैपिटल द्वारा समर्थित एक प्रमुख कृषि रसायन उत्पादक, सेफेक्स केमिकल्स इंडिया के लिए एक नए-सह-बिक्री-प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। गुरुग्राम की एक कंपनी, एग्कॉन इक्विप्मेंट्स इंटरनेशनल को 330 करोड़ के आईपीओ के लिए मंजूरी मिल गई है, जिसका उपयोग नई मशीनरी खरीदने और कर्ज कम करने के लिए किया जाएगा।

# सत्य नडेला को मिली रिकॉर्ड 849 करोड़ सैलरी, एआई ग्रोथ के बीच ऐतिहासिक उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला की कुल सैलरी 96.5 मिलियन डॉलर (करीब 849 करोड़) तक पहुंच गया। यह उनके अब तक के करियर का सबसे ऊंचा स्तर है। कंपनी ने इस वृद्धि का श्रेय कृत्रिम बुद्धिमत्ता  में अभूतपूर्व प्रगति को दिया है।

**प्रदर्शन-आधारित वेतन का रिकॉर्ड–** ब्लूमबर्ग के मुताबिक कंपनी के नए प्रॉक्सी फाइलिंग में बताया है कि नडेला का वेतन पिछले वर्ष के 79.1 मिलियन डॉलर से 22 प्रतिशत बढ़ा है। इसमें से लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा शेयरों के रूप में दिया गया है। उनका बेसिक



वेतन 2.5 मिलियन डॉलर है, जबकि करीब 9.5 मिलियन डॉलर नकद बोनस के रूप में मिला। माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक मंडल ने कहा कि नडेला के कुल पारिश्रमिक का 95 प्रतिशत हिस्सा परफॉर्मेंस-आधारित है, जो कंपनी के मुनाफे और शेयर रिटर्न से जुड़ा है।

माइक्रोसॉफ्ट की आय वर्ष 2025 में 15 प्रतिशत बढ़कर 281.7 बिलियन डॉलर पहुंच गई, जबकि शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 101.8 बिलियन डॉलर रहा। कंपनी के शेयर भी इस साल अब तक 23 प्रतिशत उछले हैं, जो स्ञ्चक्क500 इंडेक्स की 15 प्रतिशत बढ़त से अधिक है।

## नडेला का जीवन परिचय

हैदराबाद में जन्मे सत्य नडेला ने 1988 में मैंगलोर यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका जाकर यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिनङ्घमिलवॉकी से 1990 में कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स किया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सन माइक्रोसिस्टम्स से की, लेकिन 1992 में माइक्रोसॉफ्ट से जुड़ने के बाद उन्होंने  ऑपरेटिंग सिस्टम में योगदान दिया। धीरे-धीरे वे क्लाउड और सर्वर डिवीजन के प्रमुख बने और फिर 2014 में माइक्रोसॉफ्ट के तीसरे सीइओ बने। उनके नेतृत्व में माइक्रोसॉफ्ट ने न केवल अपनी खोई प्रतिस्पर्धा फिर पाई बल्कि दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में से एक बन गई। इस वर्ष उनकी आय का रिकॉर्ड यह दिखाता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता में निवेश ने कंपनी को नए युग में पहुंचा दिया है।

# स्विगी से मंगाया मटर मशरूम डिलीवर हुआ तंदूरी चिकन क्लासिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप शाकाहारी हैं। दिवाली के दिन आप किसी अच्छे रेस्टोरेंट का खाना मंगाना चाहते हैं। स्विगी से आर्डर भी प्लेस कर देते हैं। लेकिन आपको डिलीवरी ब्वॉय जो खाना डिलीवर किया वह शाकाहारी नहीं मांसाहारी हो, तो फिर क्या हो ऐसा ही कुछ कोलकाता में रहने वाले सुमित अग्रवाल के साथ हुआ। उन्होंने इस बावत लिंक्डइन पर एक पोस्ट लिखा है।

**पूरा परिवार हिल गया–** पश्चिम बंगाल के एक लिंक्डइन यूजर, सुमित अग्रवाल, ने दिवाली के मौके पर स्विगी से हुए एक ऑर्डर की गलती के बारे में बताया है। उसका कहना है कि स्विगी की यह गलती उनके परिवार को हिलाकर रख दिया। सुमित ने बताया है कि उन्होंने रंग दे बसंती ढाबा से मटर मशरूम ऑर्डर किया था। लेकिन, उन्हें तंदूरी चिकन क्लासिक डिलीवर हुआ। सुमित ने यह भी बताया कि उनका परिवार मारवाड़ी है और उन्होंने बताया कि इस घटना से उनके परिवार वालों पर क्या बीती।

**सिर्फ डिलीवरी की गलती नहीं–**




उन्होंने लिखा, यह सिर्फ एक डिलीवरी की गलती नहीं है। यह भावनात्मक आघात है। मेरी मां, जो शादी के बाद से शुद्ध शाकाहारी रही हैं, वे बुरी तरह हिल गईं। सोचिए, पूजा के बाद आप अपना खाना खोलें, एक शाकाहारी व्यंजन की उम्मीद कर रहे हों - और आपको मांस मिले। वह सदमा। वह अविश्वास। और उसके बाद की खामोशी। सुमित ने इस बात पर जोर दिया कि यह घटना इसलिए गंभीर है क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता। उन्होंने कहा, हममें से कई लोगों के लिए, खाना सिर्फ खाना नहीं है। यह आस्था, पवित्रता और परंपरा की अभिव्यक्ति है। यह वह तरीका है जिससे हम अपनी मान्यताओं का सम्मान करते हैं। मैं समझता हूँ कि गलतियाँ होती हैं। लेकिन कुछ गलतियाँ बहुत अलग तरह से चोट पहुँचाती हैं - क्योंकि वे भावनात्मक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार कर जाती हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं यह गुस्से में नहीं बता रहा हूं। मैं यह इसलिए बता रहा हूँ क्योंकि मुझे उम्मीद है कि स्विगी और रंग दे बसंती ढाबा इसे गंभीरता से लेंगे।

**भोजन बेहद व्यक्तिगत मामला–** सुमित ने इस घटना को भारत में खान-पान और आहार संबंधी परंपराओं के बड़े संदर्भ से भी जोड़ा। उनके अनुसार, ऐसी गलतियों का व्यक्तिगत स्तर पर गहरा असर पड़ता है, जिसके कई कारण हैं। उन्होंने समझाया, हम एक विविध देश में रहते हैं - जहाँ आस्था और भोजन बहुत व्यक्तिगत होते हैं, और उस विविधता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। समावेशिता  सिर्फ पहुंच  के बारे में नहीं है। यह सांस्कृतिक संवेदनशीलता  के बारे में भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसा किसी और परिवार के साथ न हो। उन्होंने कहा, क्योंकि कभी-कभी, जो आपकी प्लेट में परोसा जाता है, वह स्वाद से कहीं ज़्यादा चोट पहुंचा सकता है। यह सिर्फ़ खाने की बात नहीं है। यह आस्था और सम्मान की बात है।

## रेस्टोरेंट ने क्या जवाब दिया

इस पोस्ट पर ज़िंग रेस्टोरेंट्स  , जो रंग दे बसंती ढाबा का संचालन करती है, ने लिंक्डइन पर कमेंट सेक्शन में माफ़ी मांगी। उन्होंने कहा, हाय सुमित, हम आपके और आपके परिवार के अनुभव के लिए सचमुच माफ़ी चाहते हैं। हम समझते हैं कि यह सिर्फ़ एक गड़बड़ नहीं है; यह बहुत व्यक्तिगत है और इसमें भावनात्मक वजन है। उन्होंने आगे बताया कि ऑर्डर डिटेल्स चेक करने के बाद, उन्हें पता चला कि यह एक बैच ऑर्डर डिस्पैच का हिस्सा था। इसमें एक ही डिलीवरी एग्जीक्यूटिव दोनों ऑर्डर ले जा रहा था, और गलती एग्रीगेटर  के स्तर पर हुई थी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने स्विगी से संपर्क किया है ताकि भविष्य में ऐसी गलतियां न हों। उन्होंने सुमित और उनके परिवार से एक बार फिर माफ़ी मांगी और बताया कि उन्होंने सारी डिटेल्स के ज़रिए साझा कर दी हैं।

# 3 बार बोनस शेयर का तोहफा, नवरत्न कंपनी ने 1 लाख रुपये के बना दिए 1 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने 10 साल में ही अपने शेयरधारकों को मालामाल कर दिया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों ने पिछले 10 साल में 1 लाख रुपये के निवेश को 1 करोड़ रुपये से ज्यादा बना दिया है। कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने दस साल से थोड़े ज्यादा समय में अपने निवेशकों को 3 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है। नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड  के शेयर 31 जुलाई 2015 को 40.27 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 31 जुलाई 2015 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे कंपनी के 2480 शेयर मिलते। नवरत्न कंपनी ने साल 2015 से लेकर अब तक अपने शेयरधारकों को 3 बार बोनस शेयर का तोहफा दिया है।



# सामंथा ने कथित बॉयफ्रेंड राज के साथ मनाई दिवाली

**सामंथा रुथ प्रभु लाखों दिलों पर राज करती आ रही हैं। हाल ही में दिवाली के अवसर पर सामांथा ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए। सामांथा की इस पोस्ट ने इंटरनेट पर धूम मचा दी। भिनेत्री ने दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन सबका ध्यान खींचा उनके कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ उनकी तस्वीर ने।**

सामंथा रुथ प्रभु ने इस दिवाली पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन उनमें से एक तस्वीर अपने कथित प्रेमी राज निदिमोरु के साथ शेयर की है। जिससे यह साफ हो जाता है कि सामंथा ने दिवाली राज के साथ भी मनाई। सामंथा ने पोस्ट में लिखा, कृतज्ञता से भरी हुई। सामंथा और राज को एक साथ देखकर उनके फैंस बेहद खुश हैं। सामंथा के फैंस उनकी इन तस्वीरों पर कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन, एक और फैन ने लिखा, सैम...हैप्पी दिवाली, इस दिवाली....आपके जीवन की खूबसूरत रोशनी शुरू हो, एक और फैन ने लिखा, हर कोई खुश रहने का हकदार हैं, आर प्यार और शांति के हकदार हैं।

## सामंथा और राज

सामंथा और राज निदिमोरु के रिश्ते की खबरें अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन दोनों ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। राज का पहले श्यामाली डे से तलाक हो चुका है। सामंथा की भी पहले नागा चैतन्य से शादी हुई थी, जो 2021 में खत्म हो गई।

## सामंथा का वर्कफ्रंट

सामंथा, राज और डीके के साथ रक्त ब्रह्मांड- द ब्लडी किंगडम पर काम कर रही हैं। रक्त ब्रह्मांड- द ब्लडी किंगडम एक्शन-फैंटेसी वेब सीरी है। इसका निर्देशन राही अनिल बर्वे ने किया है। इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, अली फजल, वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह एक काल्पनिक साम्राज्य की कहानी पर आधारित है।



# अनीत पड्डा ने कियारा आडवाणी को किया रिप्लेस

मोहित सूरी की सैयारा से डेब्यू करने वालीं अनीत पड्डा की निकल पड़ी है। सैयारा ने अनीत पड्डा को रातोंरात स्टार बना दिया था और उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। अब तो एक्ट्रेस ने शक्ति शालिनी नाम की फिल्म में कियारा आडवाणी को भी रिप्लेस कर दिया है। थामा की रिलीज के साथ इसका टीजर भी रिलीज किया गया है। उन्हें शक्ति शालिनी का हिस्सा बताया गया है। यह देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। आखिरकार श्रद्धा कपूर और शरवरी वाघ के बाद मैडॉक फिल्म के रूाष्ट यूनिवर्स में एंट्री हो गई है। हाल ही ऐसी खबरें थीं कि अनीत पड्डा ने शक्ति शालिनी में कियारा आडवाणी की जगह ली है। यह श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की स्त्री 2 के बाद मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है, जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फैंस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे थे। अब शक्ति शालिनी का टीजर रिलीज हो चुका है और पता भी चल चुका है कि उसमें अनीत पड्डा हैं।

शक्ति शालिनी के टीजर को थिएटर्स में थामा की शुरुआत में दिखाया गया। टीजर में अनीत पड्डा को लीड स्टार के तौर पर इंट्रोड्यूस करवाया गया है। टीजर के साथ स्क्रीन पर लिखा आता है, रक्षक। विध्वंसक। सबकी मां। शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा। फिल्म 24 दिसंबर, 2026 को रिलीज होगी। इसे देख फैंस एक्साइटेड हो गए। एक ने



लिखा, दो क्वीन एक यूनिवर्स। वेलकम अनीत पड्डा। एक और ने लिखा, यह फिल्म एक एक्टर के रूप में अनीत की प्रतिभा को साबित करेगी। उन्होंने इसके लिए अपने हुनर पर वाकई कड़ी मेहनत की है। एक और ने लिखा, अब यह फिल्म अनीत की एक्टिंग क्षमता को साबित करेगी। सैयारा के बाद से उन पर बहुत दबाव है। देखते हैं कि वो इसे निभा पाती हैं या नहीं।

## थामा की कास्ट और रिस्पॉन्स

वहीं, थामा की बात करें, तो इसे दिनेश विजन ने प्रोड्यूस किया है और आदित्य सरपोतदार डायरेक्टर हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी हैं। फिल्म को पहले दिन ठीक ठाक रिस्पॉन्स मिला है।



# पति पत्नी और वो दो में इन तीन हसीनाओं से इश्क लड़ाएंगे आयुष्मान

आयुष्मान खुराना इन दिनों फिल्म थामा को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 21 अक्तूबर को रिलीज होने जा रही है। रोशनी के इस त्योहार पर आयुष्मान के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। उनकी अगली फिल्म का एलान हो गया है। नाम है- पति पत्नी और वो दो। यह फिल्म अगले साल होली पर दस्तक देगी। जानकारी के मुताबिक इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज करेंगे। इस फिल्म को भूषण कुमार, रेणु रवि चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि पति पत्नी और वो दो साल 2019 में आई पति पत्नी और वो का ही अगला भाग बताई जा रही है।







## नेटिजन्स ने जताया उत्साह

आयुष्मान खुराना की नई फिल्म पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, स्क्रिप्ट के मामले में आयुष्मान की पसंद सबसे अलग है। एक यूजर ने लिखा, आयुष्मान, सारा, वामिका और रकुल...कॉमेडी की कमी नहीं रहेगी। आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना भी अहम रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदर ने किया है।

# मी नो पॉज मी प्ले में लीड किरदार निभा रही हैं काम्या पंजाबी

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री और लंबे समय से टेलीविजन पर अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली काम्या पंजाबी ने अभिनय की नई मिसाल पेश करते हुए मेनोपॉज जैसे विषय पर बेस्ड एक ऐसी फिल्म मी नो पॉज मी प्ले में काम किया है, जिस तरह के विषय को बड़े पर्दे पर शायद ही कभी दिखाया गया हो। इतना ही नहीं, मेनोपॉज पर भारत की यह पहली हिंदी फीचर फिल्म भी है। इसी वजह से भारतीय सिनेमा के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए मी नो पॉज मी प्ले का पोस्टर भी वर्ल्ड मेनोपॉज डे पर ही जारी किया गया। मी नो पॉज मी प्ले महिला-केंद्रित कहानी कहने की दिशा में एक साहसिक कदम भी है।



# रश्मिका मंदाना ने दीपावली पर फैंस को दिया खास तोहफा

दीपावली के पावन अवसर पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपने फैंस के लिए एक खास सरप्राइज पेश किया है। सोमवार को रश्मिका ने अपनी आगामी फिल्म मायसा का पोस्टर शेयर किया।अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में रश्मिका हाथ में बन्दूक लिए दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसने फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। रश्मिका ने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, दीपावली के मौके पर छोटी-सी झलक...हम जल्द ही मायसा की एक खास झलक आपके साथ साझा करेंगे। और जानकारी जल्द मिलेगी। इस पोस्टर को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि मायसा एक महिला योद्धा की हिम्मत और जज्बे की प्रेरक कहानी होगी। यह फिल्म अनफॉर्मूला फिल्म्स के बैनर तले रिलीज होगी। वहीं, रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल, राम बजाज गोयल और सत्यराज एल्विस करीम प्रभाकर जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

थामा का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यूए सर्टिफिकेट मिल चुका है, जिसके साथ यह रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स में से एक, एशियन सुरेश एंटरटेनमेंट ने अपनी एक्स टाइमलाइन पर एक पोस्टर साझा कर इसकी रिलीज की जानकारी दी। रश्मिका की यह दोनों फिल्में उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह का केंद्र बनी हुई हैं।




# दिवाली के मौके पर सामने आई दुलकर सलमान की 'कांथा' की रिलीज डेट

दिवाली के खास मौके पर दुलकर सलमान की फिल्म कांथा की रिलीज मेकर्स ने साझा की है। साथ ही फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। यह फिल्म अगले महीने रिलीज होने जा रही है। जानिए, अगले महीने किस तारीख को फिल्म 'कांथा' सिनेमाघरों में पहुंचेगी। फिल्म 'कांथा' अगले महीने यानी नवंबर में 14 तारीख को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दुलकर सलमान लीड रोल में हैं। एक्स अकाउंट पर मेकर्स ने फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'दिवाली अब और भी धमाकेदार हो गई है। फिल्म 'कांथा' 14 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में धूम मचाएगी।' आगे मेकर्स फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं। फिल्म कांथा में दुलकर सलमान के अलावा समुथिरकानी लीड रोल में हैं, वह फिल्म में अय्या नाम का किरदार निभा रहे हैं। अय्या, दुलकर सलमान के किरदार के पिता हैं और एक जुनूनी फिल्ममेकर भी। अय्या एक हॉरर फिल्म बनाना चाहते हैं, जो साउथ की पहली हॉरर फिल्म बताई जाती है। फिल्म में 1950 का दशक दिखाया गया। जुनूनी फिल्ममेकर अय्या अपने बेटे (दुलकर सलमान) को बचपन से हीरो बनाने की तैयारी करता है। लेकिन आगे चलकर इस वजह से पिता और बेटे के रिश्ते में दूरी आती है, टकराव बढ़ता है। फिल्म पिता और बेटे के रिश्ते की कई परतें खोलती है। साथ ही यह फिल्म सिनेमा को लेकर कुछ लोगों के जुनून की बात भी करती है। 'कांथा' में हीरोइन के रोल में भाग्यश्री बोरसे हैं।

कांथा को राणा दग्गुबाती की स्पिरिट मीडिया और दुलकर की वेफेरर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज ने किया है, जो नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री द हंट फॉर वीरप्पन के लिए जाने जाते हैं।





# कृष 4 में विलेन का रोल करने पर रजत बेदी ने तोड़ी चुप्पी

**साल 2003 में 'कोई मिल गया' में ऋतिक रोशन के सामने मेन विलन के किरदार में एक्टर रजत बेदी नजर आए थे। अब खबरें हैं कि रजत वर्षों बाद 'कृष 4' में एक बार फिर वापसी करने वाले हैं और इस बार भी वो फिल्म के मुख्य खलनायक के रूप में नजर आ सकते हैं। इस बात को लेकर जब अभिनेता से पूछा गया तो उन्होंने क्या कुछ कहा, चलिए आपको बताते हैं।**

## अभिनेता ने कृष 4 पर क्या कहा?

हाल ही में स्क्रीन के साथ एक इंटरव्यू में जब रजत से उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जो जवाब दिया, उसे सुनकर फैंस के मन में एक उम्मीद जरूर जाग गई है। अभिनेता ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह खुद भी उम्मीद कर रहे हैं कि 'कृष 4' का हिस्सा बनें और अगर ऐसा हुआ, तो यह उनके करियर के लिए किसी बड़े पुनर्जन्म से कम नहीं होगा। रजत ने बताया कि उनके दिल में ऋतिक रोशन और राकेश रोशन के लिए बेहद सम्मान है और वह फिर से उनके साथ काम करने का मौका पाने के लिए दुआ कर रहे हैं।

## रजत ने ऋतिक की जमकर तारीफ की

उन्होंने ऋतिक रोशन की तारीफ करते हुए कहा कि आज ऋतिक सिर्फ एक स्टार नहीं, बल्कि एक आइकॉनिक इंसान हैं। रजत के शब्दों में, वो एक ऐसे एक्टर हैं जिनसे किसी की तुलना नहीं की जा सकती- परफॉर्मेंस, लुक्स और डांस, हर चीज में वो बेस्ट हैं। रजत के इस बयान के बाद ही लोगों ने यह मान लिया कि कहीं न कहीं, वह इस फिल्म से जुड़ चुके हैं।

## रजत ने ना हां कहा और ना मना किया

कृष 4 पर बात करते हुए रजत ने कहा, मैं तो दुआ कर रहा हूं कि ऐसा हो। अगर ऐसा कुछ हुआ, तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा। ऑडियंस मुझे और ऋतिक को दोबारा स्क्रीन पर साथ देखना चाहती है। मैं बस दुआ कर रहा हूं कि राकेश जी और ऋतिक के साथ काम करने का मौका मिले। मेरे दिल में उन दोनों के प्रति बहुत प्यार और सम्मान है।

## लंबे समय से एक्टिंग से थे दूर

अगर वाकई ऋतिक की फिल्म में रजत बेदी की वापसी होती है, तो यह नॉस्टैल्जिया का बड़ा पल होगा। रजत बेदी लंबे समय से फिल्मों से दूर रहे थे, लेकिन आर्यन खान की वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिए उन्होंने हाल ही में एक मजबूत कमबैक किया है। इस सीरीज में उनका काम काफी सराहा गया और दिलचस्प बात यह है कि शो में रजत की रियल लाइफ का ही रेफरेंस देखने को मिला जहां वर्षों से उन्हें कोई इंडस्ट्री में काम नहीं देता।

# इस दीपावली, ट्रॉफी, रोशनी और खुशियां सब घर में हैं

अभिनेता अर्जुन बिजलानी के लिए इस बार की दीपावली बहुत ही खास रही। इस बार उन्होंने रियलिटी शो राइज एंड फॉल की पहली ट्रॉफी अपने नाम की है।अर्जुन रोशनी के इस त्योहार को बहुत ही कृतज्ञता और खुशी के साथ मना रहे हैं। अभिनेता ने एक इंटरव्यू में कहा, इतने रोमांचक सफर के बाद अपने परिवार के साथ दीपावली मनाकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले कुछ महीने काफी तनावपूर्ण रहे हैं, लेकिन ऐसे पल इसे सार्थक बना देते हैं। अर्जुन का मानना है कि असली जश्न तब शुरू होता है जब वह अपने प्रियजनों के साथ होते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए दीपावली का मतलब है सबके साथ होने का अहसास। दीये जलाना, पूजा करना और नेहा व अयान के साथ समय बिताना, यही मेरे दिल को सचमुच भर देता है। दीपावली से कुछ दिन पहले राइज एंड फॉल की ट्रॉफी घर लाने के बाद अर्जुन ने दावा किया कि यह समय इससे बेहतर और क्या हो सकता था। उन्होंने कहा, शो जीतना तो हमेशा से ही मेरी सूची में था, लेकिन दीपावली के दौरान ट्रॉफी घर लाना, यह एक आशीर्वाद है।



# पर्थ में फ्लॉप रहे रोहित-कोहली




● बल्लेबाजी कोच ने इस तरह सपोर्ट किया

**एडिलेड, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन किया है, जिन्होंने पर्थ में खेले गए पहले वनडे मैच में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। कोटक का मानना है कि रो-को ने सीरीज के लिए पूरी तैयारी की थी, लेकिन मौसम ने खेल बिगाड़ दिया।

सितांशु कोटक के मुताबिक, पर्थ में मौसम की स्थिति बल्लेबाजों के लय हासिल करने में संघर्ष करने का एक प्रमुख कारण थी, जिसके कारण खिलाड़ियों को कई बार मैदान से बाहर जाना पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समापन के बाद पहली बार टीम इंडिया में वापसी की, लेकिन फैंस को निराश कर गए।

पर्थ में रोहित ने 14 गेंदों में 8 रन बनाए, जबकि विराट कोहली 8 गेंदों में खाता तक नहीं खोल सके। बारिश से प्रभावित इस मैच में भारत को डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। सितांशु कोटक ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, रोहित-कोहली काफी अनुभवी हैं। मुझे लगता है कि मौसम की वजह से ऐसा हुआ। अगर ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करने उतरता, तो भी स्थिति ऐसी ही होती। जब चार-पांच बार रुकावट आती है और हर दो ओवर में आप अंदर जाकर मैदान पर वापस आते हैं, तो यह आसान नहीं होता।

बल्लेबाजी कोच ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर कहा, ऑस्ट्रेलिया आने से पहले, उन्होंने पूरी तैयारी की थी। मुझे लगता है कि अभी उनके बारे में किसी तरह की राय बनाना जल्दबाजी होगी। उन्होंने अभी-अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। वे अभी भी आईपीएल खेल रहे हैं।

## पेरिस मास्टर्स

# पेरिस मास्टर्स में हिस्सा नहीं लेंगे नोवाक जोकोविच

● चोट बनी वजह? अगले सप्ताह होना है टूर्नामेंट

**पेरिस, एजेंसी।** जोकोविच इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। मई से लेकर सितंबर के अंतिम सप्ताह तक जोकोविक ने सिर्फ तीन ग्रैंडस्लैम में ही हिस्सा लिया था। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये इसकी जानकारी दी है। जोकोविज इससे पहले पैर में



चोट के कारण मैत्री टूर्नामेंट से भी हट गए थे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच इस सीजन लगातार नहीं खेल सके हैं। उन्होंने चार ग्रैंडस्लैम के अलावा सिर्फ आठ एटीपी टूर इवेंट में ही हिस्सा लिया है।

**इस सीजन चारों ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच**– 38 साल के जोकोविच इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। मई से लेकर सितंबर के अंतिम सप्ताह तक जोकोविक ने सिर्फ तीन ग्रैंडस्लैम में ही हिस्सा लिया था। हाल ही में शांघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल के दौरान उन्हें कुछ दिक्कत लगी थी। पिछले सप्ताह सऊदी अरब में सिक्स किंग्स स्लैम में उन्हें आमंत्रित किया गया था। ओपनिंग दौर में बाई मिलने के बाद जोकोविच यानिक सिनर से हार गए थे। तीसरे स्थान पर रहने के लिए उनका टेलर फ्रिट्ज से हुआ, लेकिन एक सेट के बाद ही उन्होंने मैच रोक दिया। जोकोविच एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने के बाद 2024 में इस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे। इस बार ये टूर्नामेंट नौ से 16 नवंबर तक इटली के तुरिन में होगा।

# सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेगा पाकिस्तान

## भारत उतारेगा दल; समरदीप पर नजरें

**रांची, एजेंसी।** रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में होने जा रही इस चैंपियनशिप में छह देशों के तकरीबन 300 एथलीट शिरकत करने जा रहे हैं। मेजबान भारत ने भी इस चैंपियनशिप के लिए अपने प्रमुख एथलीटों की बजाय युवा एथलीटों को मौका देने का फैसला लिया है। बीते एक वर्ष में दो बार स्थगित होने के बाद 24 अक्तूबर से रांची में आयोजित होने जा रही सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान भाग नहीं लेगा। पाकिस्तान ने इस चैंपियनशिप के लिए प्रवेश ही नहीं भेजा है। इससे पहले यह चैंपियनशिप दो बार पाकिस्तानी एथलीटों को वीजा नहीं दिए जाने के चलते स्थगित की गई थी। 26 अक्तूबर तक रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में होने जा रही इस चैंपियनशिप में छह देशों के तकरीबन 300 एथलीट



शिरकत करने जा रहे हैं। मेजबान भारत ने भी इस चैंपियनशिप के लिए अपने प्रमुख एथलीटों की बजाय युवा एथलीटों को मौका देने का फैसला लिया है।

90 भारतीय एथलीट भाग लेंगे

चैंपियनशिप का आकर्षण शॉटपुटर समरदीप सिंह गिल होंगे। गिल पिछले तीन टूर्नामेंट से एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तेजिंदर पाल सिंह तूर को हराते आ रहे हैं। उन्होंने अंतरराज्यीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में अगस्त माह में 19.82 मीटर गोला फेंका था। चैंपियनशिप में भारत के 90 के करीब एथलीटों के शिरकत करने की उम्मीद है। इनमें 400 मीटर में नीरू पाठक, डिस्कस थ्रो में किरपाल सिंह, 800 मीटर में लिली दास, 4 गुणा 400 मीटर रिले में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एमआर पूवम्मा, प्रिया मोहन, 4 गुणा 100 मीटर रिले में एमवी जिल्ना, पुरुष जेवलिन थ्रो में ऋषभ नेहरा, हिमांशु जैसे एथलीट शामिल हैं।

# एकबार फिर टीम इंडिया ने पाक कप्तान से नहीं मिलाया हाथ

## मैच में 81-26 से रौंदा!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई युवा खेलों में भारत की युवा कबड्डी टीम ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया. बहरीन में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 81-26 के विशाल अंतर से हरा दिया. इस मैच से पहले टॉस के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसने सबका ध्यान खींच लिया. भारतीय कप्तान ईशांत राठी ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ मिलाने से मना कर दिया.

### पाकिस्तान की करारी हार

टॉस के वक्त हुए इस 'नो हैंडशेक' मोमेंट के बावजूद, भारतीय टीम ने मैदान पर शानदार खेल दिखाया. शुरू से ही भारत ने मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा. पाकिस्तान की टीम भारतीय खिलाड़ियों की गति और रणनीति के आगे टिक ही नहीं पाई. इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को 83-19 और श्रीलंका को 89-16 से हार का स्वाद चखाया था. यानी टीम इंडिया अब तक टूर्नामेंट में अपराजित रही है और फाइनल की ओर मजबूती से बढ़ रही है.

### कबड्डी में भारत का एकछत्र राज

पहली बार है जब कबड्डी को एशियाई युवा खेलों का हिस्सा बनाया गया है. सात देशों की टीमें राउंड–रॉबिन प्रारूप में एक–दूसरे से भिड़ रही हैं. इस फॉर्मेट में जो टीमें शीर्ष पर रहेंगी, वे 23 अक्टूबर को होने वाले फाइनल मुकाबले में आमने–सामने होंगी. मौजूदा प्रदर्शन देखकर ऐसा लगता है कि भारत फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर चुका है.

### 'नो हैंडशेक' से उठे सवाल, लेकिन मिला देश का समर्थन

भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच हाथ न मिलाने का ट्रेंड अब बार-बार दिखने लगा है. कुछ महीने पहले एशिया कप क्रिकेट में भी सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम ने मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने का फैसला किया था. महिला टीम ने भी इसी साल विश्व कप के दौरान ऐसा ही किया था. भारत की ओर से यह रुख हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लिया गया है. इस हमले में 26 भारतीय मारे गए थे. कई खेल विश्लेषकों का मानना है कि यह 'नो हैंडशेक' पाकिस्तान के खिलाफ एक मूक विरोध है.



# दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के निशाने पर होंगे रोहित-कोहली

## कंगारूओं ने Ro-Ko के लिए बनाई योजना

**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भी जानते हैं कि रोहित–कोहली पर एडिलेड में रन बनाने का दबाव होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दोनों ही बल्लेबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम को दूसरे वनडे में घेरने के लिए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने साढ़े सात माह बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को निशाना बनाने की योजना बनाई है। पहले वनडे में फ्लॉप रहे दोनों



दिग्गजों के लिए एडिलेड का मैच महत्वपूर्ण होगा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भी जानते हैं कि दोनों पर एडिलेड में रन बनाने का दबाव होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दोनों ही बल्लेबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दोनों टीमों के बीच दूसरा वनडे गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे से खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की कोशिश इन दोनों को एक बार फिर सस्ते में आउट करते हुए भारतीय टीम पर दबाव बनाकर एडिलेड में ही सीरीज जीतने की होगी। वहीं, भारतीय टीम की कोशिश पर्थ में मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलिया पर पलटवार करने की होगी, लेकिन इसके लिए गुरुवार को होने वाले दूसरे वनडे में रोहित और विराट के बल्ले से रन निकलना अहम होगा। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट का कहना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम जब भारत के खिलाफ एडिलेड में उतरेगी तो उसकी कोशिश विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी का फायदा उठाने की होगी। पर्थ में भी मिचेल स्टार्क ने विराट को शून्य पर ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंद पर आउट किया था।

# पाकिस्तान की करारी हार, बोर्ड में मचा बवाल!




**लाहौर, एजेंसी।** विश्व कप में लगातार हार के बाद पाकिस्तानी महिला क्रिकेट टीम आलोचनाओं के घेरे में आ गई है। मंगलवार को कोलंबो में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 150 रनों से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। यह हार टीम के लिए केवल एक मैच नहीं, बल्कि आत्ममंथन का समय बन गई है।

### लगातार हार से डगमगाया आत्मविश्वास

पाकिस्तानी टीम अभी अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। अब तक टीम को बांग्लादेश, भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार मिली है, जबकि इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश के कारण अधूरे रहे। इस खराब प्रदर्शन ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बुरी तरह झकझोर दिया है।

### बल्लेबाजी पर सवाल, गेंदबाजों ने किया संघर्ष

जहां बल्लेबाजों ने उम्मीदें तोड़ीं, वहीं गेंदबाजों ने कई मौकों पर टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। जावेरिया ने कहा कि गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया, भारत और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला।

**घरेलू ढांचे की कमी, नई प्रतिभाएं नहीं मिल रहीं**– पूर्व तेज गेंदबाज और कोच कबीर खान ने टीम के कमजोर प्रदर्शन की जड़ में घरेलू क्रिकेट ढांचे की कमी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हमारे पास नई प्रतिभाएं नहीं आ रहीं क्योंकि हमारा घरेलू सिस्टम बहुत कमजोर है। हमें जूनियर स्तर से शुरुआत करनी होगी। पाकिस्तान में बहुत सी लड़कियां क्रिकेट खेलना चाहती हैं, लेकिन उन्हें मंच नहीं मिलता। कबीर का मानना है कि अगर पाकिस्तान को भविष्य में मजबूत महिला टीम बनानी है तो उसे घरेलू टूर्नामेंट्स और प्रशिक्षण सुविधाओं पर बड़ा निवेश करना होगा।

## पाकिस्तान भी वर्ल्ड कप से बाहर

# अब एक स्पॉट के लिए तीन टीमों में जंग, दिलचस्प हुआ सेमीफाइनल का समीकरण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में पाकिस्तानी टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें पूरी तरह ध्वस्त हो गई हैं. 21 अक्टूबर (मंगलवार) को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए मुकाबले में पाकिस्तन को साउथ अफ्रीका ने डीएलएस नियम के तहत 150 रनों से हरा दिया. बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तानी टीम को 20 ओवर्स में 234 रन बनाने थे, लेकिन वो सात विकेट पर 83 रन ही बना सकी. मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवरों में 9 विकेट पर 312 रन बनाए थे. साउथ अफ्रीका इस जीत के साथ ही अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गया. महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की टीम्स पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं. वहीं पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश अंतिम-चार की रेस से बाहर हो चुका है.

### न्यूज़ीलैंड को हराने पर मिलेगा सेमीफाइनल का टिकट

अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड को हरा देती है वो सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी क्योंकि उसके 6 अंक हो जाएंगे. भारत सेमीफाइन की रेस में शामिल तीन टीम्स में ऐसी अकेली ऐसी टीम होगी, जिसने तीन मैच जीते होंगे. लेकिन अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड से हारती है और वो बांग्लादेश को हराती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड को हराए, तभी भारत टॉप–4 में पहुंच पाएगा. अगर भारत अपने दोनों बचे मैच हारता है, तो उसका सफर यहीं खत्म हो जाएगा. न्यूजीलैंड के पांच मैचों से 4 अंक हैं और उसका नेट रनरेट –0.245 है. न्यूजीलैंड की टीम पांचवें नंबर पर है. अगर न्यूजीलैंड अपने दोनों मैच (बनाम भारत और इंग्लैंड) जीत लेता है, तो वह 8 अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा. अगर न्यूजीलैंड की टीम भारत को हराती है, लेकिन इंग्लैंड से हार मिलती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि बांग्लादेश की टीम भारत को हराए. साथ ही उसका नेट रन रेट श्रीलंका से बेहतर रहे या पाकिस्तानी टीम श्रीलंका को हरा दे.

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग:

# जसप्रीत बुमराह के लिए मुसीबत बना पाकिस्तान का 39 साल का गेंदबाज, नंबर 1 रैंकिंग पर खतरा




नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बादशाहत पर खतरा मंडराने लगा है. 39 साल के स्पिनर उनके काफी करीब पहुंच गया है. ये स्पिनर साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए ये मुकाम हासिल किया है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान के इस स्पिनर ने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी और 10 विकेट हासिल किए थे. आईसीसी टेस्ट बॉलिंग की रैंकिंग में ये गेंदबाज दूसरे स्थान पर पहुंच गया है.

**नुमान अली ने लगाई लंबी छलांग**– पाकिस्तान के स्टार स्पिनर नुमान अली ने आईसीसी टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. इस दौरान वो जसप्रीत बुमराह को कड़ी टक्कर दे रहे हैं.

# सचिन से 5000 ज्यादा मेरे रन...

## सबसे ज्यादा शतक भी मेरे होते, ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के बयान से सब हैरान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिस्टर क्रिकेट के नाम से मशहूर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज माइक (माइकल) हसी का एक बयान खूब वायरल हो रहा है. हसी ने कहा है कि अगर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में ज्यादा मौके मिले होते या सही समय पर उनका डेब्यू हुआ होता तो फिर वह भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से 5000 रन ज्यादा बना देते.

यू-ट्यूब चैनल पर माइक हसी ने कहा, मेरे टाइम पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में काफी प्रतिभा थी, जिस कारण मुझे देरी से मौका मिला. अगर मुझे सही समय पर मौका मिला होता तो यकीनन मैं सचिन तेंदुलकर से ज्यादा रन बना देता.

हसी ने आगे कहा, मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है. मैं सचिन से 5000 रन पीछे रह जाऊंगा, जो इस खेल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. सबसे ज्यादा जीत, सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा एशेज और सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप, हर चीज मेरे नाम. फिर बदकिस्मती से मैं सुबह उठता हूं तो यह सब सपना लगता है. फिर मैं सोचता हूं मुझे पहले मौका मिला होता तो ज्यादा अच्छा होता.

# एस-400 ने पाक को किया था पस्त, अब रूस से 10000 करोड़ की नई डील की तैयारी में भारत



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत और रूस के बीच एस-400 को लेकर जारी डील को और मजबूती देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए करीब 10,000 करोड़ मूल्य के एक बड़े शस्त्र पैकेज की खरीद को लेकर काम चल रहा है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि यह कदम वायु रक्षा क्षमता को और मजबूती देने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। इस संबंध में रूस के साथ बातचीत चल रही है।

सैन्य सूत्रों ने दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान भारतीय वायुसेना के एस-400 प्रणाली ने पाकिस्तान को परास्त करने में अहम भूमिका निभाई। उसी दौरान पाकिस्तान की 5-6 लड़ाकू विमान व एक जासूसी विमान को 300 किमी से अधिक दूरी पर ही मार गिराने में मदद मिली। अधिकारियों ने एस-400 को भारत की वायु रक्षा रणनीति में गेम चेंजर बताया है।

रक्षा मंत्रालय जल्द ही इस खरीद प्रस्ताव को मंजूरी के लिये डिफेंस अक्विजिशन काउंसिल की बैठक में पेश करने की संभावना रहेगी, जिसकी अगली बैठक 23 अक्तूबर को प्रस्तावित है। सूत्रों का कहना है कि जरूरतों के मद्देनजर मिसाइलों की खरीद बड़ी संख्या में की जाने की योजना है।

2018 में रूस के साथ हुए समझौते के तहत कुल 5 स्क्वाड्रन एस-400 प्राप्त करने पर सहमति बनी थीस जिनमें से तीन स्क्वाड्रन अब डिलीवर कर संचालित किए जा चुके हैं। चौथे स्क्वाड्रन की डिलीवरी रूस-युक्रेन युद्ध के प्रभाव से धीमी पड़ी थी। दोनों पक्षों के बीच आगे और एस-400 तथा उन्नत एस-500 प्रणालियों को शामिल करने पर भी विचार-विमर्श जारी है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना रूसी निर्मित बीयॉन्ड-विजुअल-रेंज एयर-टू-एयर मिसाइलों की खरीद तथा ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और उसके विविध वेरिएंटों को और मजबूत करने के विकल्पों को भी परख रही है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इन कदमों से भारत और मजबूत होगा। रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से अभी तक किसी खरीद अनुबंध की पुष्टि नहीं की है; हालांकि बातचीत और आवश्यक तकनीकी, वित्तीय पहलुओं पर दोनों पक्ष सक्रिय हैं। रक्षा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि सीमाओं पर बदलते खतरों और तकनीकी गतिशीलता को देखते हुए देश की वायु रक्षा प्रणालियों का विस्तार आवश्यक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में शख्स को 13 साल बाद कोर्ट से मिला इंसाफ, लिखावट के सैंपल से बेगुनाही साबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साकेत जिला अदालत ने 13 वर्ष पुराने चेक फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी रामदत्त शर्मा को धोखाधड़ी और जालसाजी के सभी आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत में पेश लिखावट के नमूनों की रिपोर्ट ने आरोपी की बेगुनाही को साबित कर दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरिदमन सिंह चीमा की अदालत ने कहा कि केवल शक या अनुमान के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपना मामला साबित करने में विफल रहा है। मामला सितंबर 2012 का है। एचडीएफसी बैंक की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि रामदत्त शर्मा ने अपनी नियोक्ता कंपनी (जिसमें वह कार्यरत थे) फर्स्ट सेलेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से मिले 6,326 के वेतन चेक में हेराफेरी कर 60,326 कर दिया। शिकायत के आधार पर लगभग छह महीने बाद मार्च 2013 में सरिता विहार थाने में पुलिस ने रामदत्त के खिलाफ मामला दर्ज किया। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस न तो चेक जारी करने वाली कंपनी के किसी अधिकारी को गवाह बना सकी, न ही बैंक में जमा पर्ची या लेनदेन का कोई ठोस प्रमाण पेश किया गया। वहीं, प्राथमिकी दर्ज करने में भी छह माह की देरी की गई। अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी को अपराधी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि मामले में न तो जालसाजी साबित हुई और न ही धोखाधड़ी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की लिखावट के नमूने लेकर उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा। अदालत में पेश एफएसएल रिपोर्ट ने मामले की कहानी को ही पलट कर रख दिया। रिपोर्ट में चेक पर मौजूद लिखावट और आरोपी की लिखावट में अंतर है। अदालत ने कहा कि जब वैज्ञानिक साक्ष्य ही मामले को खारिज कर रहे हों, तो दोष सिद्ध नहीं हो सकता।

### एनसीआर में तब्लीगी जमात का जलसा? एक लाख से अधिक लोगों की होगी भीड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नूंह में फिरोजपुर झिरका के बाद अब पुन्हाना उपमंडल के ग्राम तिरवाड़ा-नई में तीन दिवसीय तब्लीगी जलसा होगा। 25 से 27 अक्तूबर तक इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें मेवात सहित आसपास के इलाकों से एक लाख से ज्यादा लोगों के आने की उम्मीद है। खास बात यह है कि दिल्ली हजरत निजामुद्दीन से मौलाना साद इसमें शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन से मंजूरी के बाद आयोजन कमेटी इसकी तैयारियों में जुट गई है। मदरसा मुईनुल इस्लाम नूंह के शैखुल हदीस मुफ्ती जाहिद हुसैन का और जमीयत उलमा मुत्तहिदा पंजाब के महासचिव मौलाना यहया करीमी ने मुसलमानों से अपील की कि वे अल्लाह के रास्ते में निकलकर इज्तिमा (जलसा) में भाग लें। मौलाना करीमी ने कहा कि ऐसे इज्तिमात सिर्फ इबादत का जरिया नहीं हैं, बल्कि समाज में इस्लामी भाईचारा बढ़ाने और धार्मिक शिक्षा को आगे बढ़ाने का अवसर हैं। सभी लोग इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने ईमानी फर्ज़ को निभाएं। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि वे अपने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मेहनत करें और इज्तिमा के माध्यम से रूहानी शक्ति प्राप्त करें।

जलसा में वक्ताओं द्वारा नशा,साइबर ठगी,दहेज प्रथा और अन्य सामाजिक बुराइयों को रोकने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मौलाना यहया करीमी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में साइबर ठगी और नशे जैसी बुराइयों की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस इज्तिमा के माध्यम से हम युवाओं को मार्गदर्शन देंगे कि वे इन बुराइयों से दूर रहें। तीन दिनों तक मौलाना साद के बयान और मार्गदर्शन से हजारों लोग लाभान्वित होंगे और समाज में धार्मिक और नैतिक चेतना मजबूत होगी। जलसा से करीब 100 जमात निकली जाएंगी। लोगों में भाईचारा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश जाएगा। पुन्हाना के एसडीएम आदित्य ने बताया कि जलसा आयोजन कमेटी को सभी आवश्यक अनुमति दे दी गई है।

## फूलों की बारिश, चाय-पानी का इंतजाम; बिहार चुनाव से पहले खास होगी दिल्ली की छठ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि जितनी भव्य दिवाली रही उतनी ही दिव्य छठ पूजा होगी। छठ पूजा को लेकर की जा रही तैयारियों का ब्योरा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ना सिर्फ यमुना किनारे 17 मॉर्डन घाट बनाए जाएंगे बल्कि शहर में एक हजार से अधिक जगहों पर छठ पूजा का आयोजन होगा। रेखा गुप्ता ने कहा कि इन सभी जगहों पर सरकार पुष्प वर्षा से लेकर चाय-पानी तक का इंतजाम करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में छठ को लेकर किए जा रहे इंतजामों का ब्योरा दिया और कहा कि वर्षों से यमुना किनारे सरकार ने छठ पूजा बंद कर दी थी और अब उनकी सरकार ने प्रतिबंध को हटा दिया है। उन्होंने कहहा,हम सरकार की ओर से सभी व्यवस्थाएं देते हुए पल्ला से कालिंदी तक 17 जगहों पर यमुना नदी के किनारे मार्डन छठ घाट बनाए जा रहे हैं। शहर के अंदर छठ पूजा स्थलों की बहुत वृद्धि होने का अनुमान है। पिछली बार केवल 929 स्थानों पर छठ पूजा के कार्यक्रम हुए थे, इस बार 1000 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। बिहार और पूर्वी यूपी के लिए विशेष महत्व रखने वाले इस महापर्व को लेकर रेखा गुप्ता सरकार ने खास व्यवस्थाएं करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो 17 घाट यमुना के किनारे बनाए जाएंगे और अन्य 1000 से अधिक स्थलों पर पूजा होगी वहां टेंट, बिजली, स्वच्छता, शौचालय आदि की व्यवस्था सरकार करेगी। हर जिले में कम से कम एक मॉर्डन छठ घाट बनाए जाएंगे।

# जहरीली हवा में घुट रहा दिल्ली का दम, मंत्रियों के लिए लाखों के एयर प्यूरीफायर खरीद रही सरकार-आप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई है। आज बुधवार सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 335 (बहुत खराब) रहा। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार पर हमलावर होते हुए कहा- जहरीली हवा में दिल्ली के आम लोगों का दम घुट रहा है, लेकिन दिल्ली की भाजपा सरकार मंत्रियों के लिए महंगे एयर प्यूरीफायर खरीद रही है।

आम आदमी पार्टी ने अपने एक्स हेंडल से ट्वीट करते हुए भाजपा सरकार को घेरते हुए लिखा- दिल्ली में बीजेपी सरकार की बेशर्मी का नया नमूना। दरअसल आप ने एक तस्वीर शेयर की जिसमें दिल्ली सचिवालय के लिए 15 एयर प्यूरीफायर खरीदने का जिक्र है। इनकी कुल कीमत 545175 रुपये बताई गई है।

आप ने दिल्ली सरकार पर हमलावर होते हुए लिखा- जहरीली हवा में घुट रहा दिल्ली के आम लोगों का दम, लेकिन मंत्रियों के लिए महंगे हवा शोधक खरीद रही बीजेपी सरकार। एकहवा शोधक की कीमत- 36,345 रुपये है। लाखों रुपये सिर्फ मंत्रियों के लिए साफ हवा पर खर्च कर रही रेखा सरकार। आप ने दिल्ली सरकार पर मैनेजमेंट न कर पाने का भी आरोप लगाया है। आगे लिखा- जनता को सिर्फ खोखले वादे और मंत्रियों को दम घोंटू हवा से बचाने के लिए महंगेहवा शोधक यही है विपदा सरकार का।

### प्रदूषण पर संग्राम! बीजेपी के मंत्री ने केजरीवाल को बताया अनपढ़, पंजाब की पराली पर भड़के

नई दिल्ली, एजेंसी। ल्ली की जहरीली हवा और पंजाब की पराली जलाने की समस्या ने अब सियासी रंग ले लिया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला और उन्हें अनपढ़ करार दे दिया। यह तंज आप नेता सौरभ भारद्वाज के उस ट्वीट के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने पंजाब की पराली को दिल्ली की हवा खराब करने का जिम्मेदार ठहराने वाले भाजपा के दावों का मजाक उड़ाया था।

### सौरभ का तंज, सिरसा का पलटवार

सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में तंज कसते हुए कहा कि पंजाब का एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 156 है, जबकि दिल्ली की हवा लगातार खराब हो रही है। उन्होंने भाजपा के इस दावे को खारिज किया कि पंजाब में पराली जलाने से दिल्ली की हवा जहरीली हो रही है। इस पर सिरसा भड़क गए और उन्होंने केजरीवाल को निशाने पर लिया। सिरसा ने कहा, केजरीवाल खुद अनपढ़ हैं। उनके पुराने वीडियो देखिए, जहां वो पंजाब की पराली जलाने और उसके प्रदूषण के दिल्ली पहुंचने की पूरी जानकारी देते थे। अगर उनकी अपनी पार्टी के नेता अनपढ़ हैं, तो मैं क्या कर सकता हूं? सिरसा यहीं नहीं रुके, उन्होंने आप पर पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए मजबूर करने का गंभीर आरोप भी लगाया।

### आपने किसानों को बनाया मोहरा

सिरसा ने दावा किया कि आप की नीतियों ने पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए उकसाया है। उन्होंने कुछ वीडियो दिखाए, जिनमें कथित तौर पर पंजाब में पराली जलती दिख रही थी। सिरसा ने कहा, किसान पराली जलाना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आप ने किसानों को चेहरा छिपाकर पराली जलाने के लिए कहा, ताकि इसका असर दिल्ली की हवा पर पड़े। उन्होंने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आप सुप्रीमो ने 10 साल तक दिल्ली के ष्टरूरहते हुए पंजाब के किसानों को बदनाम किया। दिल्ली की हवा का हाल बद से बदतर होता जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। आरके पुरम में एक्यूआई 380, आनंद विहार में 355, अशोक विहार में 355, बवाना में 376, द्वारका सेक्टर 8 में 353, आइटीओ में 362 और नेहरू नगर में 394 रहा। चांदनी चौक में एक्यूआई 332 और अक्षरधाम के पास 360 रहा, जो दोनों ही बेहद खराब श्रेणी में आते हैं।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को राहत

**बोगोटा , एजेंसी।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को रिश्वतखोरी और गवाहों से छेड़छाड़ के मामले में बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को अपील अदालत ने उनकी 12 साल की नजरबंदी (हाउस अरेस्ट) की सजा को रद्द कर दिया। उरीबे (73) पर आरोप था कि उन्होंने उन गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी, जिन्होंने 1990 के दशक में उनके अर्धसैनिक संगठनों से कथित संबंधों को लेकर बयान दिए थे। लेकिन अदालत ने कहा कि फैसले में संरचनात्मक कमियां थीं, आधार स्पष्ट नहीं थे और सबूतों का पूरा विश्लेषण नहीं किया गया था। न जजों की बेंच में से दो ने सजा रद्द करने के पक्ष में मतदान किया, जबकि एक ने सजा को बरकरार रखने की बात कही।

### उरीबे ने क्या कहा?

पूर्व राष्ट्रपति उरीबे ने शुरू से ही अपने ऊपर लगे आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई करने वाली जज उनके खिलाफ पक्षपाती थीं। उनके वकीलों ने अपील में कहा कि उरीबे की भूमिका को स्पष्ट रूप से साबित नहीं किया जा सका। इस फैसले के खिलाफ अभियोजन पक्ष और पीड़ित सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। अगर कानूनी रूप से अनुमति मिली, तो उरीबे अगले साल होने वाले सीनेट चुनाव में फिर से उम्मीदवार बन सकते हैं। पहले दिए गए फैसले में उन पर 8 साल तक कोई भी सार्वजनिक पद नहीं संभालने का प्रतिबंध था।

## दूसरी दुनिया से आई महिला, दिखाया ऐसा पासपोर्ट जिसका नाम दुनिया के किसी भी नक्शे पर मौजूद नहीं, लोगों के उड़े होश!




**वाशिंगटन, एजेंसी।** विज्ञान फिक्शन फिल्मों की तरह क्या यह संभव है कि हमारी ही तरह एक और समानांतर दुनिया कहीं मौजूद हो? यह सवाल तब तेज़ी से उठा जब एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जो अमेरिका के एक एयरपोर्ट पर उतरी और उसने अधिकारियों को एक ऐसे देश का पासपोर्ट दिखाया जिसका नाम दुनिया के किसी भी नक्शे पर मौजूद नहीं है। यह कहानी इस वक्त चर्चा में है कि क्या वाकई यह महिला किसी दूसरी दुनिया से आई थी या फिर यह सिर्फ एक गहरा कन्फ्यूजन था।

अमेरिका के जॉन एफ कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस महिला का वीडियो सामने आया। महिला ने आव्रजन अधिकारियों को जो पासपोर्ट दिखाया उसमें देश का नाम टोरेंजा लिखा हुआ था। अधिकारियों का सिर तब घूम गया जब किसी भी नक्शे या आधिकारिक रिकॉर्ड में इस देश का नाम नहीं मिला। महिला ने समझाया कि टोरेंजा काकेशस इलाके में स्थित है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह थी कि पासपोर्ट में लगे बायोमेट्रिक चिप्स और होलोग्राम जैसी तकनीकी जानकारियां पूरी तरह सही थीं। यह रहस्यमय वीडियो तेज़ी से वायरल हुआ जिसने कई लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या समानांतर दुनिया का अस्तित्व सच है। जब इस वीडियो से जुड़े तथ्य की जांच की गई तो पता चला कि न तो टोरेंजा नाम का कोई देश है और न ही यह महिला किसी दूसरी दुनिया से आई थी। यह पूरा वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके बनाया गया था जो वास्तविक दृश्य उत्पन्न करने की क्षमता रखता है।

### 1954 की घटना से जुड़ी है कहानी

यह वायरल वीडियो असल में कई साल पहले टोक्यो जापान में हुई एक असली घटना से प्रेरणा लेता है जब लोग पहली बार पैरलल यूनिवर्स के नाम पर बुरी तरह से भ्रमित हुए थे। साल 1954 में जापान की राजधानी टोक्यो में एक शख्स टॉरड नाम के देश का पासपोर्ट लेकर आया था। उस शख्स ने जोर देकर कहा था कि उसका देश वहीं मौजूद है जहां आज अंडोरा देश स्थित है। अधिकारियों को उसकी बात पर यकीन नहीं आया और यह घटना आज भी एक अनसुलझा रहस्य बनी हुई है। इस तरह आज का वायरल वीडियो उसी पुरानी घटना को,द्ध की मदद से दोहराकर लोगों के बीच समानांतर दुनिया का भ्रम पैदा करने की एक कोशिश थी।

## मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता साफ, भगोड़े हीरा कारोबारी को बेल्जियम की कोर्ट से लगा झटका



**बेल्जियम , एजेंसी।** भगोड़े हीरा कारोबारी और पीएनबी घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। बेल्जियम की कोर्ट ने चोकसी को भारत को प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चोकसी की प्रत्यर्पण प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई कानूनी बाधा नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया से कोई आपत्ति नहीं है।

**चोकसी के प्रत्यर्पण को कोर्ट ने बताया सही :** बेल्जियम की कोर्ट ने अप्रैल में मेहुल चोकसी की गिरफ्तार को सही ठहराया था। अब कोर्ट ने कहा कि चोकसी बेल्जियम का नागरिक नहीं है, बल्कि वह विदेशी नागरिक है। उसपर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं। यही कारण है चोकसी के प्रत्यर्पण को सही माना जा सकता है। बता दें कि भारत की ओर से मेहुल चोकसी पर लगे आरोप बेल्जियम में भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। मेहुल चोकसी पर भारतीय दंड संहिता की धाराएं 120बी, 201, 409, 420 और 477ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं।

## बांग्लादेश आईसीटी ने मानवता को शर्मसार करने वाले 15 सैन्य अधिकारियों को भेजा जेल

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ( ने बुधवार को 15 सेवारत सैन्य अधिकारियों को सैन्य हिरासत से अदालत में पेश होने के बाद जेल भेज दिया। इन सैन्य अधिकारियों पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के दौरान लोगों को गायब करने, हत्या करने और हिरासत में यातना देने का आरोप है। विशेष न्यायाधिकरण द्वारा 11 अक्टूबर को मानवता के विरुद्ध कथित अपराधों के मुकदमे के लिए इन 15 अधिकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था, जिसके बाद बांग्लादेश सेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने कार्यवाही के बाद संवाददाताओं को बताया, न्यायाधिकरण ने लोगों को गायब करने, हत्या और हिरासत में यातना दिये जाने के संबंध में आज (बुधवार को) पेश किए गए 15 सैन्य अधिकारियों को जेल भेजने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि न्यायाधिकरण ने किसी की भी जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं की। इस्लाम ने कहा कि जमानत याचिकाओं के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया है और अधिकारी पांच नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई से पहले औपचारिक अर्जी दायर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति एम. गुलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने 'फरार पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें अदालत में पेश करने का भी आदेश दिया।

# अमेरिका के व्योमिंग में स्टेट कैपिटल बिल्डिंग में मिला संदिग्ध विस्फोटक

### खाली कराई गई पूरी इमारत



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के व्योमिंग राज्य की स्टेट कैपिटल (विधानसभा) में संदिग्ध विस्फोटक मिलने के बाद इमारत को खाली करा लिया गया। जिस समय विस्फोटक बरामद हुआ, उस समय व्योमिंग के गवर्नर मार्क गॉर्डन भी स्टेट कैपिटल में मौजूद थे और विस्फोटक मिलने की जानकारी मिलते ही गवर्नर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सुरक्षित इमारत से निकाल लिया गया।

**स्टेट कैपिटल में ही है गवर्नर का कार्यालय:** व्योमिंग कैपिटल में राज्य गवर्नर का कार्यालय भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को इमारत के सामने एक संदिग्ध विस्फोटक मिला और वह उसे इमारत के अंदर ले आया। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की है। कैपिटल की सुरक्षा करने वाले व्योमिंग हाईवे पेट्रोल के एक बयान के अनुसार, इमारत की सीढ़ियों और सड़क के बीच स्टेट सील पर उपकरण मिलने के बाद परिसर की ड्रोन और बम-सूंघने वाले कुत्तों की मदद से तलाशी ली गई। इसके बाद इमारत को खाली कराया गया।

**स्टेट कैपिटल के आस-पास की सड़कों को बंद किया गया:** व्योमिंग हाईवे पेट्रोल के प्रवक्ता आरोन ब्राउन ने बताया कि अधिकारियों ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या मिला, सिवाय इसके कि यह संदिग्ध विस्फोटक घर में बना हुआ है और यह सैन्य गोला-बारूद जैसा है। ब्राउन ने कहा, यह असली है या नहीं, जानकारी नहीं है लेकिन हमारी सबसे बड़ी चिंता जनता की सुरक्षा है। पुलिस ने आस-पास की सड़कों को यातायात के लिए बंद कर दिया था, लेकिन शाम तक उन्हें फिर से खोल दिया गया। व्योमिंग कैपिटल में गवर्नर, राज्य सचिव, राज्य लेखा परीक्षक, राज्य लोक शिक्षण अधीक्षक और अटॉर्नी जनरल के मुख्य कार्यालयों के साथ ही राज्य सभा और सीनेट कक्ष स्थित हैं। 1890 में बने व्योमिंग राज्य की स्टेट कैपिटल की इमारत तीन साल के नवीनीकरण के बाद 2019 में फिर से खुली थी।

# बीएसएल की ओर विस्थापित युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा










## प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र अपने परिधीय क्षेत्रों के स्थानीय एवं विस्थापित समुदायों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत महेन्द्रा एजुकेशन प्रा. लि. के साथ किए गए समझौते के अंतर्गत बोकारो के आसपास के क्षेत्रों के 300 युवाओं को बैंक, एसएससी, रेलवे सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं प्रतिष्ठित निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्ति हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर रहा है. अब तक इस कार्यक्रम के तहत तीन बैचों का संचालन प्रारंभ हो चुका है, जिनमें परिधीय क्षेत्रों के कुल100 विद्यार्थी शामिल हैं. इनमें 24 महिला अभ्यर्थियों की सहभागिता इस पहल को और भी सशक्त बना रही है. आने वाले समय में और भी नए बैच प्रारंभ किए जाने हैं। यह कोचिंग पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें छह माह की अवधि में पाठ्यक्रम पूरा कराया जा रहा है. सप्ताह में छह दिन ऑफलाइन या ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं. साथ ही,छात्रों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री, वाई-फाई सुविधा से युक्त आधुनिक अध्ययन कक्ष, नियमित मॉक टेस्ट तथा मेंटॉरशिप सपोर्ट जैसी सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं. बीएसएल का यह प्रयास विस्थापित युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जो उन्हें जीवन में स्थिरता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की दिशा में अग्रसर करने में सहायक है. गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों के युवा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे. यह पहल उन युवाओं के लिए आशा की नई किरण है,जो अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के लिए प्रयासरत हैं. बोकारो इस्पात संयंत्र सदैव अपने आसपास के समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहा है, और यह पहल उसकी सामाजिक प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है. नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य विवरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी बीएसएल के सीएसआर विभाग अथवा महेन्द्रा एजुकेशन प्रा. लि. की स्थानीय शाखा से संपर्क कर सकते हैं.










# छठ पर्व की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने बेरमो के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्रके हिन्दुस्तान पुल छठ घाट एवं करगली फिल्टर छठ घाटका बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झाने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि छठ पर्व नेम-निष्ठा, स्वच्छता और पवित्रता का प्रतीक है, तथा प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को इस पर्व के दौरान सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण उपलब्धकराया जाए।



### स्थायी छठ घाट निर्माण का दिया निर्देश

उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) एवं बीडीओ/सीओको निर्देश दिया कि दोनों प्रमुख घाटों पर स्थायी छठ घाट निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयारकर जिला को भेजें। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष छठ पर्व से पूर्व घाट का स्थायी निर्माण कार्य सुनिश्चितकिया जाए, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को दीर्घकालीन सुविधा प्राप्त हो।

### साफ-सफाई, सुरक्षा और सजावट पर दिया विशेष बल

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सजावट की पूरी तैयारीकी जाए। उन्होंने कहा कि वॉलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, पुल व घाट क्षेत्र की रोशनी और सजावट तथा सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्थासुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

### आपकी भक्ति एवं श्रद्धा में हमारी आस्था है...

निरीक्षण के दौरान उपायुक्तने कहा कि छठ पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक आस्था और सांस्कृतिक एकताका प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आपकी भक्ति एवं श्रद्धा में हमारी आस्था है।प्रशासन पूर्ण निष्ठा के साथ यह सुनिश्चित करेगा कि श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित और पवित्र वातावरण में व्रत एवं पूजा-अर्चनासंपन्न कर सकें।

### जन सहयोग से बनेगा छठ पर्व भव्य और सफल

उपायुक्त ने स्थानीय पब्लिक सेक्टर यूनिट एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, पूजा समितियोंसे अपील की कि वे छठ पर्व की तैयारी में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयास से ही छठ पर्व को भव्य, सुरक्षित और व्यवस्थितरूप दिया जा सकता है।

### संबंधित वॉलिंटियर्स को देंगे परिचय पत्र

उपायुक्तने सभी पीएसयू - छठ पूजा समितियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्ति वॉलिंटियर्स को परिचय पत्रदेने का निर्देश दिया। वहीं, तेनुघाट डैम प्रमंडलपदाधिकारियों के साथ एसडीओ बेरमोको पानी छोड़ने वाले बिंदु पर बैठक करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ, बीडीओ बेरमो श्री मुकेश कुमार, सीओ बेरमो संजीत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीसीएल करगली - ढ़ोरी के प्रतिनिधि समेत विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधिउपस्थित थे।

# मैथिल काली मंदिर में मां काली की पूजा संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर 2 स्थित मैथिल काली मंदिर में मॉ श्यामा की पूजा अर्चना की गयी।प्रसिद्ध मैथिली काली मंदिर में माँ त्रिपुरसुंदरी पंचभग्नी दक्षिण कालि विराजमान हैं, जो मैथिलों की कुल देवी हैं एवं इनकी पुजा उपाध्याय पद्धति से तंत्र-मंत्र दोनो से होता है। पूजा में आए मुख्य अतिथि सांसद मुल्ला महतो ने कहा कि आदिशक्ति के बिना संसार नहीं चल सकता। उन्होंने माता मंदिर में सहयोग करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के ई. डी (वर्क्स) विपीन कुमार सिंह ने कहा कि धर्म एवं आस्था लोगों को आपस में जोड्ती है। माँ काली गर्भ गृह की पूजा में मुख्य रूप से शामिल आचार्य एवं पंडितों में अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा,पंडित राधेश्याम झा'वौअ', पंडित चंचल झा, डॉ बाल शेखर झा, डॉ रंजीत झा,पंडित गोविन्द झा,आचार्य गौरीशंकर झा, तिवारीजी एवं अन्य थे। सबसे आकर्षण का केन्द्र मिथिला की महिलाओं के द्वारा बनाया गया छप्पन भोग माता को दिया जाता है, जिसके लिए महिलाएँ सुबह से ही लगी रहती हैं। ट्रस्टी संस्थापक सदस्य बोकारो के प्रसिद्ध साहित्यकार बुद्धिनाथ झा ने कहा कि यहाँ हमारी कुल देवी की पूजा पिछले 40-45 वर्षो से नियमित होती आ रही है।आकर्षण का केन्द्र यहाँ कुंवारी कन्याओं का श्रृंगार एवं पुजा प्रसिद्ध है।इन्हें मनोकामना पूर्ण काली माँ कहा जाता है।यहाँ दूर दूर से भक्तगण पूजा में शामिल होते हैं। समस्त मैथिल समाज के सहयोग एवं समर्पण से पूजा होती आ रही है।



# कांग्रेस ने चलाया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से बुधवार को राष्ट्रव्यापी आंदोलन, वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा और जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सत्ता के दुरुपयोग और जनता की आवाज को कुचलने की कोशिश करने वाली ताकतों को कांग्रेस कार्यकर्ता लोकशक्ति के बल पर जवाब देगा। धनबाद कांग्रेस प्रभारी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि झारखंड के प्रत्येक जिले में एक लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देशभर में एकत्रित सभी हस्ताक्षर युक्त पोस्टर बाद में राष्ट्रपति को सौंपे जाएंगे, ताकि जनता की आवाज सर्वोच्च स्तर तक पहुंचे।



## धनबाद में डिवाइडर से टकराई कार, दो दोस्तों की मौत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजरा मोड़ के समीप मंगलवार की देर रात दर्दनाक हादसा हुआ है। जिसमें रहमत गंज के दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में जा रही एक कार अचानक अपना संतुलन खो बैठी और डिवाइडर से टकराने के बाद एक पेड़ से जा लड़ी। कार इतनी तेज गति में थी कि पेड़ से टकराने के बावजूद कार वहां नहीं रुकी, बल्कि कई बार पलटते हुए कार दूसरी लेन में जा पहुंची।

# छठ पूजा की तैयारी तेज, डीसी और एसएसपी ने किया घाटों का निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा अब बस कुछ ही दिनों दूर है। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन और एसएसपी प्रभात कुमार ने शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, सुरक्षा तथा प्रकाश व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।डीसी और एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान राजेंद्र सरोवर तालाब का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निवर्तमान पार्षदों ने राजेंद्र सरोवर में बोट की व्यवस्था की मांग भी उपायुक्त के समक्ष रखी, जिस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि घाटों की सफाई का कार्य 15 दिन पहले से शुरू कर दिया गया था, जो अब लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में सभी घाटों की सफाई और लाइटिंग का काम पूरी तरह संपन्न कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन तालाबों में पानी अधिक गहरा है, वहां बैरिकेडिंग की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही प्रशासन ने एक्सपर्ट गोताखोरों की सूची तैयार कर ली है। जिन्हें छठ के दौरान सभी प्रमुख घाटों पर तैनात किया जाएगा। वहीं एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जिले के सभी मुख्य छठ घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल, सेफ्टी बोट और गोताखोरों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि छठ के दौरान श्रद्धालु अपने घरों से घाटों पर अर्घ्य देने जाते हैं, इसलिए पुलिस द्वारा उनके घरों की सुरक्षा की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन का संयुक्त लक्ष्य है कि छठ पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो और किसी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बता दें कि लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा 25 अक्टूबर (शनिवार) को नहाय-खाय से शुरू होगा। 26 को खड़ना, 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य और 28 अक्टूबर को प्रातः अर्घ्य के साथ पर्व संपन्न होगा। प्रशासन ने इस दौरान घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और रोशनी की विशेष व्यवस्था करने का भरोसा दिया है।



# रख-रखाव कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

### प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्रभावी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीटीपीएस चंद्रपुरा नियंत्रण कक्षसे प्राप्त सूचना के अनुसार 23 अक्टूबर (बुधवार) को प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक डी.वी.सी. (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) द्वारा पावर मेंटेनेंस कार्यकिया जाएगा। इस अवधि के दौरान रखरखाव कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति बाधितरहेगी, जिसके कारण निम्नलिखित क्षेत्रों की 33 केवी विद्युत आपूर्तिप्रभावित होगीः- पी.एस.एस. चास, फुधनीडीह एवं जैना पी.एस.एस. विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त अवधि के दौरान आवश्यक सावधानी बरतें एवं सहयोग प्रदान करें। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र सामान्यकर दी जाएगी।

## सफलतापूर्वक किया गया गर्भाशय का ऑपरेशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के सदर अस्पताल में डॉ. संजीव कुमार प्रसाद, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा आज 50 वर्षीय मिनहाज बीबी, पति नसीम खान, निवासी हुसैनाबाद, थाना जपला, जिला पलामू का बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इस संबंध में डॉ संजीव कुमार ने बताया कि मरीज पिछले एक वर्ष से बच्चेदानी बाहर आने की समस्या से अत्यंत परेशान थीं। उन्हें पेशाब करने में कठिनाई होती थी और कई जगह से उपचार की सलाह भी ली थी। सदर अस्पताल में बेहतर रुप से निःशुल्क ऑपरेशन की जानकारी मिलने के बाद अंततः वह अपने कलाली बगान में रहने वाले दामाद के सुझाव पर सदर अस्पताल पहुँचीं और डॉ. संजीव कुमार से परामर्श लिया। जाँच के उपरांत उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई तथा 22 अक्टूबर 2025 को उनका ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑपरेशन टीम में निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार सिंह, ओटी असिस्टेंट श्री मदुसूदन मरांडी तथा स्टाफ नर्स सिंस्टर क्रिस्टीना क्लेप्सन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। डॉ संजीव ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संपूर्ण रूप से सामान्य है और वे स्वास्थ्य लाभ की अवस्था में हैं।

# बीएसएल प्रबंधन ठेका कर्मियों की छंटनी बंद करे : कुमार अमित

## प्लांट में दुर्घटना सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर इडी वर्क्स के साथ बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो स्टील प्लांट के नामित निदेशक प्रभारी सह अधिशासी निदेशक (वर्क्स) प्रियरंजन से मिलकर कर्मचारियों की विभिन्न माँगों से अवगत कराया। कुमार अमित ने प्रियरंजन को ज्ञापन देकर आगामी दिनों में प्लांट के 6000 ठेका कर्मचारियों की होने वाली छँटनी को बंद करने की माँग की। श्री अमित ने कहा कि प्रबंधन के इस नीति से इन 6000 कर्मचारी बेरोजगार हो जाएगें और इन परिवारों के समक्ष रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा। मौन पावर कम होने से कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ेगा एवं दुर्घटनाओं में और तेजी आएगी। कुमार अमित ने प्लांट में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करने हुए इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी बात कही। भाजपा नेता ने कहा कि प्लांट के सेफ़्टी ऑडिट और मेंटेनेंस में हो रही कोताही के कारण लगातार ये दुर्घटनाएं हो रही है। प्रबंधन को प्लांट में विगत एक वर्षों के दौरान हुई दुर्घटनाओं की स्वतंत्र एजेंसी से जाँच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इसके अलावे कुमार अमित ने प्रभारी निदेशक से ठेका कर्मचारियों से ठेकेदारों के द्वारा वसूली जा रही कट मनी को समाप्त करने के लिए बनायी गयी कमिटी के द्वारा प्राप्त मामलों में की गई कार्रवाई की मासिक समीक्षा कर उसे सार्वजनिक करने, प्लांट के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण हेतु गम्भीर प्रयास करने, प्लांट के जर्जर सड़कों की मरम्मत करने, विभिन्न विभागों में जारी अनियमितताओं पर कार्रवाई करने आदि की माँग की। अधिशासी निदेशक ने इन विषयों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए हुए बीएसएल प्रबंधन को सहयोग करने की अपील भी की। इस बैठक में धनन्जय चौबे, करण गोरांई, चन्द्रप्रकाश, जन्मजय गोस्वामी, राहुल सिंह, लालबाबू एवं नितेश चौधरी आदि भी उपस्थित थे।



# नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं एसबीआई द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा बुधवार को नूतनडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शहरी क्षेत्र से दूर रहने वाले बच्चों, युवाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता से जोड़ना था। इस शिविर में लोगों के लिए फिजियोथेरेपी ऑक्युपेशनल थैरेपी क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा परामर्श समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।इस पहल के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के लोगों को निःशुल्क इलाज और परामर्श दिया गया। अब धनबाद के लोगों को इलाज के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी — सारी सेवाएँ धनबाद में ही उपलब्ध होंगी।इस शिविर में कई वरिष्ठ शिक्षकों, थैरेपिस्टों और हमारे सेवा भागीदार इंडियन थेरेपी सेंटर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और बच्चे शामिल हुए और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं थैरेपी सेवाओं का लाभ मिला। इस कार्यक्रम के माध्यम से धनबाद में स्वास्थ्य और जागरूकता की एक नई लहर आई है। यह पहल विशेष रूप से मध्यमवर्ग और गरीब परिवारों के लिए राहत लेकर आई है।




स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com